Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

**हैरी ब्रुक ने उतारा ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का भूत, इंग्लैंड ने चौथे वन डे में बुरी तरह रौंदा**

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार युवाओं को दे रही है स्किल प्रशिक्षण**

कृष्ण पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 29 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 290 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹70,950 | ₹95,000 |



## आज का इतिहास

- 2013 : राजकोट, गुजरात, भारत में भारी बारिश का अनुभव होता है जिससे 100 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति होती है।
- 1959 : भारत की आरती शाह तैरकर इंग्लिश चैनल पार करने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।

## न्यूज बाइट्स

### डेंगू बुखार के लिए 'डेंगीआल' टीके का परीक्षण शुरू

**नई दिल्ली (ए.)।** राष्ट्रीय राजधानी के डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में शनिवार को डेंगू बुखार से बचाव के लिए 'डेंगीआल' टीके का मानव परीक्षण शुरू किया गया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और पैनेशिया बायोटेक के सहयोग से विकसित डेंगीआल टीके का यह तीसरा परीक्षण 'मानव परीक्षण' देशभर में 19 स्थानों पर किया रहा है। दिल्ली में एकमात्र डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल का चयन किया गया है। परीक्षण के लिए देशभर में 10 हजार 335 स्वस्थ व्यक्तियों का चयन किया गया है। इन सभी को डेंगू का टीका दिया जायेगा। प्रत्येक केंद्र पर 545 व्यक्ति हैं।

### बिहार में भारी बारिश, कई नदियां उफान पर

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में पिछले 48 घंटे से विभिन्न नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र में हो रही लगातार वर्षा पश्चिम चम्पारण जिला समेत कई निचले इलाकों में लोगों के लिए अब आफत बनती जा रही है। राज्य में बाढ़ को लेकर रेड अलर्ट है। जहां नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र से गंडक नदी में छह लाख 86 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है वहीं पहाड़ी नदियां भी उफान पर है। वाल्मिकी टाइगर रिजर्व क्षेत्र से होकर गुजरने वाली कई पहाड़ी नदियां विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। पानी छोड़े जाने के बाद बिहार में प्रलय के से हालात बन गए हैं।

### लैंड फॉर जॉब पर बीजेपी-राजद के नेता भिड़े

**पटना (नि.सं.)।** लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। इसमें दावा किया गया है कि मुख्य साजिशकर्ता लालू प्रसाद यादव थे। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष यादव और तेजप्रताप यादव को पेशी से राहत देने से इनकार कर दिया गया है। 18 सितंबर को इस मामले में ईडी की ओर से जारी पूरक आरोप पत्र पर सुनवाई करते हुए आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव सहित आठ लोगों को 7 अक्टूबर को अदालत में पेश होने का समन जारी किया गया था। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने लालू परिवार पर निशाना साधा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की हाईलेवल मीटिंग, कहा- लोगों को नहीं होनी चाहिए परेशानी

# जमीन सर्वे के लिए डॉक्यूमेंट जमा करने का समय बढ़ाएं : सीएम

निज संवाददाता | पटना



बिहार में लैंड सर्वे को लेकर जारी विरोध के बीच सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना में हाईलेवल मीटिंग की। बैठक में मुख्यमंत्री ने डॉक्यूमेंट जमा करने के लिए और समय देने का निर्देश दिया है। सीएम ने कहा है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य को समय पर पूरा किया जाए। इस दौरान रैयतधारी को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भू-धारकों को डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने के लिए अधिक समय दिया जाए, ताकि कार्यालयों में अनावश्यक भीड़ नहीं हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंचल कार्यालयों में लंबित म्यूटेशन और परिमार्जन के मामलों का तेजी से अभियान चलाकर निष्पादन किया जाए, ताकि भू धारकों को समुचित कागजात मिल सके।

सर्वे कार्य के लिए डॉक्यूमेंट्स का काम और म्यूटेशन, परिमार्जन एवं अभिलेखों के दुरुस्त करने का कार्य समानांतर तरीके से चलते रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सर्वेक्षण का प्रचार-प्रचार किया जाए। साथ ही अंचल स्तर पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उच्च स्तर पर सर्वेक्षण कार्य की निगरानी एवं समीक्षा करते रहें।

सीएम ने कहा कि भूमि विवाद की वजह से आपराधिक घटनाएं हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भू सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर भू-अभिलेखों का रिकार्ड बनाए। यह सुनिश्चित करें कि सारे भू-अभिलेख डिजिटली भू-धारकों को उपलब्ध हो सके।

समीक्षा के दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की प्रक्रिया स्टेप वार तरीके से चलाई जा रही है। विशेष सर्वेक्षण संबंधित जन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। शिविर लगाकर सर्वे कार्य से संबंधित लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

बिहार में जमीन सर्वे के लिए 5 करोड़ खतियान पर काम चल रहा है। इसे लेकर हर भूस्वामी की कोई न कोई परेशानी है। कोई कागजों में उलझा है तो किसी को सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। ऐसी ही समस्या के समाधान का दावा करते हुए भूमि एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने 24 सितंबर को आनन-फानन में टोल फ्री नंबर जारी कर दिया। लेकिन इसके बाद भी लोगों की मुश्किलें आसान नहीं हुईं। टोल फ्री नंबर पर बात करना भी बड़ी चुनौती बन गई है।

छपरा का रहने वाला था परिवार

# बिहार के रहले वाले व्यक्ति ने दिल्ली में चार दिव्यांग बेटियों संग की खुदकुशी

निज संवाददाता | पटना



दिल्ली के वसंत कुंज के रंगपुरी गांव में एक ही परिवार के 5 लोगों ने सुसाइड कर लिया। मरने वालों में पिता और 4 बेटियां हैं। सभी की लाश सड़ चुकी थी। कमरे से बदबू आ रही थी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10:18 बजे पड़ोसियों से सूचना मिली थी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर फ्लैट का दरवाजा तोड़ा और शवों को बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि सभी ने जहर खाकर जान दी है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन माना जा रहा है कि बेटियों के दिव्यांग होने के कारण परिवार ने खुद को खत्म कर लिया। मृतकों की पहचान 50 साल के हीरालाल और उनकी चार बेटियां नीतू (18), निशि (15), नीरू (10) और निधि (8) के तौर पर हुई। परिवार बिहार के छपरा के मशरख का रहने वाला है। पड़ोसी रतन ने बताया कि केयरटेकर ने फोन करके उनके बारे में पूछा था। उसने मुझे घर के आसपास से आ रही बदबू के बारे में बताया। मैंने उन्हें 2-3 दिनों से नहीं देखा था। बच्चे कभी घर से बाहर नहीं निकलते थे। जानकारी मिलते ही मकान मालिक और पुलिस को बुलाया। पुलिस ने घर का दरवाजा खोला। घर में 5 शव पड़े थे। 15-25 साल की उम्र की 4 बेटियां थीं। चारों शारीरिक रूप से दिव्यांग थी। हमने उन्हें बहुत कम ही घर से बाहर देखा। मां की मौत बीमारी से हो गई थी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर से जबरदस्त बदबू आ रही थी। पुलिस टीम अंदर गई तो पहले कमरे के बिस्तर पर हीरालाल का शव पड़ा था। दूसरे कमरे में चारों बेटियों के शव पड़े थे। पुलिस ने दिल्ली में रहने वाले हीरालाल के बड़े भाई जोगिंदर को घटना की सूचना दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिवार ने सल्फास खाकर खुदकुशी की है। हालांकि, पुलिस को अभी तक सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन बेटियों की दिव्यांगता को इस घटना की वजह माना जा रहा है।

### दिव्यांग थी चारों बेटियां

चारों लड़कियां दिव्यांग थी और चलने-फिरने में असमर्थ थीं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों बच्चियां बिस्तर पर ही रहती थीं। हीरालाल सुबह खाना आदि कराकर जाते थे। जब तक वो घर नहीं लौटते तब तक बच्चियां भूखी प्यासी रहती थीं। हीरालाल काम से घर लौटने पर बच्चियों की देखभाल में लग जाते थे। आसपास के लोगों ने बताया कि हो सकता है कि दिनभर नौकरी और रात को बच्चियों की देखभाल करने से वह धीरे-धीरे डिप्रेशन में आ गए होंगे और आखिर में इस घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद से आसपास के लोग सहमे हुए हैं। पत्नी की कैंसर से पहले ही मौत हो चुकी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हीरालाल परिवार के साथ रंगपुरी गांव में किराए के मकान में रहते थे। हीरालाल वसंत कुंज स्थित एक अस्पताल में कारपेंटर के तौर पर काम करते थे। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को हीरालाल के फ्लैट से बदबू आनी शुरू हुई। इस पर सड़क की दूसरी तरफ स्थित मकान में रहने वाले शख्स ने पुलिस को फोन कर यह जानकारी दी।

## शिक्षकों-कर्मियों को दुर्गापूजा से पहले मिलेगा सितंबर तक का पूरा बकाया

**पटना (नि.सं.)।** त्योहारों के इस मौसम में बिहार के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त अध्यापकों और कर्मियों के लिए एक अच्छी खबर आई है। शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के लिए 2650 करोड़ 17 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की है, जिससे शिक्षकों और कर्मचारियों को उनकी बकाया वेतन और पेंशन का भुगतान जल्द किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह राशि सोमवार तक संबंधित विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के लिए वेतन-पेंशन मद में जारी कर दी जाएगी। इसका मतलब है कि सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को इस महीने के अंत तक अपने बकाया वेतन और पेंशन का भुगतान मिल जाएगा, जिससे वे त्योहारों की खुशियों का सही आनंद ले सकेंगे।

## बिहार में 25.9 फीसदी लोग तंबाकू सेवन कर रहे, इसे शून्य करना है : मंगल पांडेय

- **स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में 25.9 प्रतिशत लोग तंबाकू का सेवन कर रहे हैं, जो कुछ वर्ष पूर्व 50.5 प्रतिशत था। उन्होंने तंबाकू मुक्त युवा अभियान का दूसरा चरण शुरू किया।**



निज संवाददाता | पटना

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाडेय ने कहा है कि बिहार में अब भी 25.9 प्रतिशत लोग तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक यह संख्या 50.5 प्रतिशत थी। बिहार में तंबाकू सेवन करनेवालों की संख्या शून्य करने का लक्ष्य है। शुक्रवार को वे राज्य स्वास्थ्य समिति के सभागार में तंबाकू नियंत्रण पर राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 60 दिनों के राज्य में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे 2021 के अनुसार बिहार में 13 से 15 वर्ष के 7.3 प्रतिशत बच्चे तंबाकू का सेवन करते हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिशत 8.5 है। सबसे अधिक दुष्प्रभाव स्कूली बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है। 90 प्रतिशत मुंह के कैसर का कारण तंबाकू सेवन है। कुल कैंसर रोगियों में 40 प्रतिशत तंबाकू सेवन वाले हैं। उन्होंने कहा कि 2018 में मैंने भी बीमारी की डर से तंबाकू का सेवन छोड़ दिया था। मौके पर सीड्स के कार्यपालक निदेशक दीपक मिश्रा, प्रशासी पदाधिकारी राजेश कुमार, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अमिताभ कुमार सिन्हा, वरीय तकनीकी सलाहकार डॉ. अमित यादव आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी। जब स्वास्थ्य मंत्री बोले-मैं मंगल पांडेय...तो कार्यक्रम में शामिल कई अधिकारी भी दोहराने लगे... मैं मंगल पांडेय...। हालांकि, दूसरी बार में अहसास होते ही सबने अपना नाम लेकर शपथ ली।

## बरौनी-मुजफ्फरपुर फोरलेन 2025 से बनना होगा शुरू

निज संवाददाता | बेगूसराय




बेगूसराय से होकर गुजरने वाली बरौनी-मुजफ्फरपुर एनएच-122 फोरलेन निर्माण को लेकर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) और एलाइनमेंट फाइनल हो चुका है। यह योजना कई सालों से लंबित थी। इसका सबसे ज्यादा फायदा बेगूसराय को होगा। एनएचएआई की ओर से मुख्यालय को तीन हजार करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य करने का प्राक्कलन तैयार कर भेजा गया था। इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। अब एनएचएआई टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने में जुट गया है। इस 110 किलोमीटर लंबे फोरलेन को पूरा करने का लक्ष्य दो वर्ष का रखा गया है।

एनएचएआई सूत्रों ने बताया कि 2025 से काम शुरू होने की संभावना है। 2027 में इसे पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित करने की बात चल रही है। संभावना है कि अंतिम रूप से इसी पर निर्णय लिया जाएगा। इस मार्ग में भूमि अधिग्रहण की विशेष समस्या नहीं है, क्योंकि पूर्व से विभाग की अपनी पर्याप्त जमीन एनएच में है। बेगूसराय एवं समस्तीपुर जिला में अधिग्रहण या अतिक्रमण की कोई विशेष समस्या नहीं है।

मुजफ्फरपुर में दिघरा के समीप आंशिक रूप से अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए भी प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा चुका है। जहां कुछ जगहों पर अतिक्रमण की समस्या है, इसे जिला प्रशासन और पुलिस की मदद से दूर किया जाएगा। एनएच-28 के इस बरौनी-मुजफ्फरपुर खंड को फोरलेन बनाने की कवायद करीब आठ वर्षों से चल रही थी। पिछले वर्ष जब इसका नंबर बदल कर एनएच-122 कर दिया गया था। तभी से अनुमान लगाया जा रहा था कि जल्द ही फोरलेन बनाने की कवायद शुरू होने वाली है। इसके बाद अब डीपीआर तैयार होने की जानकारी से लोगों में खुशी है।

विभागीय सूत्र बताते हैं कि जल्द ही टेंडर फाइनल कर एजेंसी का चयन कर लिया जाएगा। इस फोरलेन का निर्माण बरौनी जीरोमाइल दिनकर प्रतिमा से मुजफ्फरपुर के रामदयालु ओवरब्रिज के पूरब और कच्ची पक्की चौक से पहले तक किया जाएगा। इसमें अभी ओवरब्रिज को शामिल नहीं किया गया है।

## केनरा बैंक के लॉकर से 250 ग्राम के गहने गायब

**गया (नि.स.)।** गया में केनरा बैंक के लॉकर से करीब 250 ग्राम गहने गायब हो गए है। पीड़िता का आरोप है कि उसके लॉकर से बैंक कर्मियों ने ही गहने निकाल लिए हैं। इस मामले में एएसपी से शिकायत की गई है। इसके बाद एसएसपी ने जांच के आदेश दिए है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बैंक मैनेजर रविन्द्र सिंह से शनिवार शाम करीब 5 बजे फोन पर बातचीत हुई। इसमें उन्होंने कहा कि अब शाम हो गई है। सोमवार को ही कुछ बता सकूंगा। लेकिन, जब उनसे कहा गया कि सोमवार तक तो बहुत देर हो जाएगी। इस पर उन्होंने कहा कि ऐसे भी हम कुछ भी बताने को ऑथराइज्ड नहीं है। यह कहते हुए उन्होंने फोन काट दिया। पीड़िता वंदना सिंह का कहना है कि उसने साल 2017 में जिला स्कूल रोड स्थित केनरा बैंक के मेन ब्रांच में लाकर खुलवाया था। उसमें अपने सारे गहने रख दिए थे।

## सीएम हेमंत सोरेन ने निर्माणाधीन फ्लाई ओवर का किया निरीक्षण



निज संवाददाता | रांची

डोरंडा स्थित जैप वन के शौर्य सभागार में नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद वापस निकले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डोरंडा इलाके मेकॉन चौक के पास निर्माणाधीन फ्लाई ओवर जायजा लेने पहुंच गए। वे खुद सर में हेलमेट पहन निर्माण कार्य का पूरा जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी थे। मौके पर उन्होंने खुद घूम-घूम कर कार्य के प्रगति की जांच की। इस दौरान वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से कई जानकारियां ली। वहीं कार्य को लेकर कई निर्देश भी दिए।

## बिहार में दर्दनाक हादसा, ट्रेन के इंजन से कटकर तीन महिलाओं की मौत, परिजनों में मातम का माहौल

निज संवाददाता | दरभंगा



दरभंगा जिले से में इलेक्ट्रिक लाइन पर ट्रायल के दौरान ट्रेन के इंजन से कटकर तीन महिलाओं की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा काकरघाटी-शीशो नई रेल लाइन पर गोपालपुर गांव के पास हुई है। तीनों महिलाएं रेलवे ट्रैक पर शौच करने के लिए बैठी हुई थीं, तभी अचानक इंजन आया और वे उसकी चपेट में आई गईं। तीनों महिलाएं गोपालपुर गांव की रहने वालीं थीं और आपस में रिश्तेदार (गोतनी) थीं।

वहीं, इस घटना को लेकर जीआरपी थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि मृतकाओं में गोपालपुर निवासी ब्रह्मदेव पासवान के पुत्र रामबाबू की पत्नी बबीता, श्याम बाबू की पत्नी ममता और राम लगन उर्फ रामू की पत्नी देवकी शामिल हैं। इस घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया है। इसके साथ ही परिजनों को भी इसकी सूचना दी गई। उसके बाद लोगों ने हादसे की सूचना सदर थाने की पुलिस को दी।

दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे सदर थानाध्यक्ष अमृत कुमार साह ने कहा कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। मुखिया राजकुमार दास ने भी रेल इंजन से कटकर एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत होने की पुष्टि की है। बताया गया कि इस रेल लाइन पर रेलवे के वरीय अधिकारियों ने विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया था। इसमें मिली गड़बड़ियों को मोटर वैगन से दुरुस्त किया गया। अधिकारियों के निरीक्षण के बाद इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रायल शुरू हुआ।

## चार सीट पर नवंबर में होगा उपचुनाव

निज संवाददाता | पटना



बिहार में विधानसभा की चार सीटें लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद खाली हुई है। बेलागंज विधानसभा की सीट सुरेन्द्र यादव की वजह से खाली हुई है। वे जहानाबाद से सांसद चुने गए हैं। रामगढ़ की सीट सुधाकर सिंह की वजह से खाली हुई है। वे बक्सर से सांसद चुने गए हैं। तरारी की सीट सुदामा प्रसाद के आरा के सांसद चुने जाने के बाद खाली हुई है। इमामगंज की सीट जीतन राम मांझी के गया से सांसद चुने जाने खाली हुई है। इन चार सीटों पर विधान सभा उपचुनाव होना है। उम्मीद है झारखंड चुनाव के साथ नवंबर महीने में बिहार में उपचुनाव होगा। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी इमामगंज से विधायक थे। वे अब गया से सांसद और केन्द्र में मंत्री हैं। उनके पुत्र संतोष सुमन एमएलसी और बिहार सरकार में मंत्री हैं। ये सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। विधान सभा चुनाव 2020 में यहां हम पार्टी के जीतन राम मांझी की टक्कर आरजेडी के वरिष्ठ नेता उदय नारायण चौधरी से हुई थी। जीतन राम मांझी को 78,762 वोट मिले थे। उदय नारायण चौधरी को 62,728 वोट। एलजेपी की कुमारी शोभा को 14,197 वोट मिले थे। इस बार इस सीट से हम पार्टी किसी कार्यकर्ता को यहां से टिकट देगी या जीतन राम मांझी अपने परिवार से किसी को टिकट देंगे। इस पर सभी की नजर है। पार्टी के कार्यकर्ता और परिवार के लोग दोनों जोर लगाए हुए हैं।

आदिगाम इलाके में चल रही मुठभेड़, इलाके में और आतंकियों के छिपे होने की आशंका, ऑपरेशन जारी

# कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर, चार सुरक्षाकर्मी घायल

एजेंसी | श्रीनगर (जम्मू कश्मीर)



कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में शनिवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दोपहर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। इलाके में दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका थी। सेना के 3 जवान और कुलगाम के एएसपी घायल हुए हैं। चारों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है। कश्मीर जोन पुलिस ने शनिवार की सुबह 7:05 बजे एक्स पर पोस्ट के जरिए मुठभेड़ की जानकारी दी। बताया कि पुलिस और सेना ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत आदिगाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। कुलगाम मुठभेड़ में घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए श्रीनगर के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एएसपी मुमताज अली भट्टी, सिपाही सोहन कुमार, सिपाही योगिंदर और मोहम्मद इसरान शामिल हैं।

पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के 6 सहयोगी गिरफ्तार दूसरी तरफ, पुलिस ने शुक्रवार, 27 सितंबर को पुलवामा के अवंतीपोरा में टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया। पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के 6 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। ये युवाओं को आतंकवाद की ट्रेनिंग देते थे। इनके पास से 5 आईईडी, 30 डेटोनेटर, आईईडी की 17 बैटरी, 2 पिस्टल, 3 मैगजीन, 25 राउंड, 4 हैंड ग्रेनेड और 20 हजार कैश बरामद हुआ है। दूसरी तरफ, पुलिस ने शुक्रवार, 27 सितंबर को पुलवामा के अवंतीपोरा में टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया। पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के 6 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया।

## विश्वस्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

एजेंसी | नालंदा

राजगीर के राजकीय खेल अकादमी-सह-खेल परिसर में 11 से 20 नवंबर 2024 तक एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी (महिला)-2024 का आयोजन होने जा रहा है। इसका आयोजन बिहार की धरती पर पहली बार होगा। जिसको लेकर तैयारियां चल रही है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को नालंदा जिलाधिकारी शशांक शुभांकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने हॉकी इंडिया टीम के उच्च स्तरीय पदाधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विधि व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि टूर्नामेंट का सुचारू और सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके। बता दें कि इस निरीक्षण में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। यह सामूहिक प्रयास दर्शाता है कि राज्य सरकार इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन को कितनी गंभीरता से ले रही है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वावधान में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट न केवल राज्य में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा बल्कि बिहार को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी स्थापित करेगा।

### छह प्रमुख देशों की टीम लेगी हिस्सा

बता दें कि इस प्रतियोगिता में एशिया के छह प्रमुख देशों - भारत, चीन, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड की टीमें भाग लेंगी। यह आयोजन न केवल बिहार के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि यह राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के आयोजन का एक अनूठा अवसर है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

# बिहार में पहली बार विश्वस्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

## एशिया की 6 देशों की टीम लेगी हिस्सा, डीएम-एसपी ने किया स्थल निरीक्षण

निज संवाददाता। नालंदा



राजगीर के राजकीय खेल अकादमी-सह-खेल परिसर में 11 से 20 नवंबर 2024 तक एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी (महिला)-2024 का आयोजन होने जा रहा है। इसका आयोजन बिहार की धरती पर पहली बार होगा। जिसको लेकर तैयारियां चल रही है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को नालंदा जिलाधिकारी शशांक शुभांकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने हॉकी इंडिया टीम के उच्च स्तरीय पदाधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

**अंतरराष्ट्रीय आयोजन को गंभीरता से ले रही राज्य सरकारः** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विधि व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि टूर्नामेंट का सुचारू और सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके। बता दें कि इस निरीक्षण में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। यह सामूहिक प्रयास दर्शाता है कि राज्य सरकार इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन को कितनी गंभीरता से ले रही है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वावधान में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट न केवल राज्य में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा बल्कि बिहार को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी स्थापित करेगा। यह आयोजन राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**छह प्रमुख देशों की टीम लेगी हिस्साः** बता दें कि इस प्रतियोगिता में एशिया के छह प्रमुख देशों - भारत, चीन, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड की टीमें भाग लेंगी। यह आयोजन न केवल बिहार के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि यह राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के आयोजन का एक अनूठा अवसर है।

# गया में बदमाशों ने अंडा दुकानदार को मारा चाकू

निज संवाददाता। गया



गया में फूटे अंडे को लेकर विवाद हुआ। इसमें बदमाशों ने अंडा दुकानदार सगे भाई को चाकू मार कर जख्मी कर दिया। दोनों भाई घायल हो गए। दोनों को सरकारी अस्पताल जय प्रकाश नारायण में भर्ती कराया गया है। घटना बीती रात जिले के बेला थाना क्षेत्र के बेल्हाड़ी गांव की है। जानलेवा हमला करने वाले दोनों बदमाश फरार बताए जा रहे हैं। इस मामले में बेलागंज थाने के प्रभारी थानेदार व प्रशिक्षु एसडीपीओ सदानन्द कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है। आरोपी की अरेस्टिंग के लिए कार्रवाई की जा रही है।

**दुकान पर पहुंचे थे बदमाशः** अस्पताल में भर्ती अंडा दुकानदार हैप्पी कुमार और वैपी कुमार ने बताया कि बीती रात कुछ बदमाश प्रवृत्ति के लड़के आए। एक ट्रे अंडा खरीद कर ले गए। करीब 20 मिनट बाद वे लौटे और कहने लगे कि जो अंडा दिया था। उसमें से एक अंडा फूटा हुआ निकला है। इस पर उन्हें कहा गया कि अंडा तो आप चुन चुन कर ले गए थे, फिर कैसे निकल गया। इस बात पर बहस होने लगी, तो हमने कहा कि आप एक अंडा लेकर चले जाइए। इस बात पर वह और भड़क गया और चाकू निकाल कर हम दोनों भाइयों पर हमला बोल दिया। हमले में दोनों भाई जख्मी हो गए। दोनों भाइयों को किसी तरह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेला में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद गया जय प्रकाश नारायण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष सदानंद कुमार ने बताया कि प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना में शामिल बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि चाकू मारने वाला बदमाश बाइक चोरी मामले में भी कई बार जेल भी जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### 5 लोगों के मर्डर मामले में 15 दोषी करार



**नालंदा।** नालंदा में 5 लोगों की हत्या मामले में बिहारशरीफ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। ADJ अखौरी अभिषेक सहाय की अदालत ने 15 आरोपियों को दोषी करार दिया है। 2021 में जमीनी विवाद में एक ही परिवार के 5 लोगों का मर्डर हुआ था। जिसमें 3 साल बाद फैसला सुनाया गया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को हत्या, मारपीट, गंभीर रूप से घायल करने और सशस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया है। दोषियों में भोला यादव, राम कुमार यादव, अशोक यादव, श्यामदेव यादव, कृष्णा यादव, अवधेश यादव, लालू यादव, गुड्डी यादव, छोटी यादव, नीतीश यादव, इंदू यादव, महेन्द्र यादव, विनोद यादव और चिंता देवी शामिल हैं। इसके अलावा, दो नाबालिग है। जिसका मामला अलग से चिल्ड्रन कोर्ट में विचाराधीन है। नालंदा के लोदीपुर गांव में एक परिवार(गोतियारा) के बीच 2010 से 50 बीघा जमीन को लेकर भूमि विवाद चल रहा था। ये मामला कोर्ट में चल रहा था। यदुनंदन यादव और उनके 3 भाइयों का भूमि विवाद महेन्द्र यादव के परिवार से था। 17 अप्रैल 2021 को छबिलापुर थाना में दोनों पार्टियों ने बॉन्ड भरा था कि जब तक न्यायालय इस मामले में फैसला नहीं देती, खेत की जुताई नहीं होगी। लेकिन इसके बावजूद दूसरी पार्टी(भोला यादव) के लोग 4 अगस्त 2021 की सुबह से खेत जुतवाने लगे। इसके बाद यदुनंदन यादव के परिवार जनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं, जब पीड़ित पक्ष आरोपियों को रोकने लगे तो, आरोपी पक्ष ने पीड़ितों पर हमला कर दिया। इसमें आरोपी चिंता देवी ने कथित रूप से "सभी को जान से मार दो" का आदेश दिया था। इस हमले में धीरेन्द्र यादव, यदु यादव, महेश यादव, पिन्टु यादव और शिवल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बिंदा उर्फ विरेन्द्र कुमार प्रभाकर, मंटू कुमार उर्फ अतुल प्रभाकर, मिट्ठू और पशुराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। फिलहाल, ये सभी ठीक हैं। न्यायिक प्रक्रिया अभियोजन पक्ष की ओर से पीपी कैसर इमाम और उनके सहयोगी अधिवक्ताओं- कमलेश कुमार, नुसरत परवेज, परवेज आलम और दानिश इकबाल ने मामले की पैरवी की। सुनवाई के दौरान 25 से अधिक गवाहों, जिनमें चिकित्सा और फोरेंसिक विशेषज्ञ भी शामिल थे। ये सारे चीजों का परीक्षण किया गया। न्यायाधीश अखौरी अभिषेक सहाय की अदालत में सजा का निर्धारण 8 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। यह फैसला न केवल पीड़ित परिवारों के लिए न्याय का प्रतीक है, बल्कि यह समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश भी देता है कि कानून अपना रास्ता खोज लेती है।

### MP के डिप्टी सीएम ने पूर्वजों का पिंडदान किया

**गया।** मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने परिवार के साथ अपने पूर्वजों का पिंडदान किया है। राजेन्द्र शुक्ल पहली बार गया आए थे। उन्होंने सबसे पहले फल्गु नदी के तट पर फिर विष्णुपद मन्दिर में विधि विधान से पिंडदान किया। इसके बाद उन्होंने अक्षयवट पिंडवेदी पर पिंडदान किया। इस दौरान उन्होंने SSC परीक्षा देने गए 2 बिहारी अभ्यर्थियों को बंगाल में पीट जाने वाले मामले पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई कानून नाम की चीज नहीं है। जब तक ममता की सरकार वहां से नहीं हटती है। तब तक इसी तरह से चलता रहेगा। देश का कोई भी व्यक्ति कहीं भी आ जा सकता है और नौकरी कर सकता है। डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल के आने पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। पिंडदान के बाद उन्होंने दैनिक भास्कर डिजिटल से बातचीत की। उसमें उन्होंने कहा कि मोक्ष नगरी गया जी धाम में आने का हमें सौभाग्य मिला। यह हमारे लिए बड़ी बात है। उन्होंने बताया कि हम पहली बार गया जी आए हैं। इससे पहले हमारे पूर्वज गया आ चुके हैं। उन्होंने अपने पूर्वजों का पिंडदान किया था। आज हमने उन पूर्वजों का पिंडदान किया। राजेन्द्र शुक्ल ने बिहार सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। गया जी धाम में भी पिछले सालों में काफी विकास हुआ है। विकास के काम भी नजर आ रहे हैं। आने वाले दिनों में भी सतत विकास की प्रक्रिया जारी रहेगी। इसके अलावा उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी NDA गठबंधन की ही सरकार बनेगी।

### नालंदा में पैक्स मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी का आरोप



**नालंदा।** नालंदा के बिहारशरीफ प्रखण्ड के पलटपुरा गांव में पैक्स मतदाता सूची को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सूची में 300 पासवान और 100 अल्पसंख्यक परिवारों के नाम को जानबूझकर नजर अंदाज किया गया है। यह मामला तब सामने आया जब शुक्रवार को पलटपुरा के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी शशांक शुभंकर से इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। जनप्रतिनिधियों सहित कई ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित एक आवेदन में कहा गया है कि हाल ही में जारी की गई 275 लोगों की मतदाता सूची में एक भी पासवान, मुस्लिम या रविदास समुदाय के व्यक्ति का नाम शामिल नहीं है। यह आरोप लगाया गया है कि पैक्स अध्यक्ष ने अपने पसंदीदा लोगों और एक विशेष पक्ष के नामों को ही सूची में शामिल किया है। पंचायत समिति सदस्य चांद हसरत खान ने कहा की यह स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण कार्रवाई है। सैकड़ों लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन उनके नाम सूची में नहीं हैं। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन है।" ग्रामीण मोहम्मद आरिफ खान ने बताया की हमने कई बार अपना नाम सूची में शामिल करने का अनुरोध किया, लेकिन हर बार हमें नजरअंदाज किया गया। यह साफ तौर पर भेदभाव है।" इस मामले में जिला सहकारिता अधिकारी (डीसीओ) से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह ध्यान देने योग्य है कि आमतौर पर मीडिया से बात न करने वाले डीसीओ पर अब यह गंभीर आरोप लगा है।

### गोइठवा नदी में डूबे व्यक्ति की मिली लाश

**नालंदा।** नालंदा में नहाने के दौरान नदी में डूबे अधेड़ का शव शुक्रवार की देर शाम बरामद किया गया है। मामला बिन्द थाना अंतर्गत गोइठवा नदी का है। मृतक की पहचान बिंद थाना क्षेत्र के लाल बिगहा निवासी स्वर्गीय गौरी बिंद के (52) वर्षीय पुत्र प्रमोद बिन्द के रूप में की गई है। शुक्रवार की देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजन ने बताया कि गुरुवार को प्रमोद नहाने के लिए गोइठवा नदी की तेज धार में लापता हो गए थे। ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, बावजूद उनका कहीं अता पता नहीं चल सका। शुक्रवार को पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने दिन भर प्रयास किया। इसके बाद देर शाम शव गोइठवा नदी के पानी में उपलाता हुआ मिला। इसके बाद स्थानीय गोताखोर की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। घटना के वक्त आसपास के लोग भी नजर बनाए हुए थे, हालांकि गहरे पानी में चले जाने के कारण कहीं अता पता नहीं चल सका। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से खोजबीन का प्रयास किया। हालांकि वे असफल रहे। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गई है।

# 50 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया




♦ टॉप टेन की लिस्ट में था शुमार, हत्या लूट सहित 7 मामले विभिन्न थानो में दर्ज

गया जिला पुलिस ने मउ थाना क्षेत्र के दरियापुर से 50 हजार रुपए के एक इनामी अपराधी अभिषेक शर्मा को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज थे। बीते वर्ष ही उसने अपने ही गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस मामले में वह फरार चल रहा था। वह मुंबई और बिहार के औरंगाबाद में शरण लिए हुए था। वह जिला टॉप, 10 अपराध कर्मियों की लिस्ट में शुमार था। उसके खिलाफ हत्या, आर्म्स, डकैती एवं लूट के मामले दर्ज थे। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी अभिषेक शर्मा उर्फ तन्नू शर्मा ने अपने सहयोगी के साथ टिकारी थाना क्षेत्र में एक शख्स को गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहीं टिकारी पंचानपुर मऊ में लूट डकैती सहित आधे दर्जन कांड में वांटेड था। गिरफ्तारी के भय से अभिषेक शर्मा दरियापुर गांव में छुपा हुआ था। अपराध कर्मी अभिषेक शर्मा टिकारी के मऊ थाना के धंधेला गांव का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए इनामी अपराधी के तीन अन्य सहयोगियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। एसएसपी ने बताया कि बीते वर्ष 28 अपराधियों की सूची तैयार की गई थी। उस 28 में से 27 अपराधी पकड़े जा चुके थे। लेकिन अभिषेक पकड़ में नहीं आ सका था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में लगी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी अभिषेक 2010 से लगातार अपराध की दुनिया मे एक्टिव था।

# बोधगया पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री, पूर्वजों का कराएंगे पिंडदान

निज संवाददाता। गया



♦ जिन्होंने 55 हजार की कटाई पर्ची उन्हीं को होटल में प्रवेश की अनुमति

बोधगया में शुक्रवार रात बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री पहुंचे। कार में सवार बाबा कड़ी सुरक्षा के बीच सम्बोधि रिट्रीट में प्रवेश कर गए। करीब 10 मिनट के बाद वे खुद के निजी कर्मियों के साथ बाहर निकले और भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान सभी ने फूल बरसाए। भक्तों ने जय श्री राम के जयघोष भी लगाए। बाबा के भक्त बीते 2 दिनों से होटल के बाहर डेरा डाले हैं। भक्तों की संख्या करीब डेढ़ सौ के करीब होगी। बाबा करीब 200 भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराएंगे। इसके लिए सभी ने 55 हजार की पर्ची कटवा रखी है। होटल में इन्हीं को रहने की अनुमति है। आम भक्त होटल के बाहर रही रहेंगे।

**2 अक्टूबर तक रह सकते बाबाः** बाबा के प्रबंधन कार्य से जुड़े अमितेश ने बताया है कि बाबा 2 अक्टूबर तक बोधगया में प्रवास करेंगे, लेकिन इस बात पर संशय बना है। वे 29 सितंबर को चले जाएंगे। प्रशासन का कहना है कि उन्हें बताया गया है कि बाबा 2 अक्टूबर तक रहेंगे। ऐसा पिछली बार भी हुआ था पर वे बीच में ही चले गए थे। इधर सूत्रों कहना है कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने गया पाल पंडा गजाधर लाल धेड़ी को सम्बोधि रिट्रीट में आने का न्योता दिया है। वे अपने सहयोगी के साथ शनिवार की सुबह सम्बोधि रिट्रीट जाएंगे। इसके बाद दोपहर में पितृ दोष और पिंडदान से जुड़ा कार्य होटल के अंदर ही सम्पन्न कराया जाएगा। शाम को भागवत कथा पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने भक्तों को सुनाएंगे।

**भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराएंगेः** गौरतलब है कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराने और भागवत कथा सुनाने के लिए बोधगया पहुंचे हैं। भागवत कथा का ऑनलाइन प्रसारण भी किया जाएगा। बाबा उन्हीं भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराने के लिए आए हैं जिन्होंने पूर्व से 55 हजार रुपए की पर्ची कटवा रखी है। इस बात की पुष्टि देवरिया से आए गोवर्धन प्रसाद ने 55 हजार रुपए की पर्ची दिखा कर की है। बगैर पर्ची वाले को सम्बोधि रिट्रीट में प्रवेश की अनुमति नहीं है। पूर्व से पर्ची कटवाने वालों की संख्या 200 के करीब बताई जा रही है। उन्हें होटल के अंदर प्रवेश एक दिन पहले से ही दे दिया गया है। बाबा के निजी सुरक्षा कर्मी और प्रबंधन से जुड़े कर्मी किसी भी आम भक्त को अनुमति नहीं दे रहे हैं। आम भक्तों के लिए रिट्रीट के बाहर पंडाल लगवाया गया है। वे वहीं से बाबा का दर्शन कर सकेंगे।

# करंट से महिला समेत 2 की मौत, अलग-अलग थाना क्षेत्र की घटना, गांव में शोक का माहौल

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में करंट के संपर्क में आने से महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र के कैला गांव और सिलाव थाना क्षेत्र के घोषतावां गांव का है। घटना के बाद दोनों इलाके में शोक का माहौल है। पहली घटना नगरनौसा थाना क्षेत्र के कैला गांव में हुई। जहां कपिल यादव के वर्षीय बेटे संटु कुमार (31) की मौत बिजली के करंट की चपेट में आने से हो गई। यह दुर्घटना गांव के पइन (नहर) के पास घटी, जहां एक ट्रांसफार्मर स्थित है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि संटु अपने घर से निकलकर खंधा की ओर टहलने गया था। अचानक, वह पइन के पास ट्रांसफार्मर के करीब चला गया। बिजली के तेज झटके की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे हुए संटु को स्थानीय लोगों ने देखा और तुरंत उनके परिवार को सूचित किया।

**डॉक्टरों ने किया मृत घोषितः** करंट लगने के बाद ग्रामीण संटु को लेकर नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। लेकिन, दुर्भाग्य से, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने पूरे गांव को शोक में डूबा दिया है। घटना की सूचना मिलते ही नगरनौसा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पवन ने बताया कि तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इस मामलें में यूडी केस दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई मे जुट गई है।

**मवेशी का चारा लाने गई थी महिलाः** दूसरी घटना सिलाव थाना क्षेत्र के घोषतावां गांव में हुई है। मृतिका दिनेश प्रसाद की पत्नी सुहगिया देवी (45) है। घटना उस वक्त हुई जब महिला मवेशी का चारा के लिए घास काटने टिकुलिया खंधा गई थी। अवैध रूप से बिछाए गए बिजली के तार के संपर्क में आने से गंभीर रूप से झुलस गई। आसपास के लोगों ने महिला को इलाज के लिए सिलाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामले में सिलाव थाना अध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि स्वजनों ने शव के पोस्टमार्टम को लेकर इनकार कर दिया। कागजी कार्रवाई पूरी कर परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया है।

# 3 से 13 अक्टूबर तक यातायात व्यवस्था में बदलाव

निज संवाददाता। नालंदा



दुर्गापूजा उत्सव को देखते हुए बिहारशरीफ नगर निगम ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विशेष प्रबंध किया है। इस वर्ष दुर्गापूजा 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2024 तक मनाई जाएगी। इस दौरान शहर में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने 3 से 13 अक्टूबर तक के लिए विस्तृत यातायात योजना तैयार की है।

**बड़े वाहनों का प्रवेश सीमितः** बरबीघा, अस्थावां, रहुई और बख्तियारपुर से आने वाले बड़े वाहनों जैसे बसें, ट्रक, और व्यावसायिक वाहनों को शहर के बाहरी इलाकों में ही रोका जाएगा।

**वैकल्पिक मार्गः** पटना जाने वाली सवारी बसों को नकटपुरा बायपास से सोहसराय होते हुए जाना होगा।

**प्रतिबंधित क्षेत्रः** कई महत्वपूर्ण स्थानों जैसे 17 नंबर चौक, बड़ी पहाड़ी, और रामचंद्रपुर बायपास पर बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।

**सार्वजनिक परिवहनः** कारगिल बस स्टैंड को अस्थायी सरकारी बस स्टैंड के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

**विशेष व्यवस्थाः** पार्किंग स्थलः शहर के विभिन्न हिस्सों में 8 विशेष पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।- बैरियरः यातायात नियंत्रण के लिए 16 स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे।- वन-वे ट्रैफिकः कई मार्गों पर एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू की जाएगी।

**समय-सीमाः** 9 से 13 अक्टूबर के बीच दोपहर 2 बजे से कुछ प्रमुख मार्गों पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इनमें रांची रोड, भरावपर चौक से पोस्ट ऑफिस मार्ग, और अस्पताल मोड़ से बड़ी पहाड़ी चौक तक के रास्ते शामिल हैं।

# गया में प्रखण्ड प्रमुख की कुर्सी गई,14 वोटों से हारी

निज संवाददाता। गया

गया नगर प्रखंड चंदौती के वर्तमान प्रमुख सरिता देवी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। इस तरह सरिता देवी की कुर्सी लगभग चली गई है। अब सिर्फ नए प्रखंड प्रमुख के पद संभालने की औपचारिकता रह गई है। निर्वाचन आयोग आगे की प्रक्रिया पूरी करेगा। सरिता देवी के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में विपक्षी खेमा को 14 वोट मिले हैं। वहीं, वर्तमान नगर प्रखंड प्रमुख सरिता देवी को सिर्फ आठ वोट ही मिले। काफी गहमा-गहमी के बीच नगर प्रखंड कार्यालय के परिसर में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया और फिर वोटिंग हुई। विपक्षी खेमे की उम्मीदवार रही सुचिता रजनी ने कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश के आलोक में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।

मेरे नेतृत्व में यह अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। आज नगर प्रखंड कार्यालय परिसर में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वोटिंग की गई, जिसमें 22 में से 14 का समर्थन विपक्षी खेमे को हासिल हुआ। वहीं वर्तमान प्रखंड प्रमुख को सिर्फ 8 वोट मिले हैं। प्रमुख पद की उम्मीदवार सुचिता रजनी ने बताया कि हम फिर कहना चाहते हैं कि जो महिला प्रखंड प्रमुख के पद पर रह कर विकास का काम करेगी, वही इस पद पर रहेगी।

# 11 साल से एक भवन में चल रहे दो स्कूल

## एक कमरे में तीन कक्षाओं की होती पढ़ाई, जब 8वीं के बच्चे पढ़ते तब 7वीं स्टूडेंट बैठे रह जाते

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले के रहुई प्रखंड में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलतपुर में शिक्षा व्यवस्था चौपट है। यहां एक इमारत में दो अलग-अलग विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जो छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए गंभीर चुनौती है। 2013 से चली आ रही यह समस्या आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। एक कमरे में उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलतपुर के छात्र पढ़ते हैं, जबकि दूसरे कमरे में प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। कुल 90 बच्चों का नामांकन है। स्कूल की एक छात्रा सिपरामणि ने बताया कि यहां बैठने के लिए जगह नहीं है। कमरे में तीन कक्षाओं के बच्चे एक साथ पढ़ते हैं। अगर 8वीं क्लास का संचालन होता है तो छठी और 7वीं के बच्चें बैठे रहते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार ने बताया कि दो कमरों में दो स्कूल के संचालन की जानकारी नहीं है। मामले का पता लगाया जा रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है। स्कूल के बरामदे में बैठकर पढ़ने वाले बच्चों को तेज बारिश के दौरान पहले से ही भरे हुए कमरों में भेज दिया जाता। जिससे पठन-पाठन गंभीर रूप से प्रभावित होता है। स्कूल के प्रिंसिपल सुधीर प्रसाद ने बताया कि हमारे पास न तो पर्याप्त कमरे हैं, न बच्चों के लिए बेंच-डेस्क और न ही शिक्षकों के बैठने की उचित व्यवस्था। मिड-डे-मील की सामग्री को भी इन्हीं दो कमरों में सुरक्षित रखना पड़ता है। कई बार वरीय अधिकारियों से इस व्यवस्था से अवगत कराया गया है।

## न्यूज बाइट्स

### पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर बकरियों का किया गया टीकाकरण

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)**। प्रखण्ड के खड़सारी पंचायत के रुस्तमपुर गांव में शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में पशुपालकों को कई प्रकार के बीमारियों से बचाव एवं उसके उपचार के बारे में जानकारी दी गई। वहीं दर्जनों बकरियों का पीपीआर टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे, अंगद कुमार आदि मौजूद थे।



### श्रद्धा के साथ मनी समाजसेवी कुलवंती देवी की पुण्य तिथि

**नवादा (नि.सं.) (नि.सं.)**। जिला मुख्यालय के गांधी नगर में शनिवार को समाजसेवी कुलवंती देवी की नौवीं पुण्य तिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने किया। जबकि संचालन जिले के प्रसिद्ध होम्यो चिकित्सक सह अनुज पुत्र सुधीर कुमार ने किया। इस मौके पर ओईम निवास पर कुलवंती देवी के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तथा इनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि ये समाज के विकास के लिए हमेशा संकल्पित रहीं। इनके पति स्व दशरथ प्रसाद भी जीवनपर्यंत शिक्षा की अलख जगाते रहे। इस मौके पर जिले के प्रसिद्ध व्यवसाई राजेश्वर प्रसाद राजेश, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रोह के चिकित्सा प्रभारी डा. राजकिशोर प्रसाद, डा. बसंत प्रसाद, उमेश प्रसाद, सतेन्द्र गुप्ता, डा मनोज प्रसाद, कार्यानंद प्रसाद, रविन्द्र गुप्ता, अशोक कुमार, शिक्षक गौतम कुमार, सुधीर कुमार, डा. अंशुमाला सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सरकार में भागीदारी सुनिश्चित करने की उठी मांग



**पटना (नि.सं.)**। शनिवार को लोहार संघर्ष मोर्चा बिहार की बैठक आई एम ए हॉल पटना में किया गया। जिसकी अध्यक्षता लोहार संघर्ष मोर्चा बिहार के प्रदेश संयोजक उमेश विश्वकर्मा ने किया।मंच संचालन समस्तीपुर से आये मोर्चा के सक्रिय सदस्य राम जी शर्मा ने किया। बैठक में लोहार समाज के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। जिसमेन लोहार जाति को सरकार के द्वारा अनुसूचित जन जाति का छिना गया अधिकार पुनः लागू करने पर चर्चा किया गया। जिसमे प्रदेश के संयोजक उमेश विश्वकर्मा ने अपनी एकजुटता पर बल देतें हुए कहा की अगर सरकार हमारी समस्याओं को अनदेखी करेगी तथा सरकार में हमारी भागीदारी सुनिश्चित नहीं करेगी तो हमलोग पुरे बिहार में आंदोलन कर अपनी एकजुटता का परिचय देतें हुए सरकार के विरूद्ध रहेंगे। और हमलोग आगामी विधान सभा चुनाव में सरकार को हराने का काम करेंगे। जो लोहारों की हित की बात करेगा हमलोग उसके साथ रहेंगे। बैठक में बिहार के विभिन्न जिलो से आये हुए मोर्चा के सदस्यों ने अपने संबोधन में जातीय एकता एवं एकजुटता पर बल देतें हुए संघर्ष को तेज करने में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। सबों ने उमेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में अपनी लड़ाई लड़ने का संकल्प भी लिया। मौके पर दीना विश्वकर्मा, धनंजय विश्वकर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, श्यामदेव विश्वकर्मा, अरविन्द विश्वकर्मा, रामआश्रय विश्वकर्मा, वैजन्ति देवी, पार्वती देवी, अनूप शर्मा सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आये सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नवादा विधि महाविद्यालय में मध्यस्थता कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | नवादा




बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में आज नवादा विधि महाविद्यालय, नवादा में लीगल एवर्नेस प्रोग्राम ऑन द टॉपिक ''प्रि-इंस्टीच्यूशन मेडिएशन एण्ड सेटल्मेंट इन कॉमर्सियल डिस्प्यूट्स'', मेडिएशन एवर्नेस प्रोग्राम एवं एवर्नेस प्रोग्राम ऑन द प्रॉसेस ऑफ मेडिएशन ऐज एडीआर मेकेनिज्म का आयोजन किया गया। कार्यकम को संबोधित करते हुए उमेश्वर प्रसाद सिंह, डिफेंस अधिवक्ता लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल ने बताया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष आधुनिक प्रक्रिया है। इसके द्वारा मध्यस्थ अधिकारी दबाव रहित वातावरण में विभिन्न पक्षों के विवादों का निपटारा करते हैं। सभी पक्ष अपनी इच्छा से सद्भावना पूर्ण वातावरण में विवाद का समाधान निकालते हैं तथा उसे सभी पक्ष अपने विवाद को सही दृष्टिकोण से मापते हैं और वह समझौता सभी पक्षों को मान्य होता है, उसे अपनाते हैं। इस पद्वति के द्वारा विवादों का जल्द से जल्द निपटारा होता है। जो बिना खर्च होता है। यह मुकदमों के झंझट से मुक्त है। साथ ही साथ न्यायालय पर बढ़ते मुकदमें का बोझ भी कम होता है। मध्यस्थता अधिकारी निष्पक्ष मध्यस्थता के लिए पूर्णतः प्रशिक्षित होता है। सभी पक्षों को उनके विवादों का हल निकालने में मदद करते हैं। मध्यस्थता एक ढॉंचागत प्रक्रिया है। इसकी अपनी कार्यप्रणाली है। इसके अनुसार मध्यस्थ अधिकारी मध्यस्थता की प्रक्रिया को सभी पक्ष को अवगत कराता है। उन्हें प्रक्रिया के नियम एवं गोपनीयता के बारे में भी बताता है। मध्यस्थ अधिकारी पक्षों से उनके विवाद के प्रति जानकाकारी प्राप्त करता है तथा विवाद के निपटारे के अनुकूल वातावरण तैयार करता है इस प्रक्रिया में संयुक्त सत्र एवं पृथक सत्र द्वारा हर पक्ष से बात करते हैं एवं दोनों पक्षों को साथ बैठाकर मध्यस्थता का कार्य किया जाता है। उक्त सत्र में दोनों पक्ष अपने हर मुददे को मध्यस्थ अधिकारी के समक्ष रखते हैं जिसे गोपनीय रखा जाता है। उक्त सत्र के माध्यम से मध्यस्थ अधिकारी विवाद की जड़ तक पहूँचता है। मध्यस्थ अधिकारी दोनों पक्षों को राजी खुशी से से सुलह हेतु तैयार करवाते हैं तथा विवाद का निवारण करवाते हैं तथा सभी पक्षों से पुष्टि भी करवाते हैं। इस समझौते को लिखित रूप में अंकित किया जाता है जिस पर सभी पक्ष हस्ताक्षर करते हैं। मध्यस्थता के नहीं होने से पक्षकारों को समय की बर्बादी, मानसिक एवं शारीरिक शांति भंग एवं धन की हानि, आपसी घृणा, झूठे अहम को बढ़ावाएवं असंतोष जैसी हानियॉं होती है। रिटेनर अधिवक्ता ने मध्यस्थता प्रक्रिया के लाभ के बारे में बताया कि इस आधुनिक प्रक्रिया द्वारा विवाद का अविलंब एवं शीघ्र समाधन, समय तथा खर्चे का किफायत, न्यायालयों में चक्कर लगाने से राहत, अत्यधिक सरल एवं सुविधाजनक, विवाद का हमेशा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समधान, समाधान में पक्षों की सहमति को महत्व , अनौपचारिक, निजी तथा पूर्णतः गोपनीय प्रक्रिया, समाजिक सदभाव कायम करने में सहायक, आदि लाभ पक्षकारों को मिलता है। व्यवसायिक विवादों में कोर्ट जाने के पहले ''प्रि-इंस्टीच्यूशन मेडिएशन एण्ड सेटल्मेंट इन कॉमर्सियल डिस्प्यूट्स'', के तहत पक्षकार लाभ उठा सकते हैं। व्यवहार न्यायालय, नवादा में तीन व्यवसायिक न्यायालय कार्यरत है। सबजज प्रथम एवं जिला जज का न्यायालय व्यवसायिक न्यायालय है तथा जिला जज न्यायालय अपीलीय न्यायालय के रूप में भी कार्य करता है। उमेश्वर प्रसाद सिंह, डिफेंस अधिवक्ता लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल ने एडीआर मेकेनिज्म के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह एक आधूनिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से वादों का निपटारा सुलह के आधार पर किया जाता है। इसके अन्तर्गत मध्यस्थता, केन्द्र लोक अदालत इत्यादि आते हैं। इस कार्यक्रम में उमेश्वर प्रसाद सिंह, डिफेंस अधिवक्ता लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल, पारा विधिक स्वयं सेवक रामानुज कुमार, राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, पैनल गया, मनीष पंकज मिश्रा, अमन जैन अधिवक्ता श्याम किशोर मिश्रा, उप प्राचार्य नवादा विधि महाविद्यालय एवं लोक अदालत के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे।

# पुत्र ने किया पिता की हत्या, गिरफ्तार

» **सूचना मिलते ही पकरीबरावां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंची एवं जख्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया।**

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

थाना क्षेत्र में एक कलयुगी पुत्र ने अपने ही पिता की चाकू गोदकर हत्या कर दी। मामला पकरीबरावां थाना इलाके के ओदपुरा गांव की है, जहां शुक्रवार की संध्या करीब साढ़े नौ बजे घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि शुक्रवार की संध्या करीब साढ़े 9 बजे डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि पकरीबरावां थाना क्षेत्र के ओदपुरा गांव में एक युवक मुकेश मांझी द्वारा अपने ही पिता इंदल मांझी को चाकू मार दिया गया है। सूचना मिलते ही पकरीबरावां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंची एवं जख्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर बताया गया कि आपसी विवाद में पुत्र ने पिता को चाकू मारा है। एफएसएल टीम को बुलाकर महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किया गया। साथ ही पुलिस द्वारा संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार किया गया। थाना परिसर में पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एसपी ने बताया कि अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। इस संदर्भ में हत्या के सुसंगत धाराओं के तहत पकरीबरावां थाना कांड संख्या 435/24 दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी एवं थानाध्यक्ष अजय कुमार भी मौजूद रहे। इधर, हत्या के बाद परिजनों में मातम है। परिजन अचानक से हुए इस घटना से मर्माहत है।

# पूर्व मध्य रेल में युवाओं ने किया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)



पूर्व मध्य रेल द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक 'स्वच्छता ही सेवा-2024' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज, 28 सितंबर 2024, को स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में युवा संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही स्टेशनों, ट्रेनों और सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई को और बेहतर बनाने के लिए गहन सफाई अभियान चलाया गया, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः **धनबाद मंडलः** गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, बरकाकाना, पतरातू, रेणुकूट, चोपन और धनबाद स्टेशनों पर युवा संपर्क कार्यक्रम के तहत रेलवे स्टेशन परिसर में सार्वजनिक शौचालयों और रेलगाड़ियों के शौचालयों की गहन सफाई की गई। इसके साथ ही, स्टेशन परिसर में उपस्थित यात्रियों से संपर्क कर स्वच्छता और इसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। **समस्तीपुर मंडलः** सहरसा, रक्सौल, जयनगर और दरभंगा स्टेशनों पर युवा संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत शौचालयों की गहन सफाई की गई। अन्य स्टेशनों पर भी सार्वजनिक शौचालयों की सफाई की गई और सेल्फी प्वाइंट लगाए गए, जिससे यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। **सोनपुर मंडलः** नवगछिया स्टेशन पर एनजीओ के सदस्यों द्वारा युवा संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत यात्रियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलायी गई। इसके साथ ही, सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, खगड़िया, मुजफ्फरपुर और मानसी स्टेशनों पर सफाई मित्रों की सहायता से शौचालयों और पानी के बूथों पर गहन सफाई अभियान चलाया गया। खगड़िया स्टेशन पर सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच हेतु एक शिविर भी आयोजित किया गया।

**दानापुर एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडलः** विभिन्न स्टेशनों और कालोनियों में आज के थीम 'युवाओं से संपर्क' के तहत स्टेशनों और ट्रेनों के शौचालयों की सफाई हेतु अभियान चलाया गया, और युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# राज्य स्तरीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न, नवादा का रहा शानदार प्रदर्शन

निज संवाददाता | दरभंगा/नवादा



बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना, खेल विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता (अंडर-14, 17 और 19) का समापन हो गया। अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें नवादा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। यह प्रतियोगिता बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस 13 के मैदान में आयोजित की गई थी, जहां बारिश के बावजूद खिलाड़ियों ने अद्भुत खेल भावना का परिचय दिया। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सभी टीमों ने फाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। फाइनल मुकाबले में अंडर-14 वर्ग में नवादा ने सिवान को 9-6 से हराकर खिताब जीता, जबकि सिवान उपविजेता बना और समस्तीपुर तथा सारण ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में सिवान ने सारण को 6-1 से हराया और विजेता बना, जबकि नवादा और रोहतास ने तीसरा स्थान साझा किया। अंडर-19 वर्ग में एकलव्य ने सारण को 5-2 से मात दी और खिताब अपने नाम किया, सारण उपविजेता रहा जबकि दरभंगा और सिवान संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। फाइनल मुकाबलों के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस 13 के कमांडेंट रामानंद कुमार कौशल, डीएसपी दिलीप झा, उप निदेशक और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद, जिला खेल पदाधिकारी परिमल और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अलख देव प्रसाद ने विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कीं। उप निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और यह उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी भविष्य में बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। कमांडेंट रामानंद कुमार कौशल ने कहा कि बिहार अब राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी पहचान बना रहा है और आने वाले समय में ये खिलाड़ी और भी ऊंचाइयों को छुएंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला खेल पदाधिकारी परिमल ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त टीमों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा, जिससे इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बिहार का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

## निजी जमीन पर किया गया सड़क का निर्माण, विभाग ने सीओ से मांगी रिपोर्ट

निज संवाददाता | नोखा (रोहतास)

नगर परिषद नोखा में रामपुर ठेकही बलीरामपुर गांव जाने वाली सड़क निजी जमीन में बना दी गई। लगभग 300 फिट सड़क इनकी यशोदा देवी की निजी जमीन में बनाई गई है। यशोदा देवी ने इसकी शिकायत अंचलाधिकारी, नोखा एव ग्रामीण विकास विभाग को पत्र लिख कर अपनी निजी जमीन में सड़क निर्माण की बात कही है। जिस पर ग्रामीण विकास विभाग ने निजी जमीन में सड़क निर्माण के कार्यपालक अभियंता ने सीओ से पत्र लिख कर रिपोर्ट मांगी है।कार्यपालक अभियंता ने पत्र में कहा है की शीर्ष एम०आर०-3054 योजनान्तर्गत टी05 से रामपुर ठेकही बलिरामपुर रोड माया धारूपुर सलेमपुर पहाड़पुर पथ निर्माण कार्य में, स्थल मापी करने करने को कहा है। आवेदक श्रीमति यशोदा देवी का पत्रांक शून्य, दिनांक 10 अगस्त 2024 को पत्र लिख कर अंचलाधिकारी से जांच रिपोर्ट मांगी है। पहाड़पुर पथ निर्माण कार्य इस प्रमंडल द्वारा दिनांक 18 अगस्त 2018 को पूर्ण करा दिया गया है।

## जनता दरबार में एक मामले का हुआ निष्पादन

निज संवाददाता | चेनारी (रोहतास)

प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में आयोजित होने वाले जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों के भूमी विवाद संबंधी मामलों का निष्पादन किया गया। यह जनता दरबार थानाध्यक्ष रंजन कुमार, अंचलाधिकारी पूजा कुमारी के उपस्थिति में भूमी विवाद संबंधी मामलों का निष्पादन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनता दरबार मे पूर्व के 6 मामलों में और एक नये मामले आये हुये थे कुल सात मामलो मे एक मामले का शांतिपूर्ण तरीके से निष्पादन किया गया है। वही अन्य मामलों की सुनवाई हेतु अगली तिथि निर्धारित की गई है।जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से अपनी अपनी समस्याओं को लेकर लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

# जनता दरबार में आए 2 मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया जाता था। इस दौरान अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार भी मौजूद रहे। सीओ ने बताया कि अंचल क्षेत्र से जमीन से संबंधित विवाद के दो मामले जनता दरबार में पहुंचे थे। जनता दरबार में आये दोनों मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया है। जनता दरबार में रजौली की अनबरी खातून का विवाद मो. बहाल उर्फ बाबा एवं जोगियामारण के अरविंद राजवंशी का जमीनी विवाद श्री राजवंशी के साथ था। उक्त दोनों मामलों में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में मामला ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया। साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें, बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं।

## पोषण माह अभियान के तहत तिलौथू में निकली पोषण वाटिका रैली

निज संवाददाता | तिलौथू (रोहतास)

पोषण का महत्व आज के समय में पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। स्वस्थ जीवन के लिए उचित पोषण एक अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। इस संदर्भ में, तिलौथू प्रखंड में पोषण वाटिका की स्थापना को एक नई दिशा दी जा रही है। पोषण वाटिका को परिवार के स्वास्थ्य का मूल आधार माना जाता है। इसमें फलदार पौधों के साथ-साथ लतेदार सब्जियां और औषधीय पौधे भी शामिल किए जाते हैं। ये पौधे परिवार के सभी सदस्यों को आवश्यक पोषक तत्व, विटामिन और खनिज पदार्थों की पूर्ति में सहायता करते हैं। इस दिशा में कार्य करने के लिए बाल विकास योजना के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पोषण रैली का आयोजन बाल विकास योजना पदाधिकारी संगीता कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को तिलौथू प्रखंड मुख्यालय में किया गया। इस रैली का उद्देश्य लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करना और पौधों के महत्व को समझाना था। संगीता कुमारी ने रैली के आरंभ होने से पूर्व सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण वाटिका न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि यह परिवार के आर्थिक विकास में भी योगदान देती है। पोषण माह अभियान 2024 के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृद्धि निगरानी, पोषण परामर्श, स्वच्छता जागरूकता, एनीमिया कैंप, गर्भावस्था एवं शिशु अवस्था के दौरान खान-पान के तरीके से संबंधित जानकारियों का वितरण किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर लोगों को जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम है। बाल विकास परियोजना के तहत आयोजित ये कार्यक्रम विभिन्न समुदायों में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर हैं। रैली के दौरान सेविका संघ की अध्यक्ष राधिका देवी, मीरा कुमारी, सोनम कुमार, प्रियंका वर्मा, रीना कुमारी, सीमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, चांदनी कुमारी, जुली कुमारी, सुमन कुमारी, सुधा कुमारी, संध्या कुमारी, अनीता कुमारी, ललिता कुमारी, सुशीला कुमारी, रंचन कुमारी, मधु कुमारी, रागिनी कुमारी, रानी सिन्हा, चिंता देवी, अर्चना कुमारी, प्रेमशीला कुमारी, देवंती देवी, बबीता कुमारी, अंजू कुमारी सहित प्रखंड क्षेत्र की अनेक सेविकाएं उपस्थित रहीं। ये सेविकाएं अपने-अपने क्षेत्रों में पोषण के महत्व को बढ़ावा देने का कार्य कर रही हैं और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पोषण रैली के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश भी दिया गया। संगीता कुमारी ने बताया कि एक परिवार में कद्दू, सेम, करैला, कोहड़ा, अमरूद, नीबू, केला, तुलसी, अनार, पपीता जैसे कई पौधों का पोषण वाटिका में होना आवश्यक है। ये पौधे न केवल पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये परिवार के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायक होते हैं। पूर्व में पोषण वाटिका की प्रथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता कुमारी ने बताया कि एक दशक पहले तक घर की बुजुर्ग महिलाएं अपने आस-पास की खाली जमीनों पर पोषण वाटिका लगाया करती थीं।

# रोह प्रखंड के पांच सड़कों का निर्माण कार्य की विधायक ने रखी आधारशिला

निज संवाददाता | रोह (नवादा)



रोह प्रखंड के चार सड़कों के निर्माण की आधारशिला शनिवार को गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक मो. कामरान ने रखी। इस मौके आयोजित समारोहों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि अच्छी सड़क ही क्षेत्र के चुहुमुखी विकास की पहचान होती है। साथ ही कहा कि विधायक मद से भी कई स्थानों पर कार्य शुरू हो गया है। आगे इन्होंने कहा कि मैं आपके क्षेत्र का विधायक नहीं सेवक हूं। और हमेशा आपकी सेवा करते रहूंगा। इस मौके पर सबसे पहले मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम योजना अंतर्गत 87.995 लाख के रुपए की लागत से बनने वाली अनैला से राजाविगहा तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास पूरे वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया गया। इसके अलावा 156.999 लाख की लागत से बनने रोह जलालपुर पथ, 25.410 लाख की लागत से बनने वाला दिरमोबारा-ताजपुर पथ, 95.593 लाख की लागत से बनने वाली जैला रोड से एनीडीह पथ तथा 20.074 लाख की लागत से चामुड़ा स्थान से धनावां पथ का शिलान्यास किया गया। इस दौरान नारियल फोड़ते के बाद फीता भी काटा गया। शिलान्यास स्थल पर विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों ढोल-बाजा बजाकर फूल मालाओं से लाद दिया। मौके पर विधायक के निजी सचिव राहुल कुमार उर्फ चुलबुल, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता कुमार गौरव, मनोज सिंह, मो.मुस्तफ़ा, मो. इरशाद, विकास कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.– CWMPD-05-2024-25 दिनांक 27.09.2024. मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं. दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा बंद होने की तिथि– 22.10.2024 1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : इंजीनियरिंग वर्कशॉप, प्लान्ट डिपो, पं. दीनदयाल उपाध्याय में 25 टन लोडिंग स्टैन्डर्ड–2008 आधारित आर.डी.एस.ओ. ड्राइंग के अनुसार विभिन्न स्पैन में पी.एस.सी. एवं आर.सी.सी स्लैब बैलास्ट रिटेनर सहित के कास्टिंग का कार्य। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹19,25,75,398.51, 3. जमानत राशि : ₹11,12,900.00, 4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 22.10.2024, 12:00 बजे। 5. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in.

मुख्य कारखाना प्रबन्धक/बीडब्ल्यू
प्लान्ट डिपो/पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01223/डीडीयू/डब्ल्यूपी/टी/24–25/28

**Office of the Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Garhwa**
**(District Employment cum District Skill Office, Garhwa)**
Email: employmentexchangegarhwa@gmail.com, website: https://www.garhwa.nic.in

**Reference No:-Dist Skill /84 Date:-27-09-2024**
**Very Short Notice-Inviting Request of Proposals(RFP) for conducting training of PWD Candidates**

| S. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Nature of the work | Conducting Skill based Training to the 210 PwD candidates on mentioned traits namely: SMO, Assistant electrician, DTP (Basic IT Skills)and Mobile &Computer hardware repairing |
| 2 | Date of Publication of Bid on website | Date – 27-09-2024 |
| 3 | Earnest Money to be deposited (EMD) | 1. ₹ 1,50,000.00 , One Lakh Fifty Thousand only, (In form of DD/Bank Guarantee) in the favor of *"DISTRICT EMPLOYMENT CUM DISTRICT SKILL OFFICER, GARHWA"*. 2. EMD of all unsuccessful bidders will be refunded by the District Employment Office within 30 days. |
| 4 | LAST DATE & TIME FOR RFP SUBMISSION | 05-10-2024, 02:00 PM |
| 5 | RFP SUBMISSION PLACE | District Employment cum District Skill Office, Garhwa. |
| 6 | DATE AND TIME FOR RFP OPENING | 05-10-2024, 04:00 PM |
| 7 | BID OPENING PLACE | Seminar Hall, New Collectorate , Garhwa. |
| 8 | NAME AND ADDRESS of OFFICE FOR INVITING RFP | District Employment cum District Skill Office, Garhwa. |
| 9 | HELPLINE NO AND EMAIL ADDRESS | email id:-employmentexchangegarhwa@gmail.com Helpline No:- 8877090673 |

**NOTE:- For further information please visit website:**
1) https://www.garhwa.nic.in

**Deputy Commissioner, Garhwa.**
PR.NO.337494 Labour Employment and Traning(24-25):D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### विश्व रेबीज दिवस पर लगे शिविर में 42 कुत्तों का किया गया टीकाकरण



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड क्षेत्र के पशु चिकित्सालय में शनिवार को विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. रंजीत कुमार के नेतृत्व में रेबीज रोधी टीकाकरण सह जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 42 पालतू कुत्तों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान भ्रमणशील पशु चिकित्सक सतगीर के डॉ. प्रभाकरन एवं अंधरवारी के डॉ. अभय कुमार के अलावे धीरज कुमार और उमेश चौधरी मौजूद रहे।डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि रेबीज लाइलाज बीमारी है, वहीं प्रायोगिक स्तर पर चिकित्सा का प्रयास जारी है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेबीज रोग का नियंत्रण एवं उन्मूलन, रोग से होने वाले बहुमूल्य मानव एवं पशुधन की प्राण रक्षा एवं रोग के नियंत्रण और उन्मूलन हेतु जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार करना है।शनिवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 42 कुत्तों को एन्टी-रेबीज टीकाकरण किया गया।साथ ही कहा कि बचे हुए टीकाकरण को रविवार को दिया जाएगा। डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि कुत्तों में प्री-एक्सपोजर टीकाकरण हेतु पहला टीकाकरण तीन माह की उम्र में एवं दूसरा टीकाकरण छः माह की उम्र में दिया जाता होता है। इसके बाद एक वर्ष और बाद में हर वर्ष कुत्तों का टीकाकरण किया जाना चाहिए। डॉ.रंजीत कुमार ने बताया कि रेबीज रोग मनुष्य तथा अन्य गर्म खून वाले जानवरों में होने वाला तीव्र विषाणु जनित संक्रमण है। यह बीमारी अधिकांश पागल कुत्तों या अन्य जानवरों के काटने, कटी त्वचा पर चाटने, घाव तथा खरोंच आदि से शरीर में विषाणु के प्रवेश के कारण होता है। इस बीमारी के लक्षण प्रकट होने पर मौत निश्चित है। रेबीज एक घातक बीमारी है, जो मानव मस्तिष्क को प्रभावित करती है तथा प्रतिवर्ष होने वाले हजारों मौतों का कारण भी बनती है। पशु चिकित्सक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि रेबीज को रोकने के लिए रेबीज के बारे में विशेष रूप से बच्चों के बीच जागरूकता प्रसारित की जानी चाहिए। आवारा जानवरों के अनावश्यक संपर्क में आने से बचना चाहिए। घरेलू कुत्तों के साथ-साथ आवारा कुत्तों का भी टीकाकरण अवश्य किया जाना चाहिए। जानवर के काटने पर एंटी-रेबीज वैक्सीन के लिए तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। चिकित्सक ने बताया कि तत्काल काटे हुए जगह को नल के बहते पानी के नीचे 10 से 15 मिनट लगातार साबुन लगाकर धोना आवश्यक है। इसके बाद 70% एथिल अल्कोहल या टिंचर आयोडीन काटने के स्थान पर लगाना चाहिए, इस दौरान गाव को बंद नहीं करना चाहिए। साथ ही कहा कि कुत्ते के काटने पर एंटी-रेबीज का टीकाकरण तीन इंजेक्शन के रूप में दिया जाता है, जिसमें पहला टीका काटने के दिन, दूसरा टीका तीसरे दिन एवं तीसरा टीका सातवें दिन दिया जाता है। अगर कुत्ते की मृत्यु 10 दिनों के अंदर हो जाती है, तो 14वें दिन एवं 28वें दिन भी टीकाकरण करवाना चाहिए। साथ ही चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार टेटनस की सुई अवश्य लगवाना चाहिए।

### बाइक के टंकी में बने तहखाने से पुलिस ने 20 बोतल शराब की बरामद

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र में शराब माफिया अपने धंधे को चलाने के लिए तरह-तरह के उपाय करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं रजौली पुलिस भी शराब माफियाओं के मंसूबो पर पानी फेरने से पीछे नहीं हट रही है। शनिवार की सुबह गुप्त सूचना के आलोक में अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार एवं एएसआई संजय कुमार ने बाइक के टंकी में बने तहखाने में रखे 20 बोतल शराब को बरामद किया। साथ ही एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराबमुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से सुदूरवर्ती एवं जंगली क्षेत्रों में शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। शनिवार की सुबह सिमरकोल स्थित सम्राट होटल के पास पैन के रास्ते बाइक द्वारा शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली। गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर पुलिस बलों ने छापेमारी कर एक बाइकसवार को जांच हेतु रोका गया। जांच के दौरान बाइक के टंकी में बने तहखाने से इम्पेरियल ब्लू के 375 एमएल वाले 20 बोतल शराब बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार युवक की पहचान धमनी पंचायत के ढ़ाब गांव निवासी गणेश यादव के पुत्र बिपिन कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब धंधेबाज अब बाइक के पेट्रोल टंकी में तहखाना बनाकर शराब ढ़ोते हैं एवं पेट्रोल के लिए सीट के नीचे अलग से लोहे की टंकी बनवाकर उसमें पेट्रोल डालकर बाइक चलाते हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार व्यक्ति को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

### बीआरसी में पिरामिल फाउंडेशन के कार्यों को लेकर हुई समीक्षा बैठक




**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड मुख्यालय के इंटर विद्यालय रजौली के प्रांगण में स्थित बीआरसी में शनिवार को पिरामिल फाउंडेशन द्वारा विद्यालयों में किये गए कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में बीपीएम प्रितराज, बीआरपी रविकांत, सिमरन कुमारी, कृष्ण कुमार व गुड्डू कुमार एवं पिरामिल फाउंडेशन के गांधी फेलो प्रशांत सोनटक्के व यश चौधरी मौजूद रहे।नीति आयोग के प्रोजेक्ट आकांक्षी जिला कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन के अंतर्गत निपुण भारत मिशन लक्ष्य पर कार्य कर रहे हैं। जिसमें सभी विद्यालय में बाल सांसद का गठन के बाद बैठक कर एक्टिव करना है। सभी विद्यालय में पठन-पाठन की मूल समस्या पर चर्चा की गई। सभी को मिलकर एफएलएन और चहक योजना के तहत बच्चो को खेल-खेल में सिखाना है। पिरामिल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि आने वाले दिनों में हम सभी विद्यालयों में स्कूल प्रोसेस जिसमें चेतना सत्र, क्लासरूम ऑब्जरवेशन, लाइब्रेरी, बाल सांसद, बाला एवं हमारा विद्यालय आदर्श विद्यालय की योजना पर चर्चा हुई। वहीं जिला कार्यक्रम के सहयोगी गांधी फेलो प्रशांत सोनटक्के और यश चौधरी पीरामल फाउंडेशन टीम ने बीआरसी मीटिंग में आने वाले दिनों में रजौली प्रखंड में आदर्श विद्यालय की रूप रेखा में सभी एजेंडा पर विस्तृत चर्चा किया गया।

### बस एवं बाइक की भीषण टक्कर में बाइक सवार घायल

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर कौआकोल थाना क्षेत्र के बिन्दीचक गांव के पास शनिवार की दोपहर बस एवं बाइक की भीषण टक्कर में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक सहोदर भाई बताए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखण्ड क्षेत्र के केवाली पंचायत के मथुरापुर गांव निवासी ब्रहमदेव यादव के 27 वर्षीय पुत्र मिथलेश यादव एवं 25 वर्षीय पुत्र गब्बर यादव बाइक से कौआकोल की ओर आ रहे थे, तभी विपरीत दिशा से कोलकाता जाने वाली मां विध्यवासिनी ट्रेवल्स नामक बस से बिन्दीचक मोड़ के पास सीधी टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार दोनों सहोदर भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर रहने के कारण बेहतर ईलाज के लिए दोनों युवकों को नवादा लेकर चले गए हैं।

# दुर्गा पूजा पंडाल के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य : एसडीओ

**निज संवाददाता** | वारिसलीगंज (नवादा)



आगामी दुर्गापूजा के पवित्र त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में काफी संख्या में पूजा समिति के सदस्य, समाज सेवी, जनप्रतिनिधि एवं गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित सदर एसडीओ अखिलेश कुमार एवं पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी महेश चौधरी ने कहा की कहा कि आप सभी लोग सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते हुए पूजा पंडाल स्थापित करें। दुर्गापूजा पंडाल के लाइसेंस लेना अनिवार्य है। डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ है। पंडाल का कंट्रक्शन मजबूती से कराएं। पंडाल में बिजली का वायरिंग अच्छा से करना है। पूजा पंडाल में आग बुझाने का यंत्र रखना जरूरी है, सीसीटीवी कैमरा लगाना आवश्यक है। पूजा कमिटी बनाना जरूरी है। कमिटी में अच्छे अच्छे लोगों को शामिल करना है। पूजा समिति के भोलंटियर बैच लगाकर रहेंगे तथा अपना मोबाइल नंबर के साथ पूजा पंडालो में पूजा समिति के सदस्यों एवं प्रखंड के पुलिस अधिकारीयों का मोबाइल नंबर भी प्रदर्शित करें ताकि कभी भी किसी प्रकार की समस्या होने पर सम्पर्क किया जा सके। प्रशासन के अधिकारीयों का भी नंबर जारी कर कहा कि कहीं भी समस्या हो तो बेझिझक हमसे बात कर सूचना दें। सभी पूजा पंडालों के पास दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। पुलिस प्रशासन सदैव आपके साथ है। शांति पूर्वक श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा अर्चना करें। शांति भंग करने वाले शरारती तत्वों पर पुलिस की निगाहे रहेगी। शरारती तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। शोशल मिडिया पर पैनी निगाह रहेगी, भ्रामक खबरों एवं अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। शोशल मिडिया पर बिना पुष्टि के कोई खबर चलाने वाले लॉगन पर भी कार्रवाई की जाएगी।थानाध्यक्ष ने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सभी लोगों से सहयोग की अपील की। सीओ ने उपस्थित लोगों से कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव नही है। यह समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है। सीओ ने उपस्थित सभी से दुर्गापूजा त्योहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की। थानाध्यक्ष ने लोगों से दुर्गापूजा त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की। अंत में उपस्थित सभी पूजा समिति ने अपने अपने विचार रखें और भरोसा दिलाया कि पूजा में सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करने और पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देने की बात कही। जाम की समस्या को लेकर चिन्हित स्थानों पर बैर्केटिंग लगाने एवं दोपहिया वाहनों की जांच करने के साथ साथ रेल ओभर ब्रीज पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था तथा पुलिस गश्ती की व्यवस्था भी रहेगी। आगामी चार अक्टूबर को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को आने की भी संभावना है। मौके पर बीडीओ, सीओ पंकज कुमार, गोविन्द जी तिवारी, विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, मुखिया राजकुमार सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष अरुण कुमार, अरूंजय मेहता, सुरेन्द्र यादव सहित क्षेत्र के दर्जनों बुद्धिजीवी मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में विषाक्त भोजन खाने से 14 बच्चें बीमार

**निज संवाददाता** | नवादा

नगर थाना क्षेत्र के महुली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को परोसे गए भोजन में मृत छिपकली मिलने से हड़कंप मच गया। भोजन करने के बाद 14 बच्चे बीमार हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद आंगनबाड़ी केंद्र की भोजन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। आंगनबाड़ी केंद्र महुली में छोटे बच्चों को पढ़ाई के बाद दोपहर के भोजन में खिचड़ी परोसा गया था। जैसे ही बच्चों ने खाना शुरू किया, उन्होंने थाली में मृत छिपकली देखी, इसके बाद भोजन खाने वाले सभी बच्चों की तबियत बिगड़ने लगी। बीमार बच्चों को तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर के अनुसार सभी बच्चे अब खतरे से बाहर हैं। उनकी स्थिति स्थिर है। आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को विषाक्त भोजन दिया गया, जिससे बच्चे बीमार हो गये। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अजय कुमार ने बताया कि सभी बच्चों का उचित उपचार किया जा रहा है।

## 05 साइबर ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**निज संवाददाता** | नवादा




जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र से साइबर सेल की टीम ने 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी शातिर साइबर ठग इंडिया बुल्स और धनी फाइनेंस के नाम पर देश के विभिन्न प्रांत के लोगों से सस्ते दर पर लोन आदि का प्रलोभन देकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसूदा गांव और सिमरी गांव में छापेमारी कर 5 साइबर ठग को दबोचा है। पुलिस के हत्थे चढ़े सभी शातिर साइबर ठग लोगों को कॉल कर रिलायंस फाइनेंस एवं धनी फाइनेंस का नकली कागजात बनाकर उन्हें भेजते हैं। उसके बाद दो से तीन परसेंट ब्याज पर आधे घंटे में लोन देने का झांसा देकर लोगों से पैसे की ठगी कर रहे थे। इंडियन बुल्स और धनी फाइनेंस के नाम पर शातिर ठग एप का इस्तेमाल करते थे, जिसके नाम राशि इत्यादि डालने पर नकली अप्रूवल लेटर बन जाता था। शातिर साइबर ठग लोगों को डराने के लिए 100 के नकली स्टांप पेपर पर लीगल नोटिस भी भेजते थे। पुलिस ने छापेमारी के क्रम में साइबर अपराधियों के पास से 13 एंड्रॉयड मोबाइल, 1 डाटा शीट, जिसमें बहुत सारे मोबाइल नंबर अंकित है और कई पन्नो का बैंक अकाउंट का नंबर लिखे कागज बरामद किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े सभी शातिर साइबर ठग जिले के वरिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसूदा गांव के वीरेंद्र कुमार, सिमरी गांव के रंजीत कुमार, टाटीमीर गांव के रवि कुमार, रोह थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव के मुकेश कुमार और अकबरपुर थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव के नंदन कुमार बताए जाते हैं।

# वनकर्मियों से मारपीट के मामले में चार नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**निज संवाददाता** | रजौली




थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत के चपहेल गांव में वनकर्मियों द्वारा पकड़कर लाये जा रहे बालू लदे ट्रैक्टर को जबरन छुड़ाने एवं वनकर्मियों के साथ मारपीट के मामले में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने 24 घण्टे के अंदर चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। साथ ही वनकर्मियों से छीने गए ट्रैक्टर को टेलर समेत जब्त कर थाना परिसर में लगाया गया है। एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार की सुबह लगभग 9:30 बजे वनकर्मी वन सीमा के अंदर अवैध रूप से बालू का खनन करते हुए एक बालू लदे महिन्द्रा ट्रैक्टर को जब्त किया था। जब्त बालू लदे ट्रैक्टर को वन परिसर लाया जा रहा था, इसी दौरान चपहेल गांव के समीप कुछ अपराधकर्मी के द्वारा वनकर्मी के साथ मारपीट कर जब्त ट्रैक्टर को छुड़ा लिया गया। इस दौरान दो वनरक्षी संजीव कुमार एवं सुनील कुमार घायल हो गए थे। वनपाल पंकज कुमार द्वारा लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी दी गई। लिखित आवेदन के आलोक में सात नामजद एवं कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाना काण्ड संख्या 365/24 में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। वहीं शुक्रवार की शाम को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम में थानाध्यक्ष के अलावे एसआई पिंकी कुमारी, पीएसआई रौशन कुमार एवं एएसआई पवन कुमार के अलावे सशस्त्र बल मौजूद थे। एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी के दौरान सात नामजदों में चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार लोगों की पहचान कुम्हरुआ गांव निवासी दमोदर प्रसाद यादव के पुत्र लल्लू कुमार, साजन राजवंशी उर्फ फाकी राजवंशी, विष्णु प्रसाद के पुत्र अशोक प्रसाद एवं इन्द्रदेव यादव के पुत्र चन्दन कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार लोगों को शनिवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार लोगों के निशानदेही पर छुड़ाये गए ट्रैक्टर को भी टेलर समेत जब्त कर थाना परिसर में लगाया गया है। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस व प्रशासन के साथ उपद्रवियों द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने पर पुलिस उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगा। साथ ही कहा कि वनकर्मियों के साथ मारपीट मामले में अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस बल छापेमारी कर रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इस पुलिसिया कार्रवाई को देखकर अन्य उपद्रवियों में भय का माहौल देखा जा रहा है।

## नगर पंचायत के विद्यालयों के अर्धवार्षिक परीक्षा के कॉपियों की हो रही जांच



**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)

नगर पंचायत के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित हो चुके अर्धवार्षिक परीक्षा के कॉपियों की जांच मध्य विद्यालय रजौली में केंद्राधीक्षक ममता रानी के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश के आलोक में छात्र-छात्राओं के परीक्षा कक्ष में दूसरे विद्यालय के शिक्षकगणों की देखरेख अर्धवार्षिक परीक्षा का संचालन किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु अभी से कदाचारमुक्त परीक्षा की आदत बना लें। वहीं अर्धवार्षिक परीक्षा के समाप्ति के बाद कॉपियों की जांच के लिए मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षाओं के तर्ज पर एक विद्यालय में कई विद्यालयों के शिक्षकगण एकत्रित होकर छात्र-छात्राओं के कॉपियों की जांच में जुटे हुए हैं। मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सह केंद्राधीक्षक ममता रानी ने बताई कि बिहार राज्य परियोजना के द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा 2024 का मूल्यांकन का कार्य बीते 27 सितम्बर से किया जा रहा है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय घसियाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामदासी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय महसई के अलावे अन्य विद्यालय शामिल हैं।

### डायल 112 की टीम से मारपीट में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत शाम करीब 5 बजे डायल 112 की टीम के द्वारा गश्ती की जा रही थी। इसी दौरान फाजिलपुर में कुछ लोगों द्वारा डायल 112 की टीम के साथ गाली गलोज किया गया। इस बात का विरोध करने पर कुछ उपद्रवियों द्वारा उनके साथ मारपीट भी की गई। घटना के संदर्भ में सुसंगत धारा अंतर्गत नारदीगंज थाना कांड संख्या 334/24 दिनांक 24/09/24 दर्ज किया गया। इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा सदर एसडीपीओ 2 के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया एवं संलिप्त अभियुक्त की अविलंब गिरफ्तारी एवं सख्त कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। गठित एसआईटी द्वारा घटना में संलिप्त 04 अभियुक्त की पहचान कर गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। टेक्निकल एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त (1) बुलेटिन उर्फ 'राजनीति' को ग्राम संबलपुर थाना राजगीर जिला नालंदा से एवं (2) संटू कुमार को ग्राम फाजिलपुर थाना नारदीगंज जिला नवादा से गिरफ्तार किया गया। थाना परिसर लाकर उनसे सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी। गिरफ्तार अभियुक्त में बुलेटिन उर्फ 'राजनीति' पे० बौधु सिंह, सा० फाजिलपुर थाना- नारदीगंज, जिला- नवादा संटू कुमार, पे०- स्व० मुंगी सिंह, सा०-फाजिलपुर, थाना- नारदीगंज का बताया जाता है।

# भूकंप आने पर क्या करें, क्या ना करें की दी गयी जानकारी

**निज संवाददाता** | नवादा



जिला पदाधिकारी, आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा के निदेश के आलोक में आज डीआरडीए सभागार में भूकम्प आपदा से संबंधित जिला स्तर पर मॉक अभ्यास के संबंध में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में एनडीआरएफ के टीम के द्वारा भूकम्प आपदा से संबंधित उपस्थित पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान टीम द्वारा निर्धारित गतिविधियों की जानकारी देते हुए इसकी आवश्यकता को परिलक्षित किया गया। क्या करें तथा क्या ना करें के बारे में जानकारी दी गयी, जो निम्नवत हैः-

**भूकंप आने से पहले क्या करें**

छत तथा नींव के पलास्तर में पड़ी दरारों की मरम्मत कराएं। यदि कोई संरचनात्मक कमी का संकेत हो तो विशेषज्ञ की सलाह लें। सीलिंग में ऊपरी (ओवरहेड) लाइटिंग फिक्सचर्स (झूमर आदि) को सही तरह से टांगें। भवन निर्माण मानकों हेतु पक्के इलाके में प्रासंगिक बीआईएस संहिताओं का पालन करें। सांकल/चिटकनी वाली लकड़ी की निचली बंद कैबिनेटों में भंगुर (ब्रेकेबल) मदें जैसे बोतलबंद खाद्य सामग्री, गिलास तथा चीनी मिट्टी के बर्तन को रखें। भारी चीजों जैसे तस्वीर तथा शीशे आदि को, बिस्तर, सेटीज (सोफा, बेंच या कोच) तथा जहां भी लोग बैठते हैं, से दूर रखें। फैन फिक्चर्स तथा ओवरहेड लाइट को नट-बोल्ट की मदद से अच्छी तरह फिट कराएं। खराब या दोषपूर्ण बिजली की तारों तथा लीक करने वाले गैस कनेक्शनों की मरम्मत कराएं जिनसे आग लगने के जोखिम की संभावना होती है। पानी गर्म करने का हीटर, एलपीजी सिलेंडर आदि को दीवार के साथ अच्छी तरह कसवाएं बंधवाएं अथवा फर्श पर बोल्ट कसवा के उन्हें सुरक्षित बनाएं। कीटनाशक तथा ज्वलनशील पदार्थों को सांकल वाले कैबिनेटों में तथा नीचे के शेल्फों में सावधानी से रखें। घर के अंदर तथा बाहर सुरक्षित स्थानों को तलाश कर रखें। मजबूत खाने की मेज, बिस्तर के नीचे। किसी भीतरी दीवार के साथ। उस जगह से दूर जाना जहां खिड़की, शीषे, तस्वीरों से कांच गिरकर टूट सकता हो अथवा जहां किताबों के भारी शेल्फ अथवा भारी फर्नीचर नीचे गिर सकता हो। खुले क्षेत्र में बिल्डिंग, पेड़ों, टेलीफोन, बिजली की लाइनों, फ्लाईओवरों तथा पुलों से दूर रहें। आपातकालीन टेलीफोन नंबरों को याद रखें (जैसे डाक्टरों, अस्पतालों, तथा पुलिस आदि के टेलीफोन नंबर)। स्वयं तथा परिवार के सदस्यों को भूकंप के बारे में जानकारी दें। आपदा आपातकालीन किट को तैयार रखें। अतिरिक्त बैटरियों सहित बैटरी चालित टॉर्च, बैटरी चालित रेडियो, प्राथमिक सहायता थैला (किट) तथा मैनुअल, आपातकालीन खाद्य सामग्री (ड्राई आइटम्स) तथा पीने का पानी (पैक्ड तथा सीलबंद), एक वाटरप्रूफ कंटेनर में मोमबत्तियों तथा माचिसें, चाकू, क्लोरीन की गोलियां तथा पाउडर-युक्त वाटर प्यूरिफायर, केन ओपनर, अनिवार्य दवाइयां, नकदी तथा क्रेडिट कार्ड, मोटी रस्सी तथा डोरियां, मजबूत जूते, एक आपातकालीन संप्रेशण योजना तैयार आदि रखना अत्यन्त आवश्यक है। यदि किसी स्थिति में परिवार के सदस्य एक-दूसरे से भूकंप के दौरान अलग हो जाएं (दिन के दौरान होने वाली एक वास्तविक संभावना जब घर के वयस्क सदस्य काम पर गए हों और बच्चे स्कूल में हो), आपदा के बाद वापस इकट्ठा होने के लिए एक योजना तैयार रखें। राज्य से बाहर रहने वाले अपने रिष्तेदार अथवा दोस्त को आपदा के बाद "पारिवारिक सूत्र" (फैमिली कांटेक्ट) के रूप में उपलब्ध होने के लिए कहें, अक्सर दूर स्थित व्यक्ति से बात करना आसान होता है। सुनिश्चित करें कि परिवार का हर व्यक्ति संपर्क सूत्र (कांटेक्ट पर्सन) का नाम, पता तथा फोन नंबर जानता हो। अपने समुदाय को तैयार रहने में मदद करें। घर में खतरों को पता लगाने के लिए साप्ताहिक अवधि वाली श्रृंखलाओं का संचालन करें। विकलांग व्यक्तियों (मूक-बधिर, दृष्टिहीन, अपंग आदि) के लिए विशेष रिपोर्ट को तैयार करने हेतु स्थानीय आपातकालीन सेवाओं तथा अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ इस पर बात काम करना कि भूकंप के दौरान उनके लिए क्या किया जाए। अपने समुदाय में अपनी जानकारी को भवन निर्माण संहिताओं पुनर्निर्माण/पुनःमरम्मत (रेट्रोफिटिंग) कार्यक्रमों, खतरे के बारे में पता लगाने, आस-पड़ोस तथा परिवार के लिए आपातकालीन योजनाओं को बनाने में प्रयोग करने के लिए मिल-जुलकर काम करने आदि पर विषेष ध्यान दें।

**भूकंप के दौरान क्या करें**

भूकंप के दौरान जितना संभव हो उतना सुरक्षित रहें। इस बात के प्रति सतर्क रहें कि कौन-से भूकंप वास्तव में इसकी पूर्व-चेतावनी देने वाले भूकंप के झटके होते हैं और बाद में बड़ा भूकंप भी आ सकता है। धीरे-धीरे कुछ कदमों तक सीमित हलचल करें जिससे पास में किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें और भूकंप के झटकों के रुकने पर घर में तब तक रहें जब तक कि आपको यह सुनिश्चित हो जाएं कि बाहर निकलना सुरक्षित है।

**यदि आप घर के अंदर होंः-**

आप यदि घर के अंदर हों तो जमीन पर झुक जाए, किसी मजबूत मेज अथवा फर्नीचर के किसी हिस्से के नीचे शरण लें अथवा तब तक मजबूती से पकड़कर बैठे रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं। यदि आपके पास कोई मेज या डेस्क न हो तो अपने चेहरे तथा सिर को अपने बाजुओं से ढक लें और बिल्डिंग के किसी कोने में झुक कर बैठ जाएं। किसी आंतरिक दरवाजे के लिन्टॅल (लेंटर), किसी कमरे के कोने में, किसी मेज अथवा यहां तक कि किसी पलंग के नीचे रुककर अपने आपको बचाएं। शीशे, खिड़कियों, दरवाजों तथा दीवारों से दूर रहें अथवा ऐसी कोई चीज जो गिर सकती हो (जैसे लाइटिंग फिक्सचर्स या फर्नीचर), से दूर रहें। भूकंप के शुरू होने पर, यदि आप उस समय पलंग पर हों तो पलंग पर ही रहें। अपने सिर पर किसी तकिए को ढककर बचाएं जब तक कि आप किसी भारी लाइट फिक्सचर जो गिर सकती हो, के नीचे न आएं। यदि ऐसी स्थिति हो तो पास के किसी सुरक्षित स्थान की ओर खिसक जाएं। शरण लेने के लिए तभी ऐसे किसी दरवाजे से निकलकर बाहर जाएं जब वह आपके निकट हो और आप जानते हों कि ये किसी सषक्त सहारे (सपोर्ट) वाला है या यह सशक्त और वजन को झेल सकने वाला दरवाजा है। जब तक भूकंप के झटके न रुके तथा बाहर जाना सुरक्षित न हो तब तक अंदर रुके रहें। अनुसंधान से यह पता चला है कि ज्यादातर चोटें तब लगती है जब भवन के अंदर मौजूद लोग किसी दूसरी जगह अथवा बाहर जाने का प्रयास करते हैं। ध्यान रखें कि बिजली कभी भी जा सकती है अथवा स्प्रिंकलर सिस्टम अथवा चेतावनी वाले फायर अलार्म कभी भी चालू हो सकते हैं।

**यदि आप घर के बाहर हों**

यदि आप घर के बाहर हों तो जहां हों वहां से आप न हिलें। तथापि बिल्डिंग, पेड़ों, स्ट्रीट लाइटों तथा बिजली/टेलीफोन आदि की तारों आदि से दूर रहें। यदि आप किसी खुली जगह पर हों तो वहां तब तक रुके रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं। सबसे बड़ा खतरा बिल्डिंग के बाहर, निकास द्वारों तथा इसकी बाहरी दीवारों के पास होता है। भूकंप से संबंधित अधिकांश दुर्घटनाएं दीवारों के गिरने, टूटकर गिरने वाले कांच तथा गिरने वाली वस्तुओं के कारण होती हैं।

**यदि किसी चलते वाहन में हों**

जितनी जल्दी संभव हो सुरक्षा के साथ गाड़ी रोकें तथा गाड़ी में रुके रहें। बिल्डिंग, पेड़ों, ओवरपास, बिजलीध्टेलीफोन आदि की तारों के पास अथवा नीचे रुकने से बचें। सावधानी से भूकंप के रुकने के बाद आगे बढ़ें अथवा सड़कों, पुलों, रैम्प से बचें जो भूकंप द्वारा क्षतिग्रस्त हुए हो सकते हैं।

**यदि मलबे के नीचे फंसे हों**

माचिस की तीली को न जलाएं। धूल न उड़ाएं अथवा हिले-डुले नहीं। अपने मुंह को किसी रुमाल अथवा कपड़े से ढकें। किसी पाइप अथवा दीवार को थपथपाएं ताकि बचाने वाले आपको ढूंढ सकें। यदि उपलब्ध हो तो सीटी का उपयोग करें। अगर और कोई उपाय न हो तो तेजी से चिल्लाएं। चिल्लाने से आपके मुंह में सांस के द्वारा खतरनाक धूल अंदर जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय विवि में स्नेहाशीष करेंगे राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला को संबोधित

**बक्सर**। बक्सर के निवासी और आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना में मीडिया प्राध्यापक के रूप में कार्यरत डॉ. स्नेहाशीष वर्धन हैदराबाद के मानू केंद्रीय विवि में राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला को संबोधित करेंगे। हैदराबाद स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला में बतौर विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया है। डॉ. स्नेहाशीष ने बताया कि मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो मोहम्मद फरियाद के संयोजन में आयोजित इस 2 दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला में मीडिया में नवाचार को अपनाने वाली मोबाइल और डेटा पत्रकारिता विषय पर मीडिया के विद्यार्थियों को नए गुर बताने के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो आतिश पराशर, कश्मीर विश्वविद्यालय की प्रो सैयद अफसाना सहित देश भर के मीडिया के प्राध्यापक और मीडिया के बड़े नाम शामिल होंगे। इसमें मोबाइल के पत्रकारिता में बढ़ते महत्व को लेकर विभिन्न विषयों पर मीडिया के विशेषज्ञ अपना संबोधन देंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में को क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहे हैं उनको लेकर ऐसे मीडिया कार्यशाला बेहद कारगर साबित होंगे।

### रेड क्रॉस की तरफ से राजभवन के प्रतिनिधि ने बांटा बाढ़ राहत सामग्री

**आरा**। जिले के बड़हरा प्रखंड के मौजमपुर गांव में बाढ़ भी विभीषिका से प्रभावित लगभग 300 परिवारों को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं कंचन शल्य निकेतन ने राहत सामग्री वितरण किया। राहत सामग्री में तिरपाल शीट, बाल्टी, सत्तू, मग, बर्तन, चूड़ा, गुड़, बिस्कुट,एवं दैनिक जीवन में काम आने वाली सामग्री- साबुन, तेल, ब्रश, पेस्ट, सेनेटरी नैपकिन, आदि वितरित किए गए। वितरण कार्यक्रम में राज भवन के प्रतिनिधि रोहित कुमार भी शामिल थे। वितरण का नेतृत्व डॉ पी सिंह एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की सचिव डॉ विभा कुमारी ने किया। राजभवन प्रतिनिधि रोहित कुमार ने कहा कि महामहिम राज्य स्तर पर रेड क्रॉस समिति के प्रेसिडेंट होते हैं। डॉ पी सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हर संभव मदद करती है।

### बैंक कर्मियों की हड़ताल से यूनियन बैंक में कामकाज रहा ठप, तालाबंदी

**आरा**। यूनियन बैंक के कर्मियों क हड़ताल के कारण शुक्रवार को जिले की सभी शाखाओं में कामकाज ठप रहा है। यूनियन बैंक एंप्लॉयज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आह्वान पर कुछ शाखाओं में बैंक कर्मियों ने तालाबंदी भी की। इस दौरान आरा के मुख्य कार्यालय, पकड़ी, संदेश, बगवा व बिहिया समेत कई शाखाएं बंद रही। कर्मचारियों ने कर्मन टोला, पकड़ी चौक सहित भोजपुर की सभी यूनियन बैंक के कार्यालय में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। हड़ताल के कारण बैंक अधिकारी, यूनियनों से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य भी बैंक में प्रवेश नहीं कर पाये। बैंक एंप्लॉयज फेडरेशन ऑफ इंडिया भोजपुर के राजेन्द्र नगर यूनियन बैंक में तालाबंदी के बाद प्रदर्शनकारी बैंक कर्मी, नीरज कुमार, चंदन कुमार, रितेश, संजय कुमार, राजेश कुमार, दीपू एवं अन्य कर्मचारियों ने कहा कि बैंक में 12 साल से कई पदों पर भर्ती बंद है, जिसकी वजह से काम का बोझ बढ़ता जा रहा है और बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है। इसपर विचार किया जाना चाहिए।

### इस दुर्गापूजा चौगाईं में दिखेगा जयपुर का हवामहल

**चौगाईं**। दुर्गापूजा पर इस बार चौगाईं में जयपुर का हवा महल दिखेगा। पंडाल के निर्माण में कारीगर जोरशोर से लगे हैं। मां जगदंबे की प्रतिमा को भी फाइनल टच दिया जाना शुरू हो गया है। पंडाल का ढांचा लगभग आकार ले चुका है। श्री श्री दुर्गापूजा समिति के द्वारा चौगाईं दुर्गा स्थान पर हर साल की तरह इस साल भी दुर्गापूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के मेंबर हरेराम सिंह ने बताया कि जयपुर के हवा महल की तर्ज पर पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल निर्माण में साढ़े पांच सौ बांस लगाए जा चुके हैं। 46 प्लाईवुड से हवा महल को आकार दिया जाएगा। पंडाल की ऊंचाई 62 फीट रखी गई है। इस आयोजन की खासियत यह है कि मूर्तिकार से लेकर पंडाल के कारीगर तक स्थानीय ही होते हैं। बंगाल से कारीगर नहीं बुलाए जाते। मूर्तिकार रघुनाथपुर के जोखन मिस्त्री हैं। वहीं पंडाल के निर्माण में पवन ठाकुर, विजय शर्मा, लालजी शर्मा, बिट्टू शर्मा व अन्य लोग शामिल हैं। समिति के कर्ताधर्ता में विमलेश कुमार सिंह, सरोज केशरी व अन्य लोग पूजा की तैयारी में जोरशोर से लगे हैं। पूर्व वार्ड सदस्य गणेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हलवाई टोला में पूजा की शुरुआत 1956 में की गई थी। पूजा की नींव बंगाली डॉक्टर ने रखी थी। तभी से हर साल धूमधाम से मां दुर्गा की यहां पूजा होती है। यहां की दुर्गापूजा व पंडाल को देखने के लिए आस-पास के कई गांवों के लोग पहुंचते हैं। विधि व्यवस्था के लिए समिति के सदस्य व वालंटियर तैनात रहते हैं।



### प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग प्रोग्राम के तहत शिक्षा चौपाल के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**डुमरांव**। डुमरांव के प्रखंड कार्यालय सभागार में बीईओ की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग प्रोग्राम के तहत शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के साथ ही डुमरांव प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापकों की बैठक भी आहूत की गई। कार्यक्रम में अनुश्रवण कर्ता के रूप में दुर्गमांघे, प्रशिक्षक के रूप में सोनू कुमार वर्मा, नवनीत कुमार, अभिषेक उपाध्याय सहित अन्य कई मौजूद रहें। बैठक में उपस्थित शिक्षकों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवम विद्यालय में क्रियान्वयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। डीपीओ सह बीईओ ने बताया कि राज्यभर के सरकारी स्कूलों में बच्चों की बेहतरी, शिक्षात्मक विकास और उनकी प्रगति के लिए रणनीति बनाने के लिए 28 सितंबर को शिक्षा चौपाल लगेगी। शिक्षा चौपाल में स्कूलों में बच्चों के अभिभावकों के साथ समुदाय भागीदारी भी होगी। इसमें शामिल होने वाले अभिभावक स्कूलों में परियोजना आधारित कार्य के तहत अपने बच्चों की ओर से किए गए कार्यों को भी देखेंगे। इसके लिए विद्यालय की ओर से सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया जा रहा है। शिक्षा चौपाल का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के निर्देश पर नेशनल कॅरिकुलम फ्रेमवर्क के तहत सभी स्कूलों में किया जा रहा है। शिक्षा चौपाल वाले दिन स्कूलों अगला अभिभावक अपने बच्चों पीबीएल के तहत किए गए रचनात्मक जैसे वाटर साइकिल का मॉडल, प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया पर तैयार मॉडल आदि को देखेंगे। गांवों की बेहतरी और विकास के लिए लगने वाली चौपाल के तर्ज पर स्कूलों में शिक्षा चौपाल लगाई जा रही है। इसमें स्कूलों में शिक्षकों को बच्चों के लिए क्या करना चाहिए इसके बारे में अभिभावक अनुशंसा करेंगे। वहीं घर पर बच्चों के शिक्षा की बेहतरी के लिए अभिभावकों का क्या दायित्व है इसपर शिक्षक अभिभावकों को जरूरी सुझाव देंगे। शिक्षा चौपाल में बच्चों की प्रगति में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी इसके लिए ग्रामीणों को आमंत्रण दिया जा रहा है।

# विधानसभा चुनाव के लिए लोगों से फीडबैक ले रहे कुशवाहा, कहा- अब अपहरण की रकम तय नहीं होती

निज संवाददाता। आरा

बिहार यात्रा के दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा औरंगाबाद और रोहतास के रास्ते शुक्रवार की देर शाम आरा पहुंचे। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा, जेडीयू के एमएलसी भगवान सिंह कुशवाहा समेत पार्टी के कई नेता मौजूद थे। उपेंद्र कुशवाहा ने आरा सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बिहार यात्रा के दौरान आम जनता, पार्टी व एनडीए के कार्यकर्ता और नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। सभी से मिलकर आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए फीडबैक लेना है। ताकि आने वाले समय नीतीश के नेतृत्व एक मजबूत सरकार फिर से बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से अपहरण की रकम अब नहीं तय होती।

**लोकसभा चुनाव का अनुभव लेना चाहतेः** इस दौरान उपेंद्र ने कहा की लोकसभा चुनाव का अनुभव लेना चाहते है। शाहाबाद व मगध क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव का परिणाम उम्मीद से उल्टा आया है। इसलिए बिहार यात्रा का पहला चरण इसी इलाके से शुरू किए हैं। लोकसभा चुनाव में लोगों ने देखा कि कैसे महागठबंधन के लोगों ने साजिश कर शाहाबाद में सीट हासिल की। साजिश के शिकार जो एनडीए के लोग हो गए थे अब उनको भी यह बात समझ में आ गई है कि हम दूसरे के साजिश में फंसे थे। जिसका परिणाम ऐसा आया है। राजद के नेताओं में एक गलतफहमी है कि 2020 में भी उनके ही पक्ष में इन इलाकों में ज्यादातर विधानसभा क्षेत्रों में रिजल्ट आ गया था । उसको लेकर भी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं कि इस बार भी हमारी सीट ज्यादा आएगी। उस समय कई फैक्टर थे जो आज के समय में नहीं है। 2020 के चुनाव में लोकजनशक्ति पार्टी की ओर से उम्मीदवारी हो गई थी। हम भी उस चुनाव में एनडीए के खिलाफ में अलग गठबंधन में थे। पिछले विधानसभा में एनडीए के वोट



अलग-अलग बटवारा हो गया था। जिसके चलते 2020 में राजद को फायदा हो गया था। इस बार एनडीए के नेता एकजुटता के साथ 2025 के चुनाव में है । आने वाले विधानसभा चुनाव में पिछले बार से अच्छी स्थिति एनडीए की रहेगी।

**ममता बनर्जी से कार्रवाई का अनुरोधः** बिहारी छात्र के पिटाई के सवाल पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बंगाल में बिहार के नौजवानों के साथ जो दुर्व्यवहार की घटना हुई है उसको लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि सुनिश्चित कीजिए कि आने वाले समय में ऐसी घटना दोबारा ना हो। इस कांड में जो भी आरोपी हैं उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दें। ताकि आगे आने वाले समय में ऐसी घटना दोबारा कोई ना करें। वही तेजस्वी के बयान पर कहा कि राजद के लोग राजनीतिक लाभ के लिए कुछ करते हैं पब्लिक के इंटरेस्ट से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। लालू-तेजस्वी समेत राजद के लोग छटपटाहट में हैं कि कैसे सत्ता में फिर से वापस आ जाएं। उपेंद्र ने कहा कि एक अणे मार्ग में बैठकर फिरौती की रकम आज के समय में तय नहीं होती है। राजद की सरकार में अपहरण होता था और मुख्यमंत्री आवास से अपहरण की रकम तय होती थी। बड़े–छोटे व्यवसाय करने वाले लोग बिहार छोड़कर भाग जाते थे। आज के समय में क्राइम होती है लेकिन आज के समय में ऐसी स्थिति नहीं है। गिरफ्तारी होती है।

## बकरी चराने गई महिला की करंट से मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के संदेश गांव स्थित बधार में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से बकरी चराने गई एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के संदेश गांव वार्ड नंबर 11 निवासी तैयब मियां की 28 वर्षीय पत्नी जुमन खातून है। मृतका के पति तैयब मियां ने बताया कि वह बकरी चराने के लिए गांव में ही स्थित बधार में गई थी। वह बधार में बकरी को बांधने जा रही थी। ऊपर से बिजली का विद्युत प्रवाहित तार लटक रहा था। इसी क्रम में उनका हाथ तार के संपर्क में आ गया। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**ग्रामीण ने दी परिजनों को सूचनाः** एक ग्रामीण उस रास्ते से गुजर रहे थे। उन्होंने महिला की लाश देखी। जिसके बाद उन्होंने इसकी



♦ खेत में बिजली का तार लटका हुआ था, संपर्क में आने से मौके पर ही तोड़ा दम

सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतका को दो पुत्र आरिफ,आदिल और एक बेटी जोया है।

## हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज, दो को हिरासत में लिया, पत्नी के बयान पर गांव के तीन नामजद और एक अज्ञात पर केस दर्ज

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के मुफस्सिल थाना के लक्ष्मणपुर गांव में गुरुवार देर रात एक व्यक्ति की गोली मार हत्या कर दी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज करी ली गई है। मृतक की पत्नी लीलावती देवी ने गांव के चंदन, विकास और रोहित समेत एक अज्ञात पर केस किया है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उधार के पैसे को लेकर विवाद था। इसी को लेकर हत्या की गई है। पुलिस 2 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। परिजनो के अनुसार काफी करीब से गोली मारी गई है। गोली मारने से पहले चोकू मार गला दबाया गया।

**फॉरेंसिक जांच की टीम घटनास्थल पर पहुंची थीः** मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्षणपुर गांव वार्ड नंबर-17 निवासी स्व.लच्छीधर प्रसाद के 44 वर्षीय पुत्र रामबाबू प्रसाद है और वह पेशे से किसान थे। उधर, घटना की सूचना पाकर

बकाया पैसे के विवाद में वारदात



एसएसपी परिचय कुमार मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा, डीआईयू और फॉरेंसिक जांच की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा, एक स्टील और एक प्लास्टिक का गिलास व तीन फ्रूटी के पैक का डिब्बा बरामद किया था। इसके बाद फॉरेंसिक जांच की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य भी संकलन किया।

**तीन युवकों ने फोन कर बगीचे में बुलाया थाः** इधर मृतक के बेटे गोलू कुमार ने बताया कि गुरुवार की शाम गांव के ही तीन युवकों ने फोन कर उन्हें पार्टी मनाने के लिए घर से बगीचे में बुलाया गया था। जहां पार्टी के दौरान उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की सुबह जब गांव के एक पंडित बगीचे की तरफ गए तो उन्होंने उन्हें वहां बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी और कहा कि वह बगीचे में पड़े हैं। दूसरी तरफ मृतक के छोटे बेटे गोलू कुमार ने गांव के ही विकास, तूफानी और चंदन नामक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पाकर जमीरा पंचायत के पूर्व सरपंच लालजी प्रसाद मृतक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रशासन से तत्काल मुआवजा देने औऱ मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

## 2 वाहनों से भारी मात्रा में शराब बरामद, 3 गिरफ्तार, पशु आहार के बीच छुपाकर रखी 396 लीटर शराब

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर से यूपी को वाली दो पुल के रास्ते में शराब तस्करी करते हुए दो वाहनों को पकड़ा गया है। दोनों गाड़ियों में भरी मात्रा में शराब छुपाया गया था। जिसमें एक ट्रक में पशु आहार के बीच से तो वहीं दूसरी गाड़ी वैगनआर कार से बरामदगी हुई है। शराब बरामदगी के दौरान पुलिस ने तीन शराब तस्कर को भी गिरफ्तार की। वाहनों की तलाशी के दौरान 44 पेटी विदेशी शराब मिली। जो लगभग 396 लीटर थी। जब्त किए गए शराब की कीमत तीन लाख रुपए से ऊपर लगाया जा रहा है।

**44 पेटी विदेशी शराब और 888 पीस बीयर बरामदः** मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बक्सर जिले के रामपुर गांव में स्थित देवलपुल यूपी को बिहार से जोड़ती है। जहां बिहार की सीमा में उत्पाद विभाग के पुलिस



तैनात है। जो यूपी से बिहार में प्रवेश करने वाले वाहनों को बारीकी से जांच करती है। शुक्रवार की रात में एक ट्रक जैसे ही बिहार में प्रवेश की। उसे रोककर देखा गया तो उसमे पशु आहार लोड किया गया था। लेकिन पुलिस को मिली सूचना के आधार पर जब ट्रक के अंदर पशु आहार को हटाकर तलाशी ली गई तो अंदर शराब 44 पेटी विदेशी शराब छुपा कर रखी गई थी। इस दैरान पुलिस ने ट्रक चालक और उसके साथ बैठे दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया।जिसमें विशाल कुमार, नवानगर के महादेवगंज का निवासी हैं। वहीं, दूसरे संजीव कुमार,भोजपुर जिले के चौरी गांव निवासी हैं। पूछताछ में उनलोगों द्वारा बताया गया कि वो भटककर बिहार में प्रवेश कर गए हैं। वहीं, चौसा चेकपोस्ट से वैगनआर कार से शराब तस्करी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए चेकपोस्ट प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया गया क कार से 888 पीस बीयर केन बरामद किया गया है। पकड़ा गया तस्कर यूपी से बिहार में शराब खपाने की फिराक में था। कार चला रहे भोजपुर जिला के कुल्हडिया गांव निवासी समीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

## शांति समिति की बैठक में प्रशासन ने जारी की गाइडलाइन

निज संवाददाता। डुमरांव

डुमरांव 03 अक्टूबर से कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र शुरू होगीं। इसके लिए अनुमण्डल क्षेत्र में पूजा समितियों द्वारा तैयारी पूरे जोरशोर से जारी है। दुर्गापूजा व दशहरा के दौरान शांति, सौहार्द व विधि-व्यवस्था बनीं रहे। इसके लिए बुधवार को कोरानसराय थाना परिसर में एसडीएम व एसडीपीओ के द्वारा शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम राकेश कुमार व अफाक अख्तर अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। दुर्गापूजा के आयोजन और विसर्जन जुलूस के लिए पूर्व से ही सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना होगा। इस दौरान डीजे पर पूरी तरह पाबंद लगाई गई है। प्रशासन ने मूर्ति की अधिकतम ऊँचाई 20 फीट और उपरी संरचना की ऊँचाई 40 फीट तक सीमित कर दी है। मूर्ति की ऊपरी संरचना के निर्माण में पारा, कैडमियम, आर्सेनिक, शीशा और क्रोमियम जैसी जहरीली भारी धातुओं वाले कृत्रिम रंगों का उपयोग ना करने का सख्त निर्देश दिया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पंडालों में सीसीटीवी लगाने, बिजली के वैध कनेक्शन लेने और अग्निशमन यंत्र के उपयोग करने को कहा गया। पूजा समितियों को पंडालों के पास भीड़ नियंत्रण व पार्किंग प्रबंध करना होगा। वहीं समितियां अपने-अपने वालिंटियर को आईडी कार्ड जारी करें। पुराने रूट पर ही जुलूस के लिए लाइसेंस जारी होगा। वहीं मूर्तियों का विसर्जन कृत्रिम तालाब में करने को कहा गया। बताया कि जुलूस में हथियार ले जाना या प्रदर्शन आर्म्स एक्ट के तहत प्रतिबंधित है। साफ-सफाई, और बिजली के लटके व लूज तारों की दुरूस्त का निर्देश एसडीएम राकेश कुमार ने आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए मार्गों की नियमित साफ-सफाई, और बिजली के लटके व लूज तारों की दुरूस्त का निर्देश संबंधित विभाग को दिया।

## एक्ट्रेस बोली- 3 शादी कर चुके हैं, चौथी मुझसे की

### भोजपुरी सिंगर प्रमोद प्रेमी साथ नहीं रखना चाहते तो ना रखें, मुझे रास्ता तो बताएं

निज संवाददाता। आरा

'भोजपुरी सिंगर प्रमोद प्रेमी मेरे साथ जैसा व्यवहार कर रहे हैं, अब मैं भी उनके साथ नहीं रहना चाहती हूं। वो 3 शादी पहले ही कर चुके हैं। चौथी मुझसे की है। मुझे साथ नहीं रखना है तो ना रखें, लेकिन वो रास्ता बताए कि मुझे क्या करना चाहिए। प्रमोद प्रेमी जो बोलेंगे, वो मैं करने के लिए तैयार हूं। उनको जिसमें खुशी मिलेगी, मैं उसमें खुश हो जाऊंगी। मैं अब भी न्याय के लिए भटक रही हूं।' यह कहना है भोजपुरी एक्ट्रेस प्रियंका देवी का। प्रियंका ने सिंगर प्रमोद प्रेमी यादव पर शादी के बाद मारपीट कर छोड़ देने का आरोप लगाया है। यूपी की रहने वाली प्रियंका ने 15 जुलाई 2023 को सिंगर प्रमोद प्रेमी के खिलाफ भोजपुर के उदवंतनगर थाने में शिकायत की थी। 12 सितंबर को आरा सिविल कोर्ट ने प्रमोद प्रेमी की बेल ख़ारिज कर दी है।

**एसपी से मुलाकात कर लगाई न्याय की गुहारः** प्रियंका देवी न्याय के लिए अभी भी पुलिस का दरवाजा खटखटा रही है। वो शुक्रवार को एसपी ऑफिस पहुंची और श्री राज से मुलाकात कर न्याय की मांग की। उन्होंने कहा कि एसपी ने सारे कागजात मुझसे मांगे हैं और इस मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है। प्रियंका देवी ने बताया कि इस मामले में अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। केस जहां था, वहीं पर है। पुलिस ने अब तक प्रमोद प्रेमी को गिरफ्तार नहीं किया है। मुझे लगातार दिमागी तौर पर परेशान किया जा रहा है। मेरे घर की लाइट काट दी गई है। इस बीच मैंने कई बार प्रमोद से संपर्क करने का प्रयास किया पर वो मुझसे बात करना ही नहीं चाहते हैं।

**मैं भी प्रमोद के साथ नहीं रहना चाहती, लेकिन मुझे वो रास्ता दिखाएंः** प्रियंका देवी ने कहा कि 'जिस प्रकार से प्रमोद प्रेमी मेरे साथ व्यवहार कर रहे है। अब मैं भी उनके साथ नहीं रहना चाहती हूं। प्रमोद प्रेमी जो बोलेंगे वो मैं करने के लिए तैयार हूं। उनको जिसमें खुशी मिलेगी, मैं उसमें खुश हो जाऊंगी। लेकिन, मुझे वो रास्ता दिखाए, मेरा क्या होगा।'

**प्रियंका देवी के तथ्यों को सही पाया गयाः** इधर, प्रियंका देवी के वकील सत्यनारायण पांडेय



ने बताया कि 'प्रमोद प्रेमी द्वारा 26 जुलाई 2024 को एंट्री सेपेट्री बेल फाइल किया गया था। इसे एडीजे 5 सुप्रिया सिंह चौहान द्वारा 12 सितंबर 2024 को खारिज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कोर्ट में जो भी प्रियंका देवी द्वारा तथ्य पेश किया गया था, वो सही पाया गया है। अब पुलिस के ऊपर है कब उनकी गिरफ्तारी होती है।'

**2012 में पहली बार हुई थी दोनों की मुलाकातः** प्रियंका उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला की रहने वाली है। 2012 में पहली बार प्रियंका अपनी सहेली अनु प्रिय की मदद से प्रमोद प्रेमी से मिली थी। उसके बाद 2012 में ही आरा शहर से किसी गांव में डांस प्रोग्राम में प्रियंका, प्रमोद से मिली थी। उस प्रोग्राम में प्रमोद प्रेमी को 5 हजार रुपए मिले थे और प्रियंका को डांस करने के लिए 1500 मिला था।

**दोनों के साथ बने करीब 70 प्रतिशत गाने मार्केट में लॉन्चः** प्रियंका और प्रमोद दोनों पहली बार एक साथ 2012 के फरवरी में होली के गानों का ऐल्बम शूट कराया था। उसके बाद से प्रमोद प्रेमी और प्रियंका देवी ने स्टेज प्रोग्राम से लेकर गानों के ऐल्बम और कई फिल्में साथ में किया। दोनों के साथ बने करीब 70 प्रतिशत गाने मार्केट में लॉन्च है। प्रियंका का प्रमोद प्रेमी के पास 2012 तक पूरा आना-जाना रहा था।

**2013 में शारीरिक संबंध बनाकर प्रमोद ने शादी का किया था वादाः** प्रियंका देवी ने बताया कि 2013 पटना में स्टेज प्रोग्राम के बाद राजधानी में ही एक होटल में प्रियंका और प्रमोद एक ही कमरे में सो रहे थे। होटल के कमरे में प्रियंका फर्श पर सो रही थी। इसके बाद प्रमोद प्रेमी ने हाथ पकड़कर अपने साथ सोने को कहा और शादी करने का वादा किया था, जिसके बाद प्रियंका और प्रमोद हम बिस्तर हुए थे।

**शादी से पहले भी दो महीने तक प्रमोद के घर पर रही थी प्रियंकाः** इस बीच प्रमोद प्रेमी के भाई ने बताया था कि 'उसका भाई मेरे बिना नहीं रह सकता है। जहर खाकर मरने की बात कर रहे थे। प्रियंका के अनुसार, उनके घर वाले मुझे धमकी देने लगे, उनको कुछ हो जाएगा तो बता देंगे। जिसके बाद प्रमोद प्रेमी से बात हुई तो उन्होंने इमोशनल ब्लैकमेल कर मुझे अपने घर पर कल्याणपुर बुलाया था। जहां दो महीने तक मैं घर पर रही थी, वहीं पर प्रमोद प्रेमी की मां भी रहती थी।'

**2014 में रूम खोजने के लिए सिंदूर लगवाया थाः** प्रमोद प्रेमी यादव ने 2014 में रूम खोजने के लिए प्रियंका की मांग भरी थी। ताकि, फैमिली रूम मिल सके। दरअसल, प्रियंका ने बताया कि 'सिंगर प्रमोद पहले से शादीशुदा है, इसकी जानकारी मुझे नहीं थी। जब प्रमोद प्रेमी के घर पर रहती थी, तो भी इस बात की जानकारी नहीं हुई। एक दिन अचानक प्रमोद प्रेमी ने प्रियंका के सारे कपड़े पैक किए और कहा कि गांव में लोग अलग-अलग बातें कर रहे हैं। हम लोग अब गांव में नहीं, शहर में रहेंगे।'

**2015 में मंदिर से दोनों ने शादी कीः** प्रियंका के मुताबिक प्रमोद प्रेमी ने 2015 में बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर काली मंदिर में हम दोनों ने शादी कर ली। प्रमोद प्रेमी के रिश्तेदार और दोस्त शादी में मौजूद थे, लेकिन प्रियंका के घर से कोई नहीं था। उन्हीं लोगों की उपस्थिति में दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर शादी की थी। फिर दोनों ने कई ऐल्बम में एक साथ काम किया। प्रियंका के मुताबिक प्रमोद प्रेमी ने 2018 में एक घर बनवाया था, जो प्रमोद की मां के नाम पर है, लेकिन आज प्रियंका इस घर में ही रहती है। प्रियंका देवी ने बताया कि 'लॉकडाउन के लास्ट में मुझे प्रमोद प्रेमी की पहली शादी के बारे में पता चला। उस वक्त प्रमोद मुंबई में थे। उसके बाद से ही मेरे साथ मारपीट करने लगे।' प्रियंका ने यह भी आरोप लगाया है कि '16 नवंबर 2021 और फरवरी 2022 को प्रमोद ने दो बार उसका गर्भपात करवाया था। उसके बाद से ही दोनों के रिश्ते खराब होने लगे और प्रमोद प्रेमी ने मुझे छोड़ दिया।'

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गापूजा से छठ तक बांद्रा से भागलपुर स्पेशल ट्रेन

**भागलपुर**। दुर्गा पूजा और छठ महापर्व में रेल यात्रियों की सुविधा के लिए भागलपुर होकर बांद्रा से मालदा के बीच स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगी। बांद्रा से ट्रेन संख्या 09027 प्रत्येक बुधवार सुबह 11 बजे खुलेगी। जो शुक्रवार दोपहर 12:35 बजे भागलपुर पहुंचेगी। यहां पर यह ट्रेन 10 मिनट रुकने के बाद 12:45 बजे मालदा के लिए प्रस्थान हो जाएगी। वहीं ट्रेन संख्या 09028 मालदा-बांद्रा स्पेशल प्रत्येक शनिवार को मालदा से शाम 5:30 बजे खुलेगी, जो भागलपुर रात 10:30 बजे पहुंचेगी। यहां से 10:40 में आगे के लिए प्रस्थान होगी।

### 28 सितंबर से दो अक्टूबर तक जिले में मध्यम वर्षा

**भागलपुर**। बदलते मौसम को देखते हुए मौसम विभाग ने रिपोर्ट जारी किया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 24.5 डिग्री रहा। 15.1 एमएम वर्षा हुई। 28 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर के बीच हल्की व मध्यम वर्षा होगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 28-29 डिग्री और न्यूनतम 26-27 डिग्री रहने की संभावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 85 से 95 प्रतिशत और दोपहर में 55 से 60 प्रतिशत की संभावना है। इस अवधि में 5-20 किमी/घंटे की रफ्तार से अगले 2 दिनों तक पूरबा और उसके बाद पछिया हवा चल सकती है। पिछले 1-2 दिनों में अनेक स्थानों पर अच्छी वर्षा हुई है। पिछले एक सप्ताह में जिले में 164 एमएम वर्षा हुई है। वर्षा की संभावना को देखते हुए कृषि कार्यों में किसानों को फसल सुरक्षा को लेकर विशेष देखभाल करने की जरूरत है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीरेन्द्र कुमार ने कहा कि किट के प्रकोप से किसानों को फसल को बचाना चाहिए। इसके साथ सब्जियों को ऊपर चढ़ाने की व्यवस्था करें। वर्षा से सब्जियों की लत्तर को गलने से बचाया जा सके। धान, मक्का, खरीफ प्याज, चारा सहित अन्य सब्जियों की फसलों में नत्रजन उर्वरक का उपरिवेशन फिलहाल मौसम देखकर करें। कीटनाशक व खाद का प्रयोग आसमान साफ रहने पर ही करें। आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए "दामिनी" मोबाइल ऐप डाउनलोड करें। कीट व रोग व्याधि की निगरानी फसल में नियमित करें।

### निजी क्लिनिक में जच्चा-बच्चा की मौत लाश के साथ परिजनों ने किया हंगामा

**भागलपुर**। चंपानगर में अपने मायके में रहनेवाली नीतू देवी की मौत शुक्रवार की शाम प्रसव के दौरान हो गयी। भीखनपुर त्रिमूर्ति चौक के पास मां दुर्गा पॉली क्लिनिक में डॉ. प्रीति की देखरेख में उसे गुरुवार को भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने सामान्य प्रसव से बच्चा हो जाने का भरोसा दिया था। इसके लिए 12 हजार रुपए डॉक्टर ने मांगे तो 10 हजार में बात पक्की हुई। एडवांस तीन हजार रुपए परिजनों ने दिए। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे उसे लेबर रूम ले जाया गया, जहां से शाम चार बजे यह कहकर निकाला कि नवजात की मौत हो गयी। वहीं महिला की हालत भी गंभीर बताकर तत्काल बाहर ले जाने कहा। महिला के मामा रवि ने बताया कि हम ऑटो लाने गए ही थे कि आनन-फानन में कंपाउंडरों ने खुद ही ऑटो रिक्शा बुलवाकर जीरोमाइल के पास स्थित एक निजी नर्सिंग होम के आईसीयू भेज दिया। वहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया, इसके बाद परिजन लाश लेकर वापस भीखनपुर आ गए और हंगामा करने लगे। मौके से डॉक्टर व नर्स निकल गए, जबकि कुछ कर्मचारी वहां मौजूद रहे। सूचना पर डायल 112 की टीम भी पहुंची तो लोगों को शांत कराया। वहीं देर रात तक अस्पताल प्रबंधन की ओर से किसी तरह का बयान जारी नहीं किया गया। महिला को पहले से एक तीन साल का बेटा है। उसका पति बबलू कुमार पश्चिम बंगाल में मजदूरी करता है।

### जिले में डेंगू के 2 और मरीज मिले, अब फैब्रिकेटेड अस्पताल में शिफ्ट होगा सदर का स्पेशल वार्ड

**मुंगेर**। जिले में डेंगू संक्रमण के मामले लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सदर अस्पताल में 4 मरीजों के एलाइजा जांच में डेंगू के 2 कंफर्म पॉजिटिव मरीज मिले। जिसके बाद अब जिले में कुल डेंगू कंफर्म मरीजों की संख्या बढ़कर 29 हो चुकी है। वहीं शुक्रवार को सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में 2 नये संभावित मरीजों को भी भर्ती किया गया है। जबकि पूर्व से भर्ती संभावित मरीजों को मिलाकर कुल 7 डेंगू मरीज अस्पताल के डेंगू वार्ड में इलाजरत हैं। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि शुक्रवार को कुल चार मरीजों के एलाइजा जांच में डेंगू के 2 पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जिसमें लल्लू पोखर निवासी 16 वर्षीय साक्षी कुमारी तथा छोटी केलाबाड़ी निवासी 22 वर्षीय पिंटू कुमार शामिल है। जिसमें साक्षी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि पिंटू को एनएस-1 पॉजिटिव पाये जाने के बाद ही उसके परिजन अस्पताल से लेकर चले गये थे। वहीं शुक्रवार को अस्पताल के डेंगू वार्ड में 2 नये संभावित मरीजों को भर्ती किया गया है, जिसमें मिर्ची तलाब निवासी 52 वर्षीय महेश यादव तथा घोषीटोला निवासी 21 वर्षीय सन्नी कुमार को एनएस-1 पॉजिटिव पाये जाने के बाद इलाज के लिये भर्ती किया गया। डेंगू के बढ़ते मामले और मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा द्वारा अक्तूबर माह में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना व्यक्त करने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू को लेकर तेजी से तैयारी शुरू कर दी है। सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में डॉक्टर और नर्स की ड्यूटी बाढ़ राहत शिविर में लगायी गई है। ऐसे में अस्पताल के प्री-फैब्रिकेटेड में तैयार 40 बेड के डेंगू वार्ड को आरंभ करने की तैयारी शुरू की जा चुकी है। जिसके लिये 4 डॉक्टर और 8 नर्स का रोस्टर तैयार किया जा रहा है। बाढ़ राहत कैंप से लौटने के बाद चिकित्सकों व नर्सों को प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल में बने 40 बेड के विशेष डेंगू वार्ड में लगाया जायेगा।

### डॉ. फैजउद्दीन सीढ़ी से फिसले, हाथ की हड्डी टूटी, हायर सेंटर किए गए हैं रेफर

**मुंगेर**। सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. फैजउद्दीन गुरुवार की शाम सर्किट हाउस में कार्य के दौरान गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल मुंगेर लाया गया जहां उनकी गहन जांच की गई। उनके बांये बांह की हड्डी दो टुकड़े में टूट गई है। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि सर्किट हाउस में आयोजित होने वाली लोक लेखा समिति की बैठक में शामिल होने के लिए डा. मो. फैजउद्दीन जा रहे थे। तभी सीढ़ी पर फिसल जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### इंजीनियरिंग छात्रों की अब 7वें सेमेस्टर में इंटर्नशिप

**मुंगेर**। इंजीनियरिंग कॉलेजों के स्टूडेंट्स को अब 7वें सेमेस्टर में 8 सप्ताह की इंटर्नशिप करनी होगी, जो अनिवार्य होगा। अबतक तीसरे और 5वें सेमेस्टर में ही इंटर्नशिप करने का प्रावधान था। इंटर्नशिप फिजिकल मोड में होगी। इसके लिए डिपार्टमेंट ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड टेक्निकल एजुकेशन की ओर से सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए निर्देश जारी किया गया है। 7वें सेमेस्टर में स्टूडेंट्स को राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न परियोजनाओं में ट्रेनिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा। इससे उन्हें अनुभव के साथ एक्सपोजर भी मिलेगा। साथ ही 8वें सेमेस्टर की पढ़ाई पूरी करते हुए संबंधित क्षेत्र में रोजगार के अवसर आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। मुंगेर इंजीनियरिंग कॉलेज के पीआरओ अमित कुमार सिन्हा ने बताया कि सरकार की ओर से संपोषित निगम, बोर्ड, सोसाइटी के अलावा पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, नगर विकास व आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य, अभियंत्रण विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा विभाग, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से संचालित विकास परियोजनाओं में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जायेंगे। इंटर्नशिप अवधि के दौरान छात्र-छात्राओं को कम से कम 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। स्टूडेंट्स के आचरण की समीक्षा संबंधित निगम, सोसाइटी के इंटर्नशिप प्रभारी और संबंधित इंजीनियरिंग कॉलेज के शिक्षक करेंगे। स्टूडेंट्स पोर्टल पर इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके आधार पर इंटर्नशिप के लिए संस्थान आवंटित किया जाएगा। पोर्टल पर विभिन्न विभागों, निगमों के नाम व इंटर्नशिप के लिए संभावित स्टूडेंट्स की संख्या की जानकारी दर्ज रहेगी। इंटर्नशिप कर रहे स्टूडेंट्स के अटेंडेंस की निगरानी भी विभाग के स्तर पर ही की जाएगी।

# कार्यालय से जमीन के पुराने दस्तावेज हुए थे गायब, भागलपुर के ऑफिस में नहीं दिखे गार्ड, कागजात नहीं मिलने से लोग परेशान

निज संवाददाता। भागलपुर





बिहार में जमीन का सर्वे चल रहा है। लोग दूसरे प्रदेशों से छुट्टी लेकर अपने गांव-घर आ रहे हैं। इस बीच 4 दिन पहले रजिस्ट्री कार्यालय के पास अभिलेखागार से जमीन के पुराने दस्तावेजों की चोरी हुई है। तीन चोर वेंटिलेशन में लगे ईंटों को बारिकी से निकालते हैं, और उसी रास्ते अंदर घुसकर महत्वपूर्ण दस्तावेजों को लेकर निकल जाते हैं। मामले का खुलासा होने के बाद जोगसर थाने में केस दर्ज हो गया। लेकिन, अब-तक इसमें किसी की गिरफ्तारी या पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस इनकी तलाश कर रही है। इतना ही नहीं चोरी की घटना के बाद भी वहां की सुरक्षा में सुधार नहीं हुआ है। शुक्रवार की शाम करीब 6.30 में एक भी गार्ड वहां नहीं दिखे। अभिलेखागार में मांगने के बाद भी लोगों को किसी तरह के दस्तावेज अभी नहीं दिए जा रहे हैं। पुलिस जांच के कारण अभिलेखागार के अंदर कोई कर्मचारी भी डर से नहीं जा रहे हैं। शुक्रवार को भी करीब दो दर्जन लोग दस्तावेज लेने आए थे। अब शनिवार को यहां सेवा बंद रहती है। सोमवार को ही दफ्तर खुलेगा। जोगसर थानाध्यक्ष केके सिंह का कहना है कि इस मामले में जांच चल रही है। कुछ ट्रेस मिलने के बाद ही बताया जा सकता है। बता दें कि इसी तरह के पुराने दस्तावेज के आधार पर भू-माफिया के फर्जी कागजात बनवाकर जमीन की रजिस्ट्री करवाने की आशंका है।

**900 कागजातों के गायब होने की आशंका:** जानकारी के अनुसार चोर ने तीन वॉल्यूम दस्तावेज की चोरी की है। इसमें बताया जाता है कि एक वॉल्यूम में करीब तीन सौ कागजात रहते हैं। ऐसे में 900 कागजातों के गायब होने की आशंका हैं। इनमें से जिनके जमीनों के पुराने दस्तावेज चोरी हुए होंगे। उन्हें रिकॉर्ड रूम से मांगने के बाद भी नहीं मिल सकते। उन जमीन की कीमत करोड़ों में रही होगी। अगर चोरी हुए दस्तावेज वापस पुलिस ले भी आए, तो वह व्यवस्थित मिलेगा, इसकी गारंटी नहीं है। सैकड़ों साल पुराने कई दस्तावेज ऐसे हैं कि छूने से भी उसके पेपर टूटने लगते हैं। ऐसे में जिस तरह से थैले में उन कागजात को भरकर वहां से चोर लेकर भागा है, इसके मिलने के बाद भी सही रहने पर संशय है। एक मामला रानी तालाब के पास एक जमीन का हाल में सामने आया था। जिसमें जमीन की रजिस्ट्री दूसरे के नाम से हो गयी थी। उस जमीन पर मूल जमीन मालिक का दखल था। जमीन की मालकिन अमेरिका से आई, तो केस दर्ज करवाया था।

**25 सितंबर को चोरी की मिली थी सूचना:** जोगसर थाने में संयुक्त अवर निबंधक निखिल अनुराग ने केस दर्ज कराया है। इसमें कहा है कि 25 सितंबर को सूचना मिली कि अभिलेखागार के अंदर चोरी हुई है। वहां गए तो अभिलेखागार के अंदर रैक पर ईंट, सीमेंट का चूर्ण पड़ा हुआ था। जिससे यह लगा कि वैंटिलेटर तोड़ कर कोई बाहरी व्यक्ति वहां गया है। वेंटिलेटर चेक किया तो पता चला कि वहां की ईंट हटा ली गयी है। सीसीटीवी कैमरे का फुटेज चेक करने पर रात 1.40 में वेंटिलेटर से ईंट हटाते हुए तीन लोग दिखे। इसके बाद रात 2.35 में वे लोग अंदर घुसे। जिसमें दो लोग अभिलेखागार के रैक से महत्वपूर्ण दस्तावेज उठाते हुए दिखे हैं। उसे दो थैले में रखने के बाद वे लोग 3.10 में उसी रास्ते से बाहर आ गए। 3 चोर मास्क लगाकर अंदर गया था।

## पंजाब में पुलिस अधिकारी के घर चोरी, भागलपुर में गिरफ्तारी

निज संवाददाता। भागलपुर



पंजाब के भटिंडा में पुलिस अधिकारी के घर से लाखों के जेवरात चोरी हो गई थी। मामले में शुक्रवार को पंजाब पुलिस ने छापेमारी की। जिसमें भागलपुर पुलिस की तकनीकी टीम ने पंजाब पुलिस के साथ कहलगांव व मधुसूदनपुर इलाके में छापेमारी की। इसमें कहलगांव शिवकुमारी पहाड़ गांव से 2 महिला रूबी कुमारी और बंटी कुमारी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से डायमंड के जेवरात के अलावा सोने की चेन, नेकलेस समेत अन्य जेवरात मिले हैं। दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर पंजाब पुलिस ले गई।

**सीसीटीवी व तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पंजाब पुलिस पहुंची:** भटिंडा में पुलिस अधिकारी के घर में 18 तारीख को भागलपुर की दो महिला चोरों ने 21 लाख रुपए के जेवरात की चोरी की थी। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर भागलपुर में छापेमारी की। गिरफ्तार महिला की पहचान कहलगांव थाना क्षेत्र निवासी रूबी देवी और बंटी कुमारी के रूप में की गई है। सिटी एसपी के राम दास ने बताया कि पंजाब के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में तरनजीत कौर के घर में चोरी हुई थी। उधर, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पंजाब पुलिस भागलपुर पहुंच गई। मधुसुदनपुर और कहलगांव गांव में छापेमारी हुई।

# जिस मकान में ठेकेदारी की वहीं युवक की मिली लाश, किसी लड़की से करता था बात

## भाई के मना करने पर दो दिन पहले घर से निकला था

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के रहमतबाग में एक युवक का शव अर्धनिर्मित मकान में फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मुंगेर के बरियारपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर काली मंदिर के नजदीक का रहने वाला रामावतार मंडल का बेटा राजा कुमार (21) था। राजा नाथनगर के मथुरापुर गांव निवासी अपने भैया के ससुराल में रहकर भाई के साथ सेंट्रिंग का काम करता था। जिस मकान में उसकी लाश मिली उसी मकान में दोनों भाइयों ने ठेका लिया था। राजा के बड़े भाई किशन ने कहा कि राजा किसी लड़की से बात करता था, उसे बात करने से मना किया था। इस बात की जानकारी पिता रामावतार मंडल को भी दी थी। जिसके बाद राजा अपने भाई के ससुराल से 25 सितंबर को निकला, फिर घर नहीं लौटा।

**फॉरेंसिक टीम कर रही जांच:** 25 सितंबर को राजा अपने घर मुंगेर भी नहीं पहुंचा था। भाई किशन ने कई बार उसे फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। खोजबीन के दौरान अधनिर्मित मकान में रस्सी के सहारे शव लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने पर भागलपुर के सिटी एसपी के रामदास, सिटी डीएसपी टू राकेश कुमार और फोरेंसिक टीम पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

**अर्धनिर्मित मकान में लिया था ठेका:** राजा के भाई किशन ने बताया कि किसी ठेकेदार के माध्यम से रहमतबाग में अर्धनिर्मित मकान में सेंटिंग का ठेका लिया था। पिछले माह 30 अगस्त को ही दोनों भाई ने इस जगह पर काम करके सेंटिंग का काम खत्म कर दिया था। अर्धनिर्मित मकान चंपानगर के रहने वाले किसी मो. वसीम का बताया जा रहा। घटना के बाद पुलिस ने मकान मालिक से भी संपर्क किया है, उससे भी मधुसूदनपुर थाना की पुलिस पूछताछ करेगी। परिजनों ने बताया कि राजा का मोबाइल नहीं मिला है। किस लड़की से राजा बात करता था, इसकी जानकारी नहीं है। मधुसूदनपुर थाना पुलिस अब मामले की पड़ताल में जुटी है। मृतक के मोबाइल का सीडीआर खंगाला जा रहा है। ताकि, पुलिस को पता चल सके कि अंतिम कॉल किससे हुआ है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## कोसी व गंडक बराज से आज 6-6 लाख क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज

निज संवाददाता। भागलपुर




जल संसाधन विभाग ने उन जिलों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा है, जहां से दोनों नदियां गुजरती हैं। दोनों नदियों के तटबंधों से सटी आबादी को सचेत रहने को कहा गया है। अगले 48 घंटे तक विभाग के अभियंता संवेदनशील क्षेत्रों में ही कैंप करेंगे। शुक्रवार को कोसी बराज के 16 फाटक खोले गए। शनिवार को सभी 56 के खुलने की संभावना है। वाल्मीकिनगर बराज के भी सभी 36 फाटक शनिवार को खोलने की नौबत आएगी। आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी अविनाश कुमार ने 13 जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में बाढ़ की चेतावनी के साथ राहत व बचाव के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया है। इसमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, पटना, जहानाबाद, दरभंगा, मधुबनी, भोजपुर शामिल है। सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार के कोसी दियारा में भी स्थिति बिगड़ सकती है। पटना डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की गई है। जिला आपदा प्रबंधन तंत्र को सभी तैयारी सुनिश्चित रखने और अलर्ट मोड में रहने का निर्देश है।

**56 साल बाद कोसी में और 21 साल बाद गंडक में इतना पानी आएगा:** नेपाल की तराई और उत्तर बिहार में लगातार हो रही बारिश से राज्य के 13 जिलों में बाढ़ का खतरा फिर उत्पन्न हो गया है। कोसी बराज से शनिवार की दोपहर तक 6.81 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज होगा। नदी में इतना पानी 56 साल बाद आएगा। यह 1968 में नदी के उच्चतम प्रवाह से मात्र 1 लाख क्यूसेक कम है। वहीं वाल्मीकिनगर गंडक बराज का भी डिस्चार्ज शुक्रवार की रात 12 बजे तक 6 लाख क्यूसेक होगा। यह 2003 के उच्चतम स्तर से थोड़ा ही कम है। दोनों नदियों में पानी शुक्रवार को ही बढ़ गया। हालात देख जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने शुक्रवार को सभी अधिकारियों की छुट्टी अगले आदेश तक रद्द कर दी।

**अगले तीन दिनों तक बिहार में मानसून सक्रिय रहने का अनुमान:** शुक्रवार को मौसम विज्ञान केंद्र ने मधुबनी, दरभंगा, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, पूर्णिया, किशनगंज, सीवान, समस्तीपुर, बेगूसराय, सहरसा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिनों तक बिहार में मानसून सक्रिय रहने का पूर्वानुमान है। शुक्रवार को सबसे अधिक 124 मिमि बारिश पश्चिम चम्पारण के वाल्मिकी नगर में दर्ज की गई।

**कोसी तटबंध के अंदर बसी पूरी आबादी को किया गया अलर्ट:** सुपौल डीएम कौशल कुमार और सहरसा के डीएम वैभव चौधरी ने कोसी तटबंध के अंदर बसी आबादी के लिए अलर्ट जारी किया है। तटबंध के अंदर के इलाकों में लगातार माइकिंग कराई जा रही है। लोगों को जल्द बाढ़ आश्रय स्थल अथवा नजदीक के ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को कहा जा रहा है। इस साल बराज से सर्वाधिक 3 लाख 93 हजार 715 क्यूसेक डिस्चार्ज 7 जुलाई को 3 बजे रिकॉर्ड किया गया था।

# हर 4 में एक स्ट्रीट लाइट खराब, कमिश्नर के निर्देश पर भी नगर निगम ने नहीं किया दुरुस्त

निज संवाददाता। मुंगेर



नगर निगम क्षेत्र के सभी 45 वार्डों के गली-मोहल्लों में लोगों को रात में दिक्कत नहीं हो और लोग सुरक्षित तरीके से आवाजाही कर सके, इसके लिए निगम प्रशासन की ओर से स्ट्रीट लाइटें लगाई गयी हैं। सभी 45 वार्डों में दो राउंड में स्ट्रीट लाइटें लगायी गईं। लेकिन करीब 25 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। जबकि इसको लेकर दो बार निगम में बैठक के दौरान वार्ड पार्षदों द्वारा आवाज भी उठाई गई। बीते महीने ही प्रमंडलीय आयुक्त ने भी बैठक के दौरान शहर की खराब पड़ी लाइटों को ठीक कराने का निर्देश दिया था। बावजूद स्थिति यथावत है। नगर निगम क्षेत्र में फेज-वन में झारखंड की ईसीसीएल कंपनी ने 8000 लाइटें और फेज-टू में गणेश इंटरप्राइजेज ने 3000 स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। अधिकांश वार्ड पार्षदों की शिकायतें हैं कि प्रायः गली-मोहल्ले में हर दो-तीन लाइटों के बाद एक लाइटें खराब पड़ी हैं। ऐसे में मोटे तौर पर एक वार्ड में 40 से 50 स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी है। वर्तमान समय में नगर आयुक्त का पद भी यहां खाली है। जिसके कारण कई महत्वपूर्ण कार्य भी अटके हुए हैं। नगर निगम क्षेत्र के सभी 45 वार्डों में 1800 से 2000 के करीब स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। अब जबकि दुर्गापूजा 3 अक्टूबर-2024 से शुरू होने जा रहा है। अब तक खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को नगर निगम की ओर से ठीक नहीं किया गया है। वैसे तो कमोवेश शहर के सभी इलाकों के गली-मोहल्ले व सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें खराब देखी जा सकती है, लेकिन दुर्गा प्रतिमा पंडाल के आस-पास के मोहल्ले में खराब लाइटों की संख्या ज्यादा है। विशेषकर कष्टहरणी घाट से लाल दरबाजा, वासुदेवपुर से चंडिका स्थान, चंडिका स्थान से शास्त्रीनगर चौक, पुरानीगंज से जमालपुर रोड तक लव-कुश रोड, मुर्गियाचक से अंजुमन होते हुए छोटी दुर्गास्थान से लेकर बड़ी दुर्गा स्थान शादीपुर तक की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। पांच दिनों के बाद अब मुंगेर की प्रसिद्ध दुर्गापूजा शुरू होने वाली है। बता दें की मुंगेर की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन देखने के लिए मुंगेर जिले के अलावा आसपास के खगड़िया, बेगूसराय, जमुई, बांका, शेखपुरा, लखीसराय जिले के भी लोग पहुंचते हैं।

# मरे बेटे को बीमार समझ देखभाल करती रही मां

## 2 दिन पहले पटना से लौटा, सोया फिर नहीं उठा, कभी जगाती, कभी मुंह पोंछती

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में 26 साल के विकास कुमार उर्फ मिट्ठू की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। उसकी मां को इसका पता ही नहीं चला, वो बेटे को बीमार समझ कर उसकी सेवा किए जा रही थी। कभी उसके पैर में मालिश करती, कभी जगाने की कोशिश तो कभी तौलिए से मुंह पोंछती। मामले का खुलासा शुक्रवार को तब हुआ जब उसका दोस्त मिलने पहुंचा। उस वक्त विकास की मां बेटे की लाश के पास ही बैठी थी। वह बेटे को बीमार समझकर उसका मुंह पोंछ रही थी। रांची से विकास की दीदी ने अपनी मां रंजू देवी को कॉल किया था। तब रंजू ने कहा कि मिट्ठू 2 दिन से लेटा हुआ है, उठता ही नहीं है। उसकी बहन ने दोस्त को कॉल कर घर भेजा तो पता चला कि मिट्ठू की दो दिनों पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी मां पिछले दो दिनों से बेटे के शव की मालिश कर रही थी। वो यह मानने को तैयार नहीं थी कि बेटा मर चुका है। वह बार-बार उसे अस्पताल ले जाने की जिद कर रही थी।

मामला मिरजानहाट एसबीआई एटीएम के पास का है। जहां के निवासी रतननंदन साह के बेटे विकास कुमार की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

**शरबत और दूसरी चीजों का सैंपल जांच के लिए लिया:** इसी बीच किसी ने पुलिस पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी तो मोजाहिदपुर थानाध्यक्ष धीरेंद्र यादव मौके पर पहुंचे। तत्काल एफएसएल टीम को वहां बुलवाया गया। टीम ने वहां से नींबू-पानी और नींबू, चीनी, पानी से बने शरबत समेत अन्य चीजों का सैंपल जांच के लिए लिया है। शुरुआती जांच में किसी जहरीले जीव के काटने से मौत होने की बात कही जा रही है। स्पेशल ब्रांच से मो. शमशेर हुसैन ने भी जानकारी लेकर वरीय अधिकारी को रिपोर्ट भेजा है।

**मां को लगा बेटा थककर आया है, देर से जगेगा:** विकास 25 सितंबर को पटना से प्रतियोगी परीक्षा देकर लौटा था। घर आने पर उसने चाय और बिस्कुट खाया। फिर ऊपर वाले कमरे में चला गया। 26 को उसकी मां जब जगाने गई तो वह उठा ही नहीं। मां को लगा कि थककर आया है तो देर से जगेगा। दोबारा वो वहां गई। उसे लगा कि वह बीमार है तो उसके मुंह पर पानी देकर कपड़ा से पोंछती रही कि संभव है कि अगर बीमार होगा तो ठीक हो जाएगा। मृतक की मां ने बताया कि पति रतन नंदन साह रांची में ही एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। रिटायरमेंट के बाद भी कुछ दिन पूर्व ही उन्हें एक्सटेंशन मिला है। उनकी दो बेटी और पति रांची में ही रह रहे हैं।

**जहरीले जीव के काटने की आशंका:** मामले की जानकारी मिलने के बाद वार्ड 49 के पार्षद प्रतिनिधि दीपक साह और 50 के पार्षद पंकज कुमार गुप्ता भी वहां पहुंचे। इसके बाद निगम से मजदूरों को लगाया गया तो शव को बाहर निकाला जा सका। मौत के कारणों का पता अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही चल सकेगा। आसपास के लोगों का यह भी कहना है कि घर की साफ-सफाई भी मिट्ठू ही करता था, संभव है कि बरसात का मौसम होने के चलते कोई जहरीला जीव घर में आ गया हो।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मेडिकाना की मालकिन और गारंटर पर धोखाधड़ी का केस

**पटना, एजेंसी।** पूर्वी कैनाल रोड के जय कमला प्लाजा में स्थित मेडिकाना नाम की दवा दुकान की मालकिन पूनम सिंह और बैंक में उनकी गारंटर प्रतिभा प्रसाद उर्फ प्रतिभा वर्मा के खिलाफ बैंक ऑफ बड़ौदा ने एसके पुरी थाने में केस दर्ज कराया है। उपमहाप्रबंधक नलिन कुमार ने दोनों पर धोखाधड़ी, जालसाजी और हेराफेरी का आरोप लगाया है। उपमहाप्रबंधक ने पुलिस को बताया कि मेडिकाना एक प्रोपराइटरशिप फर्म है। इसमें पूनम सिंह सिंह प्रोपराइटर और प्रतिभा गारंटर हैं। फर्म ने 150 लाख की कैश क्रेडिट लिमिट और 30 लाख की बैंक गारंटिड इमरजेंसी क्रेडिट लाइन की सीमा ली। फर्म ने सभी प्रकार की दवाओं और सर्जिकल वस्तुओं के व्यापार, वितरण और आपूर्ति के लिए ऋण लिया था। इसके बदले दीघा और राजा बाजार स्थित जमीन को बंधक बनाया गया था। शुरू में खाता संतोषजनक चलता रहा। बाद में फर्म के मालिक ने कैश क्रेडिट खाते में आवश्यक टर्नओवर बनाए नहीं रखा। नतीजा, खाता एनपीए में चला गया। बैंक छानबीन में जुटा तो पता चला कि जिस जमीन को बंधक बनाया गया था, वह बेच दी गई है। वहीं एक अन्य मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा के पटना क्षेत्र के उप महाप्रबंधक नलिन कुमार ने मेसर्स तिरूपति के प्रोपराइटर जगदीश प्रसाद के साथ रवि पटेल और सोनी पटेल के खिलाफ भी एसके पुरी थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

### यौन शोषण मामला : वृषिण पटेल नहीं आए, अब 17 को सुनवाई

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** किशोरी से यौन शोषण मामले में आरोपी पूर्व मंत्री वृषिण पटेल शुक्रवार को विशेष पॉक्सो कोर्ट में हाजिर नहीं हो पाए। मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस की गई, लेकिन पूर्व मंत्री की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद कोर्ट ने 17 अक्टूबर को सुनवाई के लिए अगली तिथि तय की। पूर्व मंत्री वृषिण पटेल की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी बीते 23 अगस्त को कोर्ट ने सुनवाई के बाद खारिज कर दी थी। इसके पहले कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। अब पूर्व मंत्री को कोर्ट के सामने हाजिर होना अनिवार्य हो गया है। कुढ़नी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग ने पूर्व मंत्री के खिलाफ केस दर्ज कराया था। उसने साक्ष्य के तौर पर यौन शोषण का एक वीडियो भी कोर्ट में पेश किया था। परिवाद पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए पूर्व मंत्री को पेशी के लिए सम्मन जारी किया, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए। इसके बाद वारंट जारी किया गया था। पीड़िता की अधिवक्ता ऋचा स्मृति सिंह ने बताया कि कोर्ट में दायर शिकायत वाद में पूर्व मंत्री पर नौकरी दिलाने के बहाने पटना बुलाकर यौन शोषण करने का आरोप है। पीड़िता ने मंत्री द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप लगाया है।

### विधायक ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर सुनीं समस्याएं

**भागलपुर, एजेंसी।** विधायक सह सचेतक सत्तारूढ़ दल बिहार विधानसभा, नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ़ गोपाल मंडल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के मुरली, मदरौनी, सहोरा और रंगरा के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के लिए तत्परता दिखाई। विधायक ने जिला पदाधिकारी और अंचल अधिकारी से तत्काल संवाद स्थापित कर बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं के निराकरण हेतु अविलंब कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विधायक ने बाढ़ पीड़ितों के लिए संचालित सामुदायिक रसोई का भी निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि सभी को भोजन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध हो।

### देश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों ने किया पिंडदान

**गया, एजेंसी।** गया में शुक्रवार को देश के दो वरिष्ठ आईएएस ने पिंडदान किया। आईएएस अधिकारी पीके महापात्रा हरियाणा से यहां पहुंचे। मूल रुप से वे उड़ीसा के रहने वाले हैं। विष्णुपद मंदिर में उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पिंडदान किया। वहीं हैदराबाद से आईएएस केपीएस प्रसाद ने फल्गु नदी के पास पिंडदान किया।

### मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला ने किया पिंडदान

**गया', एजेंसी।** मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला शुक्रवार को गयाजी पहुंचे और विष्णुपद मंदिर में परिवार के साथ अपने पूर्वजों का पिंडदान किया। सबसे पहले फल्गु नदी के तट पर फिर विष्णुपद मंदिर में विधि विधान से पिंडदान और तर्पण किया। फिर वे अक्षयवट पहुंचकर वहां पिंडवेदी पर पिंडदान किया। उन्होंने कहा गयाजी में पूर्वजों का पिंडदान करना सौभाग्यशाली क्षण है। मेरा सौभाग्य है कि यहां पहुंचकर अपने पूर्वजों के लिए पिंडदान करने का अवसर मिला। उन्होंने पितृपक्ष मेले में जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की। कहा पिंडदानियों के लिए व्यवस्था काफी अच्छा की गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ की। उन्होंने कहा नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। तेजी से विकास हो रहा है।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण माह का आयोजन

**पूर्णिया, एजेंसी।** श्रीनगर, एक संवाददाता।प्रखंड क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह अभियान चलाकर पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जगैली मध्य के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 50 में पोषण माह अभियान चलाया गया।

# 26 वर्ष पुराने फर्जी एनकाउंटर के मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष समेत दो दोषी करार

**पटना, एजेंसी।** पटना सिविल कोर्ट स्थित सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश अविनाश कुमार ने 26 वर्ष पुराने फर्जी एनकाउंटर के मामले में एक पूर्व थाना अध्यक्ष समेत दो पुलिसकर्मियों को दोषी करार दिया। अदालत ने पूर्णिया के बड़हरा थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष मुखलाल पासवान को भारतीय दंड विधान की धारा 302, 201, 193 और 182, जबकि बिहारीगंज थाने के दारोगा अरविंद कुमार झा को भारतीय दंड विधान की धारा 193 के तहत दोषी करार दिया। दोनों जमानत पर थे। दोनों का बंधपत्र रद्द करते हुए विशेष अदालत ने जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। अदालत ने इसी मामले में आरोपी बनाए गए दारोगा कुमार संजय और सिपाही राम प्रकाश ठाकुर को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। मामला वर्ष 1998 का है। आरोप के अनुसार, एक अपराधी की तलाश में पुलिस ने पूर्णिया के बिहारीगंज थाना क्षेत्र स्थित फिद्दी की बस्ती गांव में जगदीश झा के घर की घेराबंदी की और संतोष कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाद में इस घटना को एनकाउंटर का रूप देने का प्रयास किया था। मामले की जांच पहले स्थानीय पुलिस द्वारा की गई। बाद में जांच सीआईडी को सौंपी गई थी। उसके बाद मामले



का अनुसंधान सीबीआई ने किया था।

### 22 साल पहले मृत व्यक्ति के खिलाफ अनुसंधान अभी जारी

पटना7 पटना सिविल कोर्ट स्थित निगरानी की विशेष अदालत में 30 साल से अनुसंधान के लिए लंबित एक मामले में मांगी गई रिपोर्ट से पता चला कि 22 वर्ष पहले ही एक आरोपी की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक इस मामले में अपनी अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। सासाराम के चेनारी थाने में गबन के आरोपों में चेनारी के मुखिया संत तिवारी और जेई राज कुमार भारती के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

### रंगदारी के 16 वर्ष पुराने मामले में पूर्व मंत्री रामानंद यादव बरी

पटना7 सांसदों और विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित पटना सिविल कोर्ट स्थित अदालत के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम अमित वैभव ने रंगदारी के 16 वर्ष पुराने मामले में पूर्व मंत्री रामानंद यादव और राजकिशोर शर्मा को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। मामले की प्राथमिकी के अनुसार, पटना जंक्शन के करबिगहिया छोर से हाजीपुर के लिए चलने वाले ऑटो के चालकों से 2 के बदले 20 रुपए की वसूली की जाती थी। रामानंद यादव के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में पूर्व मंत्री प्राथमिकी में नामजद नहीं थे। आरोपपत्र में आरोपी बनाए गए थे। इस मामले में 11 फरवरी 2024 को भारतीय दंड विधान की धारा 384 और 386 के तहत आरोपों का गठन किया गया था। अभियोजन की ओर से कोई साक्ष्य कोर्ट में पेश नहीं किया गया था।

### रिश्वत लेने के आरोप में बर्खास्त दारोगा को बहाल करने का आदेश

पटना7 हाईकोर्ट ने 30 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में बर्खास्त दारोगा को सेवा में बहाल करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी की एकलपीठ ने बर्खास्त दारोगा राम परीक्षण गुप्ता की याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। मामले के सभी गवाहों ने निगरानी की ओर से संचालित ट्रैप से ही इनकार कर दिया। गवाहों ने 30 हजार रुपए रिश्वत लेने को भी पूरी तरह नकार दिया।

## बेकाबू स्कॉर्पियो दीवार तोड़ दुकान में घुसी, 1 की मौत



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में शुक्रवार को बेकाबू स्कॉर्पियो दीवार तोड़ती हुई चाय-नाश्ते की दुकान में घुस गई। हादसे में दुकान में बैठे दुकानदार घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान के नगर थाना क्षेत्र के झील टोला निवासी जतिन चंद्र दास के बेटे दीपक कुमार के रूप में हुई है। आक्रोशित लोगों ने स्कॉर्पियो में आग लगा दी। आरोप है कि गाड़ी का चालक नशे में था। जो हादसे के बाद फरार हो गया। घटना झील टोला मेन रोड के पास की है।

### कुछ ही सेकेंड में हुआ हादसा

दीपक कुमार की मां उषा देवी ने बताया कि चाय-नाश्ते की दुकान है। मैं और मेरा बेटा रोज की तरह अपने दुकान पर थे। तभी झील टोला की तरफ से एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आती हुई दिखाई दी। कुछ ही सेकेंड में चालक ने अपना आपा खो दिया। इसके बाद स्कॉर्पियो बेकाबू होकर सीधे दुकान में घुसी। दुकान में रखा सारा सामान बर्बाद हो गया। जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जोरदार आवाज सुनकर स्थानीय मौके पर जुटे। जिसके बाद घायल बेटे को निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### ग्रामीणों ने पुलिस को गाड़ी नहीं करने दी जब्त

घायल की मां का आरोप है कि चालक ने शराब पी रखी थी, जिस वजह से घटना हुई। घटना की सूचना पाकर स्थानीय के.नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। मामले की छानबीन में जुटी। ग्रामीण, पुलिस से मृतक के परिवार वालों को मुआवजा देने की बात कहने लगे। ग्रामीणों ने पुलिस को गाड़ी नहीं ले जाने दी। लोगों के बढ़ते गुस्से को देख पुलिस पीछे हट गई। जिसके बाद लोगों ने गाड़ी में आग लगा दी।

### गाड़ी नंबर के आधार पर केस दर्ज

के.नगर थानाध्यक्ष नवदीप गुप्ता ने बताया कि स्कॉर्पियो की चपेट में आने से हुई युवक की मौत हुई है। मामले में मृतक की मां उषा देवी ने थाने में आवेदन दिया है। आवेदन में स्कॉर्पियो के नंबर को दर्शाया गया है। इस आधार पर स्न्ढ्ढक्रदर्ज की गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### जहानाबाद में मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने मंच से अधिकारियों की तारीफ

**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सदा अपने बयान से चर्चा में आ गए। मंत्री ने मंच से डीएम और एसपी की तारीफ करते हुए कहा कि वे उनसे ऊपर हैं। उन्होंने कहा, हम बिहार के राजा हैं, लेकिन आईएएस और आईपीएस पूरे देश के राजा हैं। इस बयान के बाद डीएम अलंकृता पांडे और एसपी अरविंद प्रताप सिंह असहज महसूस कर रहे थे। यह कार्यक्रम काको प्रखंड के हाजीपुर गांव में मद्य निषेध विभाग द्वारा जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किया गया था।इसके अलावा, सरकारी कार्यक्रम में लोग जदयू के बैनर और तीर के निशान लगे हुए दिखाई दिए, जिससे कार्यक्रम राजनीतिक रंग लेता दिखा। जब मंत्री से इस बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि यह सरकारी कार्यक्रम है और तीर का निशान किसी ने लगा दिया होगा।

### जिला स्थापना दिवस पर रन फॉर गया का होगा आयोजन

**गया', एजेंसी।** गया के 160 वें स्थापना दिवस की तैयारी शुरु हो गई है। तीन अक्टूबर को स्थापना दिवस के मौके पर रन फॉर गया का आयोजन किया जाएगा। सुबह सात बजे टॉवर चौक से गांधी मंडप तक यह दौड़ आयोजित की जाएगी। स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर शुक्रवार को डीडीसी नवीन कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बताया गया कि इस दौड़ में शहर के गणमान्य लोग, स्कूली बच्चे, अधिकारी आदि शामिल होंगे। गांधी मंडप के पास वॉक फॉर गया के लोगों के लिए नींबू पानी आदि की व्यवस्था रहेगी। बैठक में सिविल सर्जन, नगर आयुक्त, डीपीओ शिक्षा, आईसीडीएस, डीटीओ, सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

रन फॉर गया कार्यक्रम के बाद गांधी मैदान और गांधी मंडप परिसर में पौधरोपण किया जाएगा। यहां से

## घर में कुत्ता पालते हैं तो सावधान ! बच्चों को बना रहे शिकार



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** आवारा ही नहीं, पालतू कुत्ते से भी रेबीज का खतरा है। बिहार के विभिन्न जिलों में हर माह हजारों लोग डॉग बाइट के शिकार हो रहे हैं। इनमें सदर अस्पताल से पीएचसी तक कुत्ते काटने पर आने वाले मरीजों में 50 फीसदी पालतू कुत्ते के शिकार रहते हैं। सदर अस्पताल मुजफ्फरपुर में हर महीने औसतन 500 से अधिक मरीज पालतू कुत्ते के काटने के बाद एंटी रेबीज वैक्सीन लेने पहुंच रहे हैं।

पालतू कुत्ते के काटने के ज्यादा शिकार कम उम्र के बच्चे हैं। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से 27 सितंबर तक जिले में पांच से दस साल तक के 2027 बच्चे कुत्ते काटने के शिकार हुए हैं, इनमें 1132 बच्चे ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। सदर से लेकर पीएचसी तक एक जनवरी से 27 सितंबर तक 14 हजार मरीज कुत्ते काटने के शिकार हुए हैं, इनमें 4100 मरीज ग्रामीण क्षेत्र के हैं। वर्ष 2023 में ग्रामीण क्षेत्र में पांच से दस साल के 945 बच्चे कुत्ता काटने के शिकार हुए थे।

### पालतू कुत्ते का नहीं हो रहा टीकाकरण

पालतू कुत्ते का टीकाकरण जिले में फिसड्डी साबित हो रहा है। पशुपालन विभाग के पास पालतू कुत्तों की सूची भी नहीं है। विभाग ने पालतू कुत्तों के टीकाकरण के लिए कोई लक्ष्य भी तय नहीं किया है। जिला पशुपालन अधिकारी डॉ. मनोज मेहता ने बताया कि जो लोग पालतू कुत्ते को लेकर आते हैं, उनका टीकाकरण किया जाता है। डॉक्टरों ने बताया कि पालतू कुत्तों का टीकाकरण नहीं होने से रेबीज का खतरा बढ़ जाता है।

आईडीएसपी चलाएगा जागरूकता अभियान रेबीज से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की आईडीएसपी टीम जागरूकता अभियान चलाएगी। इसके लिए सभी जिलों को पत्र भेजा गया है। रेबीज से बचाव के लिए फ्री रेबीज क्लीनिक खोला जाएगा, इसमें लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके अलावा मास डॉग वैक्सीनेशन अभियान भी चलाया जाएगा। 28 सितंबर को सभी अस्पतालों में वर्ल्ड रेबीज डे मनाने का भी निर्देश दिया गया है।

### स्कूलों में बच्चों को मिलेगी जानकारी

स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों में जाकर बताएगी कि कुत्ते के काटने पर क्या करें। छात्रों को रेबीज के लक्षण के बारे में बताया जाएगा। कुत्ता काटने का डाटा भी इकत्रा किया जाएगा। इसमें पालतू और स्ट्रीट डॉग के काटने का डाटा अलग-अलग बनेगा।

### जानवर काटे तो क्या करें

रेबीज पीड़ित जानवर 10 दिन में मर जाता है, उस पर कड़ी निगाह रखें

काटे के जख्म को 20 मिनट तक साबुन व पानी से धोएं

सात दिनों में आरआईजी लगवाएं और एंटी रैबीज तत्काल लगवाएं

## बीजेपी नेता की रेकी कर रहे थे 3 लड़के:पटना पुलिस ने पकड़ा, लूटी हुई मोबाइल बरामद

### 9 सितंबर को मुन्ना शर्मा की हुई थी हत्या



**पटना, एजेंसी।** पटना पुलिस ने बीजेपी नेता श्याम सुंदर शर्मा उर्फ मुन्ना शर्मा हत्याकांड में शामिल तीन नाबालिग को पकड़ा है। अभियुक्तों की निशानदेही पर मुन्ना शर्मा की लूटी गई मोबाइल बरामद हुआ है। इस मामले में मुख्य आरोपी सन्नी फिलहाल फरार है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-2 डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि तीनों नाबालिग हत्या के वक्त बाइक से रेकी कर रहे थे। बीजेपी नेता के मोबाइल को अपराधियों ने शीतला माता मंदिर के पास करकट के नीचे छिपाकर रख दिया था। जिसे बरामद कर लिया गया है। पूर्वी सिटी एसपी शुभांक मिश्रा के निर्देश पर गठित टीम अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना के 48 पुलिस के अंदर शूटर करण कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जिसके पास से देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हुआ था।

### शराब तस्करी का विरोध करने पर मर्डर

करण ने पूछताछ के दौरान बताया कि वो सन्नी के साथ मिलकर शराब का धंधा करता था। मुन्ना शर्मा हमेशा डिस्टर्ब करता था। वो शराब तस्करी का विरोध करता था। कुछ दिन पहले भी सन्नी से विवाद हुआ था। परेशान होकर 6 सितंबर को सन्नी ने हथियार और कारतूस का इंतजाम किया था। 7 सितंबर को जक्कनपुर इलाके से एक बाइक की चोरी की। उसी बाइक से मर्डर के लिए 3 लोग पहुंचे थे।

### समधी को ऑटो में बैठाकर लौट रहे थे मुन्ना शर्मा

बता दें, रविवार रात (8 सितंबर) को श्याम सुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा के छोटे बेटे राहुल का छेका था। घर पर काफी रिश्तेदार आए थे। 9 सितंबर सुबह वो अपने रिश्तेदारों को छोड़ने गए थे। उन्हें ऑटो में बैठाकर लौट रहे थे, तभी 3 बदमाशों ने पटना सिटी के मंगल तालाब के पास उन्हें घेर लिया और गोली मार दी।

मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने लहूलुहान मुन्ना शर्मा को देखा तो पुलिस को सूचना दी। आनन-फानन में उन्हें नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। श्याम सुंदर पटना सिटी चौक के बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष थे।

## ट्रायल के दौरान ट्रेन के इंजन से कटकर तीन महिलाओं की मौत, बिहार में दर्दनाक हादसा



**दरभंगा', एजेंसी।** बिहार के दरभंगा जिले में इलेक्ट्रिक लाइन पर ट्रायल के दौरान ट्रेन के इंजन से कटकर तीन महिलाओं की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा काकरघाटी-शीशो नई रेल लाइन पर गोपालपुर गांव के पास शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे हुई। तीनों महिलाएं रेलवे ट्रैक पर शौच करने के लिए बैठी हुई थीं, तभी अचानक इंजन आया और वे उसकी चपेट में आई गईं। तीनों महिलाएं गोपालपुर गांव की रहने वालीं थीं और आपस में रिश्तेदार (गोतनी) थीं।

जीआरपी थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि मृतकाओं में गोपालपुर निवासी ब्रह्मदेव पासवान के पुत्र रामबाबू की पत्नी बबीता, श्याम बाबू की पत्नी ममता और राम लगन उर्फ रामू की पत्नी देवकी शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर कई ग्रामीण पहुंच गए। लोगों ने हादसे की सूचना सदर थाने की पुलिस को दी। दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे सदर थानाध्यक्ष अमृत कुमार साह ने कहा कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मुखिया राजकुमार दास ने भी रेल इंजन से कटकर एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत होने की पुष्टि की है। बताया गया कि शुक्रवार दोपहर इस रेल लाइन पर रेलवे के वरीय अधिकारियों ने विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया था। इसमें मिली गड़बड़ियों को मोटर वैगन से दुरुस्त किया गया। अधिकारियों के निरीक्षण के बाद देर शाम में इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रायल शुरू हुआ। इलेक्ट्रिक इंजन बेला गुमटी की ओर से जैसे ही गोपालपुर पहुंचा कि तीनों महिलाएं चपेट में आ गईं। शनिवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## बोधगया पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री:पूर्वजों का कराएंगे पिंडदान

### जिन्होंने 55 हजार की कटाई पर्ची उन्हीं को होटल में प्रवेश की अनुमति



**गया , एजेंसी।** बोधगया में शुक्रवार रात बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री पहुंचे। कार में सवार बाबा कड़ी सुरक्षा के बीच सम्बोधि रिट्रीट में प्रवेश कर गए। करीब 10 मिनट के बाद वे खुद के निजी कर्मियों के साथ बाहर निकले और भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान सभी ने फूल बरसाए। भक्तों ने जय श्री राम के जयघोष भी लगाए।

बाबा के भक्त बीते 2 दिनों से होटल के बाहर डेरा डाले हैं। भक्तों की संख्या करीब डेढ़ सौ के करीब होगी। बाबा करीब 200 भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराएंगे। इसके लिए सभी ने 55 हजार की पर्ची कटवा रखी है। होटल में इन्हीं को रहने की अनुमति है। आम भक्त होटल के बाहर रही रहेंगे।

### 2 अक्टूबर तक रह सकते बाबा

बाबा के प्रबंधन कार्य से जुड़े अमितेश ने बताया है कि बाबा 2 अक्टूबर तक बोधगया में प्रवास करेंगे, लेकिन इस बात पर संशय बना है। वे 29 सितंबर को चले जाएंगे। प्रशासन का कहना है कि उन्हें बताया गया है कि बाबा 2 अक्टूबर तक रहेंगे। ऐसा पिछली बार भी हुआ था पर वे बीच में ही चले गए थे।

इधर सूत्रों कहना है कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने गया पाल पंडा गजाधर लाल धेड़ी को सम्बोधि रिट्रीट में आने का न्योता दिया है। वे अपने सहयोगी के साथ शनिवार की सुबह सम्बोधि रिट्रीट जाएंगे। इसके बाद दोपहर में पितृ दोष और पिंडदान से जुड़ा कार्य होटल के अंदर ही सम्पन्न कराया जाएगा। शाम को भागवत कथा पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने भक्तों को सुनाएंगे।

### भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराएंगे

गौरतलब है कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराने और भागवत कथा सुनाने के लिए बोधगया पहुंचे हैं। भागवत कथा का ऑनलाइन प्रसारण भी किया जाएगा। बाबा उन्हीं भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराने के लिए आए हैं जिन्होंने पूर्व से 55 हजार रुपए की पर्ची कटवा रखी है।

इस बात की पुष्टि देवरिया से आए गोवर्धन प्रसाद ने 55 हजार रुपए की पर्ची दिखा कर की है। बगैर पर्ची वाले को सम्बोधि रिट्रीट में प्रवेश की अनुमति नहीं है। पूर्व से पर्ची कटवाने वालों की संख्या 200 के करीब बताई जा रही है। उन्हें होटल के अंदर प्रवेश एक दिन पहले से ही दे दिया गया है। बाबा के निजी सुरक्षा कर्मी और प्रबंधन से जुड़े कर्मी किसी भी आम भक्त को अनुमति नहीं दे रहे हैं। आम भक्तों के लिए रिट्रीट के बाहर पंडाल लगवाया गया है। वे वहीं से बाबा का दर्शन कर सकेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### हाथियों ने 30 एकड़ में लगी मक्के की तैयार फसल रौंदी

**बारियातू, एजेंसी।** प्रखंड के साल्वे, टोंटी व डाढ़ा पंचायत में पिछले 15 दिन से हाथियों का झुंड लगातार उत्पात मचा रहा है. हाथी खेतों में लगी धान व मक्के की फसल को नष्ट कर रहे हैं. गुरुवार रात हाथियों ने साल्वे पंचायत के बरनी व चेटुआग, टोंटी पंचायत के बुंदियाही व डाढ़ा पंचायत के पुकचु गांव में 30 एकड़ में लगी मक्के की तैयार फसल को बर्बाद कर दिया. इससे किसान मंगर गंझू, पार्वती देवी, करिवा गंझू, बालचंद गंझू, बंधन गंझू, गणेश साव, कोल्हा साव व डोमन साव के करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है. पीड़ित किसानों ने बताया कि वन विभाग मुआवजा के लिए ठोस कदम नहीं उठा रहा है. न ही हाथियों को क्षेत्र से भगाने का प्रयास कर रहा है. उन्होंने विभाग से नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है.

### जल सहियाओं को दिलायी गयी स्वच्छता ही सेवा की शपथ

**फतेहपुर, एजेंसी।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रखंड सभागार में जल सहियाओं को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलायी गयी. इस दौरान स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता पर विचार–विमर्श किया गया. बीडीओ प्रेम कुमार दास ने कहा कि ओडीएफ प्लस के तहत निर्मित संरचनाओं के कार्यक्षमता की जांच करनी है. ग्रामीणों को निर्मित संरचनाओं को रखने के लिए प्रेरित करना है. कहा कि प्रत्येक घरों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए लोगों को जागरूक करना है. कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णत : समाप्त करने के लिए आमजनों का सहयोग आवश्यक है. बताया कि दो अक्तूबर तक सभी ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा. मौके पर सहायक अभियंता विक्रम कुमार, जिला समन्वयक अनुज कुमार, कृष्ण दे, प्रखंड समन्वयक गौरव कुमार झा सहित जलसहिया मौजूद रहीं.

### स्कॉर्पियो से मवेशियों की तस्करी का खुलासा, तीन मवेशी समेत वाहन जब्त

**धनबाद, एजेंसी।** मवेशी तस्करों ने अब लग्जरी वाहनों से मवेशियों की तस्करी का धंधा शुरू कर दिया है. केलियासोल क्षेत्र से लगातार हो रही मवेशियों की चोरी की शिकायत के बाद कालूबथान ओपी के पुअनि आशुतोष यादव ने गुप्त सूचना पर गुरुवार की रात सअनि राम इकबाल पासवान के साथ केलियासोल चौक पर एक स्कॉर्पियो ( जेएच 05 पी 1900 ) को रोकने का प्रयास किया, तो चालक गाड़ी को तेज करने भागने का प्रयास किया. पुलिस ने उक्त वाहन का पीछा करते हुए निरसा पुलिस को सूचना दी. निरसा पुलिस ने निरसा चौक पर स्कॉर्पियो को रोकने का इशारा किया, तो चालक ने वाहन को केलियासोल की मोड़ दिया. इधर, कालूबथान पुलिस कालूबथान पंप के पास एक ट्रैक्टर सड़क पर तिरछा कर लगा दिया. सड़क पर ट्रैक्टर कर पशु तस्कर स्कॉर्पियो को खड़ा कर अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गये. पुलिस ने स्कॉर्पियो से तीन मवेशियों को बरामद किया. इसमें दो गाय व एक सांड शामिल है.

### नेतरहाट मे पर्यटन की अपार संभावनाएं : डीडीसी

**लातेहार, एजेंसी।** नेतरहाट आज पूरे देश में एक पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, बावजूद इसके यहां पर्यटन के क्षेत्र में और भी संभावनाएं हैं. नेतरहाट के आसपास कई ऐसे क्षेत्र हैं जिसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित नहीं किया जा सका है. उक्त बातें उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने कही. वे शुक्रवार को विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर टूरिज्म एंड पीस थीम पर आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला में बोल रहे थे. डीडीसी ने कहा कि नेतरहाट में पेइंग गेस्ट परिपाटी को विकसित करने की जरूरत है. पर्यटक यहां सिर्फ सनसेट या सनराइज देखने नहीं आते है, बल्कि वे स्थानीय लोगों की जीवन शैली, खान–पान व रहन सहन भी जानना चाहते हैं. जिला पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक में मां उग्रतारा मंदिर, डाटम पातम झरना व लोध फॉल को विकसित करने का निर्णय लिया गया है. डीएमएफटी से सभी पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट लाइट लगायी गयी है. लोध फॉल में लकड़ी के कॉटेज का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है. होटल बनाने के लिए स्थल चयन का निर्देश महुआडांड़ सीओ को दिया गया है. ऑनलाइन कार्यशाला में एसपी कुमार गौरव, कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि अभिजीत, टूरिज्म रिसोर्स पर्सन गोविंद पाठक, स्वर संगम के निदेशक आशीष टैगोर, संजीत कुमार, होटल संचालक जीत ठाकुर, शुभम दुबे, आशुतोष कुमार, कुमार गौरव, हेमंत, विनय और सोनू दीप राय शामिल हुए.

# सीजीएल परीक्षा की जांच शुरू, कमेटी ने शिकायतकर्ताओं को दोबारा बुलाया



**रांची, एजेंसी।** राज्यपाल की ओर से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की जांच के आदेश दिए जाने के बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कमेटी का गठन कर अनियमितता की जांच शुरू कर दी है।

जेएसएससी की ओर से आरोपों की जांच के लिए आयोग के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है, जिसमें आयोग की संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी तथा उप सचिव सह परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार लाल सदस्य बनाए गए हैं।

कमेटी एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देगी। कमेटी ने अपना काम शुरू करते हुए छह शिकायतकर्ताओं को 30 सितंबर को आयोग कार्यालय में बुलाया है। इनमें दो कोचिंग संचालक तथा चार अभ्यर्थी सम्मिलित हैं।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अभ्यर्थियों द्वार की गई शिकायत की जांच को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा आयोग को पत्र लिखकर मामले की जांच करने को कहा था। वहीं, कई अभ्यर्थियों ने भी गुरुवार को आयोग के सचिव से मिलकर गड़बड़ियों की जानकारी दी थी।

उन्होंने गड़बड़ियों के कुछ साक्ष्य भी सौंपे थे। इससे पहले आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने अभ्यर्थियों द्वारा साक्ष्य सौंपने पर जांच की बात कही गई थी। आयोग ने इन छह शिकायतकर्ताओं को पत्र भेजकर कहा है कि उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए पेन ड्राइव एवं सीडी का मूल स्रोत नहीं बताया गया है।

पेन ड्राइव और सीडी से उसके मूल स्रोत का भी पता नहीं चल पा रहा है। इसलिए सभी शिकायतकर्ता 30 सितंबर को फिर से आयोग में उपस्थित होकर मूल स्रोत को लेकर स्थिति स्पष्ट करें, ताकि जांच की आगे की कार्रवाई पूरी का जा सके। इन सभी को उक्त तिथि को शाम तीन बजे आयोग कार्यालय में बुलाया गया है।

अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल के रूप में इन शिकायतकर्ताओं ने 26 सितंबर को आयोग के सचिव से मिलकर उन्हें इस परीक्षा की गड़बड़ी से संबंधित एक पेन ड्राइव, एक सीडी तथा 54 पृष्ठ के दस्तावेज सौंपे थे।

बताते चलें कि 21 व 22 सितंबर को संपन्न झारखंड संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर कुछ अभ्यर्थियों ने पूर्व की परीक्षाओं में पूछे गए कई प्रश्नों को एकमुश्त इस परीक्षा में भी सम्मिलित किए जाने के आरोप लगाए हैं। हालांकि, आयोग ने अबतक इसे अनियमितता नहीं माना है। वहीं कई अभ्यर्थियों ने रांची तथा धनबाद के कुछ केंद्रों पर परीक्षा से पहले एक-एक छात्र द्वारा दूसरे छात्र से मोबाइल पर उत्तर लिखने के आरोप भी लगाए हैं। अभ्यर्थियों के अनुसार, प्रश्नपत्र लीक हुआ है।

दूसरी तरफ, आयोग का कहना है कि यह परीक्षा पूरी तरह फूलप्रूफ संपन्न हुई है। परीक्षा के विभिन्न चरणों की प्रक्रिया इतनी मजबूत थी कि प्रश्नपत्र लीक होना संभव नहीं है। इस परीक्षा को कदाचार मुक्त करने को लेकर एक निश्चित अवधि तक दो इंटरनेट भी बंद कर दिया गया था।

### चीफ एलएडीसी पद पर नियुक्ति के लिए करें आवेदन

**लातेहार, एजेंसी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर चीफ एलएडीसी के पद पर बहाली के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है. यह नियुक्ति संविदा आधारित होगी. इसके लिए क्रिमिनल लॉ में कम-से-कम 10 वर्ष का अनुभव होना, 30 सेशन केस अनुभव के साथ-साथ क्रिमिनल लॉ की अच्छी समझ एवं लीडरशिप क्वालिटी होना आवश्यक है. इस पद पर नियुक्त अधिवक्ता व उम्मीदवार को 65 हजार रुपया प्रति माह मानदेय के रूप में दिया जायेगा. इसके लिए इच्छुक अधिवक्ता व उम्मीदवार 14 अक्टूबर 2024 तक अपना आवेदन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में हाथों-हाथ अथवा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से जमा कर सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय, लातेहार के ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉगिंन कर सकते हैं.

## विधानसभा चुनाव के दौरान ष्टस्न्हेमंत सोरेन और पीएम मोदी को मिलेगी विशेष सुरक्षा, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भेजी रिपोर्ट



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सुरक्षा और सख्त की जायेगी. केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के आधार पर गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय ने उक्त निर्णय लिया है. साथ ही सभी जिलों के एसपी को विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा सुदृढ़ करने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में एक रिपोर्ट झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी को भेजी है. इसमें बताया गया है कि चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण नेताओं का भ्रमण, पब्लिक मीटिंग, रोड शो, रैली सहित अन्य कार्यक्रम बढ़ जाता है. इन कार्यक्रमों में भीड़ होने की वजह से सुरक्षा से संबंधित कुछ बिंदु बिना जांच के रह जाते हैं. इस दौरान नक्सल इलाके में नक्सल सहित अन्य बिंदुओं पर खतरा होता है. इसलिए कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जायें.

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा भेजी गयी रिपोर्ट में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में चुनाव के दौरान जिन लोगों की सुरक्षा सुदृढ़ की जानी है, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पक्ष-विपक्ष के कुल 10 नेताओं के नाम शामिल हैं. इन्हें चुनाव के दौरान विशेष और व्यापक सुरक्षा सिर्फ झारखंड में ही मिलेगी. रिपोर्ट में सुरक्षा को लेकर किये जानेवाले इंतजाम और कार्यक्रमों के दौरान बरती जानेवाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया है.

### बेरोजगारी दूर करने में झारखंड सरकार फेल : शिवराज

**लातेहार, एजेंसी।** आदिवासियों के अतिथि सत्कार की परंपरा दुनिया में अद्भुत है. भाजपा की परिवर्तन यात्रा चल रही है और देश के प्रधानमंत्री का संकल्प है कि पीछे और नीचे रह गये आदिवासी भाइयों-बहनों को आगे बढ़ने का. उक्त बातें भाजपा के राष्टीय उपाध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार देर रात नेतरहाट के जामटोली में आयोजित कार्यक्रम में कही. उन्होंने कहा कि अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि आरक्षण समाप्त कर दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि मेरे रहते आरक्षण किसी कीमत पर समाप्त नहीं होगा. उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की सेवा पूजा के समान है. उन्होंने कहा कि नेतरहाट क्षेत्र में खेती की असीम संभावनाएं हैं. यहां का नाशपाती, आलू, मोटा अनाज सहित कई फल और सब्जियां विश्व विख्यात है. अगर इस पठारी क्षेत्र में पानी की सुविधा परिपूर्ण हो जाये, तो खेती से आदिवासियों के आय के स्रोत का साधन बन सकता है. उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाकर हर घर के लोगों तक नल से जल दिया जायेगा. दो करोड़ लखपति दीदी में आदिवासी समुदाय और पिछड़े वर्ग के लोगों को शामिल किया जायेगा. उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान हेमंत सरकार ने आदिवासियों के लिए रोटी की व्यवस्था नहीं कर सकी है. बेरोजगारी की समस्या को दूर करने में राज्य की सरकार हर मोर्चे पर फेल हैं.

## हेमंत सोरेन ने रांची में 10 अरब के अस्पताल, 5 लाख नए राशन कार्ड को दी मंजूरी, डीलरों व किसान मित्रों को भी किया खुश



**रांची, एजेंसी।** झारखंड मंत्रिपरिषद ने शुक्रवार को बैठककर कुल 49 प्रस्तावों की स्वीकृति दी। प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि राज्य में पांच लाख नए राशन कार्ड निर्गत किए जाएंगे।

इसके साथ ही राशन डीलरों के कमीशन को बढ़ाया जा रहा है। अब प्रति क्विंटल मिलने वाला कमीशन 100 रुपये की जगह 150 रुपये कर दिया गया है। 60 साल से अधिक आयु वाले अनुज्ञप्ति प्राप्त दुकानदार के आश्रित भी एक साल के अंदर अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे।

दादेल ने बताया कि रांची में 10 अरब 74 करोड़ 68 लाख की लागत से 700 बेड के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही राज्य के निजी मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज और दूसरे संस्थानों का फीस निर्धारित करने के लिए एक नियामक संस्था बनाने की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए हाईकोर्ट के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी।

मंत्रिपरिषद ने केंद्र प्रायोजित योजना के तहत कृषक मित्रों को मिलने वाली राशि को बढ़ाकर प्रतिमाह दो हजार रुपये कर दिया है। इससे 16,532 कृषक मित्रों को लाभ होगा। रांची में बनने वाले रवींद्र भवन की योजना राशि बढ़ाई गई है। मंत्रिपरिषद ने रांची में बनने वाले रवींद्र भवन के लिए 292 करोड़ की संशोधित प्राक्कलित राशि की स्वीकृति दी है। रांची में बनने वाले मेडिकल कालेज के लिए कांके के रिनपास स्थित भूमि को चिह्नित किया गया है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की योजना के लिए धनबाद में साइंस सेंटर के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जबकि बीआइटी सिंदरी में इंक्यूबेशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा।

राज्य सरकार ने 15 साल से अधिक पुराने सरकारी वाहनों का निबंधन नहीं होने का निर्णय लिया है। ऐसे वाहनों को स्क्रैप में बदला जाएगा। इसके साथ ही निजी वाहन स्वामी को 15 साल से अधिक पुराने वाहन को स्क्रैप में परिवर्तित करने पर कई सुविधाओं में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

## सीबीआई करेगी राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग से जुड़ी सीडी की जांच, हाईकोर्ट का आदेश जारी




**रांची, एजेंसी।** झारखंड में वर्ष 2016 में राज्यसभा चुनाव के दौरान हॉर्स ट्रेडिंग मामले में हाई कोर्ट ने सीबीआई को सीडी की जांच करने का आदेश दिया है। अदालत ने प्रार्थी को याचिका की कॉपी तथा राज्य सरकार की आपत्ति भी सीबीआई को देने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी।

मामले की सीबीआई जांच के लिए दानियल दानिश ने याचिका दायर की है। याचिका में वर्ष 2016 में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए बड़कागांव की तत्कालीन विधायक निर्मला देवी को प्रलोभन देने व उनपर दबाव डालने के आरोपों को लेकर सीआइडी के तत्कालीन एडीजी और वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार की भूमिका की सीबीआई जांच कराने का आग्रह अदालत से किया गया है।

प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्यसभा चुनाव 2016 को प्रभावित करने के मामले में जगन्नाथपुर थाना में अनुराग गुप्ता, अजय कुमार एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज गई थी। पूर्व में हाईकोर्ट में इसी मामले में निर्मला देवी के पति व पूर्वी मंत्री योगेंद्र साव की सीबीआई जांच करने की याचिका की सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से कोर्ट को प्राथमिकी दर्ज होने की जानकारी दी गई थी।

हालांकि, अनुराग गुप्ता के खिलाफ कोई विभागीय कार्रवाई हुई है या नहीं, इसकी जानकारी नहीं दी गई। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अनुराग गुप्ता के खिलाफ पीसी एक्ट अब तक नहीं लगाया गया है। अनुराग गुप्ता एवं अन्य पर तत्कालीन राज्यसभा प्रत्याशी मुख्तार अब्बास नकवी एवं महेश पोद्दार के पक्ष में मतदान के लिए प्रलोभन देने का आरोप है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि इस मामले में योगेंद्र साव द्वारा मामले की सीबीआई जांच कराने का आग्रह हाईकोर्ट ने पूर्व में ही खारिज कर दिया है। है। प्रार्थी न तो मामले मे सूचक है और न ही गवाह है। इसलिए याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

साल 2016 में राज्यसभा चुनाव के बाद बाबूलाल मरांडी ने एक आडियो टेप जारी किया था।

### भाजपा के पास नहीं है कोई मुद्दा, लोगों को करती है दिगभ्रमित : स्पीकर

**नाला, एजेंसी।** नाला विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों से प्रभावित होकर बानरनाचा पंचायत के पूर्व मुखिया आशुतोष सोरेन ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थामा. विधायक सह झारखंड विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया. मुखिया आशुतोष सोरेन सहित उनके 60 समर्थकों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. जानकारी हो कि इससे पूर्व मुखिया आशुतोष सोरेन भाजपा में थे, लेकिन वर्तमान विधायक के विकास कार्य को देखते हुए उन्होंने झामुमो की सदस्यता ली. मौके पर विस अध्यक्ष ने कहा कि इससे पूर्व भी नाला विधानसभा से भाजपा के विधायक केबिनेट कृषि मंत्री बने, लेकिन उनका एक भी विकास का कार्य सरजमीं पर नहीं दिखाई देता है. उन्होंने नाला की जनता को ठगने का कार्य किया है. वह अपने और अपने परिवार का ही विकास किया है. भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है. लोगों को सिर्फ दिगभ्रमित करने का कार्य करती है. कहा अब जनता जाग चुकी है. भाजपा के झांसे में आने वाले नहीं है. कहा कि जब विधानसभा के अध्यक्ष बने तो उन्हें लगा कि नाला विधानसभा को एक पहचान दिलाई जाय. इसलिए इसी सोच के साथ शिक्षा के क्षेत्र में फतेहपुर में मॉडल डिग्री कॉलेज बनाया. नाला विधानसभा क्षेत्र में एक भी सरकारी कॉलेज नहीं था. फ़तेहपुर में मैट्रिक के बाद आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों और अभिभावकों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी. बिजली की खराब स्थिति को देखते हुए कुंडहित में बिजली ग्रिड का निर्माण किया. पहले की अपेक्षा बिजली में काफी सुधार हुआ है. वहीं किसानों के उपज के बर्बादी को देखते हुए नाला के सालूका में 25 करोड़ की लागत से कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया.

### चार कर्मियों को जख्मी कर सात लाख का केबल लूटा

**धनबाद, एजेंसी।** इसीएल मुगमा एरिया अंतर्गत बराकर इंजीनियरिंग वर्कशॉप में गुरुवार की रात हथियारों से लैस अपराधियों ने चार कर्मियों को घायल कर लगभग 600 फीट केबल (कीमत लगभग सात लाख) लूट लिया. केबल काटने से इसीएल की कॉलोनी के तीन सौ घरों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप हो गयी है. घायल कर्मियों का इलाज इसीएल सांकतोड़िया अस्पताल में चल रहा है. इसमें दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है. बताया जाता है कि गुरुवार की रात वर्कशॉप में इसीएल कर्मी राणा प्रताप सिंह, अनूप चक्रवर्ती, गौतम धीवर व मैनेजर हांसदा नाइट ड्यूटी पर तैनात थे. रात लगभग 12 बजे 20-25 की संख्या में अपराधी बंदूक, रॉड, डंडा लेकर वर्कशॉप के डीजी रूम में चहारदीवारी काट कर घुसे. अपराधियों ने कर्मी राणा प्रताप सिंह व अनूप चक्रवर्ती को मार कर घायल कर वहीं पर लिटा दिया. यह देख अन्य कर्मी मैनेजर हांसदा व गौतम धीवर ने शोर मचाया, तो अपराधियों ने दोनों को डंडे से मार कर जख्मी कर दिया. दोनों के सिर पर चोट लगी है.

## झारखंड में एक बार फिर से बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार: कल्पना सोरेन



**खरसावां, एजेंसी।** कोल्हान दौरे पर पहुंची मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन कहा कि अगले विस चुनाव में झामुमो और इंडिया गठबंधन पूरी ताकत के साथ लड़ने के लिये तैयार है, क्योंकि जनता हमारे साथ है. 2019 में जैसे ही राज्य में झामुमो की सरकार बनी, उसी समय ही बीजेपी वाले इस सरकार को गिराना चाहते थे.

पत्रकारों से बातचीत में कल्पना सोरेन ने कहा कि खरसावां समेत झारखंड के हर कोनें में कोई न कोई शहीद हुआ है. झारखंड वीर भूमि है. शहीदों का आशीर्वाद हमारे साथ है. हमने शहीदों से सीखा है कि परिस्थिति कितनी भी विषम क्यों न हो, आपकों हमेशा लडते रहना है, झूकना नहीं है. झारखंड ने कभी झूकना नहीं सीखा है. निरंतर लडना सीखा है. यह हमारे पूर्वजों ने हमें सीखाया है. झारखंड की अबुआ सरकार झारखंडियों के सपनों को पूरा कर रही है, तो बीजेपी वालों को परेशानी हो रही है. विपक्ष चाहे जितना जोर लगा ले, यहां उनकी चलने वाली नहीं है. आसन्न विधानसभा चुनाव में माताओं और बहनों का आशीर्वाद फिर से झामुमो को प्राप्त होगा और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनेगी.कल्पना सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना को क्रांतिकारी कदम बताया. झारखंड राज्य गठन के बाद कई मुख्यमंत्री बने, लेकिन किसी ने भी आधी आबादी के बारे नहीं सोचा. पहली बार हेमंत जी ने महिलाओं के सम्मान के लिये योजना बनाया. पहले के सरकारों ने इस पर क्यों नहीं सोचा ? यह अपने आप में एक क्रांतिकारी कदम है. अब कुछ लोग कोर्ट में पीआईएल दाखिल कर इसे बंद कराना चाहते है. हमें तो उनके सोच पर ही तरस आता है. सवाल पुछाना चाहुंगी कि जब ऐसे ही कार्यक्रम दूसरे राज्यों में बनते है, तो वह संवैधानिक हो जाते है, लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन कुछ भी करे तो वह असंवैधानिक कैसे हो सकता है ? इसे रोक लगाने के लिये पीआईएल किया जाता है. पीआईएल करने वालों से पुछना चाहती हूं कि क्यां उन्हें हमारी आधी आबादी की खुशियां बरदास्त नहीं होती.

कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने अपने पूर्व के पांच साल में क्यों नहीं माता-बहनों के बारे में सोचा. ऐसे लोगों पर दया आती है कि उनके पास ऐसि क्रांतिकारी सोच नहीं थी, क्योंकि उनके पास हेमंत सोरेन नहीं है. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी की अगुवाई में राज्य की तमाम माताओं और बहनों को सम्मान दिया है. मंईयां सम्मान यात्रा के माध्यम से हम महिलाओं की खुशी देखने आये है.

विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि मंइया सम्मान यात्रा को मिल रहे अपार जन समर्थन से विरोधियों की बोलती बंद हो गई है. अब तो स्थिति ऐसी बन गई है कि भाजपा शासित राज्यों में इस योजना की कॉपी की जा रही है. भाजपा शासित ओड़िशा में इसे सुभद्रा योजना के नाम से चालू किया गया है.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# पोर्नोग्राफी' को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

तकनीकी संसाधनों के विकास के साथ-साथ उनके आपराधिक उपयोग की गलियां भी खुलती गई हैं। इन पर अंकुश लगाने की ज्यादातर कोशिशें विफल ही देखी जा रही हैं। कुछ मसले अब इतने संवेदनशील हैं कि समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार उनमें से एक है। इंटरनेट के विस्तार और हर हाथ में डिजिटल उपकरणों की पहुंच होने के बाद अब बड़े पैमाने पर ऐसी अश्लील सामग्री परोसी जाने लगी है, जो बच्चों को लेकर बनाई जाती है। इस पर रोक लगाने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई थी। अदालत ने उस याचिका पर कहा था कि 'बाल पोर्नोग्राफी' देखने और उसे डाउनलोड करके रखने को पाक्सो कानून के अंतर्गत अपराध नहीं माना जा सकता। उसी आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। अब सर्वोच्च न्यायालय ने न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को पलटते हुए ऐसी सामग्री को डाउनलोड करके रखना और दूसरों को भेजना पाक्सो कानून के अंतर्गत अपराध माना है, बल्कि इस विषय में कई विस्तृत निर्देश दिए हैं। देश की सभी अदालतों से कहा है कि अब वे 'बाल पोर्नोग्राफी' के बजाय 'बाल यौनशोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' पद का उपयोग करें। साथ ही केंद्र सरकार से कहा है कि वह पाक्सो कानून में संशोधन कर इसे अधिक स्पष्ट और व्यापक बनाए। जब तक कानून नहीं बनता, तब तक इस पर अध्यादेश जारी करे। बाल यौनशोषण और दुर्व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिए हालांकि कठोर कानून हैं, पर उनमें कुछ जगहों पर स्पष्टता न होने के कारण अश्लील सामग्री तैयार करने के लिए बच्चों का भी उपयोग किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी कमजोरी को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। दरअसल, अश्लील सामग्री का कारोबार दुनिया भर में फैला हुआ है। कुछ देशों ने तो इसे कानूनी मान्यता भी दे रखी है, जैसे जर्मनी, फ्रांस आदि। मगर पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह डिजिटल माध्यमों पर अश्लील सामग्री परोसने की प्रवृत्ति और उससे समाजों में हिंसा तथा यौनशोषण की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं।

## हर किसी को अभिव्यक्ति का हक

करीब छह महीने पहले केंद्र सरकार ने जब 'फैक्ट चेक यूनिट' यानी तथ्य जांच इकाई के गठन संबंधी अधिसूचना जारी की थी, तभी से इस पर विवाद है। मगर इसे लेकर उभरी असहमतियां और उठे सवालों के बावजूद सरकार शायद इस ओर धीरे-धीरे कदम बढ़ा रही थी। अब इस मसले पर बंबई हाईकोर्ट के फैसले के बाद सरकार के लिए अपने पक्ष को निर्विवाद बताना मुश्किल होगा। बंबई हाईकोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम, 2023 को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया और इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 का उल्लंघन बताया। गौरतलब है कि सूचना प्रौद्योगिकी यानी आइटी नियमों में किए गए संशोधनों के जरिए केंद्र सरकार को सोशल मीडिया मंचों पर अपने कामकाज के बारे में 'फर्जी और भ्रामक' सूचनाओं की पहचान करने और उन्हें खारिज करने या झूठा घोषित करने के मकसद से तथ्य जांच इकाई बनाने की इजाजत दी गई थी। इस इकाई को सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार और उसकी एजंसियों को लेकर दी गई जानकारियों को चिह्नित करने की शक्ति भी दी गई थी। इसके तहत यह इकाई अगर फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स जैसे सोशल मीडिया मंचों पर किसी जानकारी को झूठी बताती, तो वे कंपनियां वह सूचना या टिप्पणी हटाने के लिए कानूनी रूप से बाध्य होतीं या उस पर अपने मंच की ओर से अस्वीकरण जोड़ना होता। प्रथम दृष्टया यह कवायद गलत सूचना या जानकारी को दुरुस्त करने या उस पर लगाम लगाने की कोशिश लगती है, मगर इसका सिरा कहां तक जाएगा, यह तय करना मुश्किल है।अगर कभी ऐसे नियम लागू होते हैं तो इस बात की क्या गारंटी है कि सरकार की तथ्य जांच इकाई जिन जानकारियों को फर्जी, भ्रामक या झूठी बताएगी और वह किसी तथ्य की मनमानी व्याख्या नहीं होगी और किसी खास टिप्पणी या जानकारी का चुनाव अपनी सुविधा के मुताबिक या सरकार की छवि बचाने के लिए नहीं होगा! अगर किन्हीं स्थितियों में ऐसा होता है, तो क्या इससे किसी व्यक्ति के अभिव्यक्ति के संवैधानिक अधिकार बाधित नहीं होंगे? इन्हीं आशंकाओं के मद्देनजर बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि इन नियमों ने संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया है।

# पर्यटन की अनंत संभावनाओं का प्रदेश है मध्यप्रदेश

(धर्मेन्द्र सिंह लोधी)

> *मध्यप्रदेश खुद को भारत में एक अग्रणी फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। राज्य की फिल्म-अनुकूल नीति, सिंगल-विंडो क्लीयरेंस और आकर्षक प्रोत्साहन ने इसे प्रोडक्शन हाउस के लिए पसंदीदा विकल्प बना दिया है। हाल ही में मध्यप्रदेश के चंदेरी में शूट की गई फिल्म स्त्री-2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ की कमाई करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है।*

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पर्यटन और सांस्कृतिक अभ्युदय का नया इतिहास लिखा जा रहा है। पौराणिक काल से ही देश में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सनातन परम्परा के गौरव को संरक्षित करने और सहेजने की परम्परा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सांस्कृतिक अभ्युदय के संकल्प को पूरा करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। भारत में पर्यटन को एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र के रूप में देखा गया है। उनका मानना है कि पर्यटन न केवल आर्थिक लाभ प्रदान करता है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का एक सशक्त साधन है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिली है। भारत के इतिहास में विभिन्न देशों की खोज, वास्तुकला, तकनीक, साहित्य और कृषि आदि क्षेत्रों में वैचारिक आदान-प्रदान का केंद्र बिंदु पर्यटन भी रहा है। पर्यटन ने वैश्विक शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई निभाई है। पर्यटन लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं से रूबरू कराता है, जिससे सहिष्णुता और समझदारी बढ़ती है। जब लोग एक-दूसरे के जीवन और रीति-रिवाजों को समझते हैं, तो उनके बीच संघर्ष की संभावना कम हो जाती है। पर्यटन के माध्यम से लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं और सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता है, जिससे वैश्विक समुदाय का निर्माण होता है, जो अंततः वैश्विक शांति को बढ़ावा देता है। हर साल 27 सितंबर को मनाये जाने वाले विश्व पर्यटन दिवस,मनाया जाता है, का उद्देश्य पर्यटन के महत्व और उसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक भूमिका को पहचानना है। वर्ष 2024 की थीम 'पर्यटन और शांति' एक अत्यंत महत्वपूर्ण विचारधारा को दर्शाती है, जिसमें पर्यटन को शांति और सद्भाव का एक माध्यम माना गया है। पर्यटन वैश्विक स्तर पर शांतिपूर्ण संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जब लोग विभिन्न देशों और संस्कृतियों के लोगों के साथ संपर्क में आते हैं, तो यह समावेशिता और सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करता है। इसके साथ ही, जब पर्यटन एक क्षेत्र में बढ़ता है, तो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं और उनका जीवन स्तर सुधरता है, जिससे संघर्ष और असमानता कम होती है। यह संपूर्ण प्रक्रिया अंततः शांति और समृद्धि को बढ़ावा देती है। अतुल्य भारत का हृदय मध्यप्रदेश एक बहुविध गंतव्य होने के साथ-साथ नैसर्गिक समृद्ध वन्य जीवन, प्राचीन समृद्ध विरासत, विविध जीवंत संस्कृति का प्रदेश है। लगभग 112.1 मिलियन पर्यटक आगमन के साथ वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश ने एक नया पर्यटन रिकॉर्ड स्थापित किया है जो वर्ष 2022 में 34.1 मिलियन आगंतुकों की संख्या से तीन गुना है। भारत में सबसे ज़्यादा 785 बाघों के साथ मध्यप्रदेश देश का चीता, घड़ियाल, तेंदुआ और गिद्ध की अधिक संख्या वाला प्रदेश भी है। मध्यप्रदेश 12 राष्ट्रीय उद्यानों का घर है जो प्राकृतिक लुभावने परिदृश्य और विविध वन्यजीव के लिए जाने जाते है। इसके अलावा मध?यप्रदेश में 50 से अधिक अभ?यारण?य और प्राकृतिक दृष्टि से रमणीय स?थल विद्यमान हैं। मध्यप्रदेश पुरातत्व और भूगर्भीय चमत्कारों का राज्य है। इतिहास और संस्कृति से भरे खजाने में 14 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं। मध्यप्रदेश में बौद्ध तीर्थ स्थल सांची स्तूप, स्थापत्य कला का अद्वितीय नमूना खजुराहो मंदिर और प्रागैतिहासिक गुफा चित्रों का खजाना 'भीमबेटका रॉक शेल्टर' यूनेस्को की स्थायी सूची में शामिल हैं। यूनेस्को की अस्थाई सूची में ग्वालियर किला, धमनार रॉक-कट गुफाएं, भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी रॉक कला, खूनी भंडारा-बुरहानपुर, रामनगर और मंडला गोंड स्थल, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, भेड़ाघाट - लम्हेटा घाट, ओरछा, मांडू और भारत का कपड़ा समूह - चंदेरी शामिल हैं। अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिए गांधी सागर महोत्सव, जल महोत्सव, चंदेरी महोत्सव और कुनो वन महोत्सव शुरू किए गए हैं। जिसमें ऑल सीजन टेंट सिटी स्थापित किए गए हैं। यहां पर्यटक स्काईडाइविंग, हॉट एयर बैलूनिंग, पैरामोटरिंग, रिवर राफ्टिंग से लेकर ज़मीन, पानी और हवा पर आधारित साहसिक गतिविधियों का अनुभव कर सकते है। विश्व प्रसिद्ध चंदेरी साड़ी के जन्मस्थल प्राणपुर को भारत के पहले हथकरघा शिल्प गांव में बदला जा रहा है। यह ऐतिहासिक शहर अपनी सदियों पुरानी हथकरघा बुनाई परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। प्रदेश में पर्यटकों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा अंतर राज्यीय वायु सेवा शुरू की गई है। मध्यप्रदेश में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश में गहन आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के प्रामाणिक अनुभव विकसित किए गए है। दो दिव्य ज्योतिर्लिंगों - ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर, चित्रकूट, राम वन गमन पथ, विभिन्न आध्यात्मिक लोक, ओरछा राम राजा मंदिर, भगवान राम और श्री कृष्ण से जुड़े स्थल जिसमें उज्जैन में संदीपनी आश्रम, जानापाव पहाड़ी आध्यात्मिकता का अद्वितीय आनंद से परिपूर्ण है। मध्यप्रदेश में पर्यटन स्थानीय समुदायों के विकास और उत्थान की प्रमुख धूरी बन रहा है। रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म की दिशा में बढ़ते हुए ग्रामीण पर्यटन स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाते हुए स्थानीय समृद्ध विरासत और संस्कृति को संरक्षित भी कर रहा है। ग्रामीण पर्यटन मिशन के तहत 100 से अधिक गांवों में 1000 होमस्टे का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में 16 गांवों में फैले 41 ग्रामीण होमस्टे सहित 305 से अधिक होमस्टे आतिथ्य की गर्मजोशी, आरामदायक आवास, स्थानीय व्यंजनों के स्वाद के साथ क्षेत्र के जीवंत लोक नृत्य और संगीत को पर्यटकों से रूबरू करा रहे है। एक कदम आगे बढ़ महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत सोलो महिला यात्रियों की सुरक्षा और सुगमता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मध्यप्रदेश विविध संस्कृतियों, परंपराओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों का एक जीवंत चित्रपट है। अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह, तानसेन संगीत समारोह, भगोरिया उत्सव और लोकरंग जैसे आकर्षक कार्यक्रम और त्योहार मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश करते हैं, तथा दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं।

# श्रीलंका की दशा-दिशा कैसे सुधारेंगे दिसानायके

(स्मृति पटनायक, रिसर्च फेलो, आईडीएसए)

एक ऐसे देश में, जो अपनी आर्थिक बदहाली से उबरने की कोशिश में है, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की शर्तों व उनका आम लोगों पर पड़ रहे असर के बीच सामंजस्य बनाने का प्रयास कर रहा है, वहां एक धुर वामपंथी राजनेता का राष्ट्रपति चुनाव जीत जाना किसी ऐतिहासिक घटना से कम नहीं है। श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में अनुरा कुमारा दिसानायके (जिनको एकेडी नाम से पुकारा जाता है) का निर्वाचन इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने रानिल विक्रमसिंघे, साजिद प्रेमदासा, नमल राजपक्षे जैसे दिग्गजों को हराया है। उल्लेखनीय यह भी है कि इस बार देश के इतिहास में पहली बार दूसरे दौर की मतगणना कराई गई, क्योंकि पहले दौर में कोई प्रत्याशी 50 फीसदी मत पाने में सफल नहीं हो सका। बहरहाल, जेवीपी पार्टी के नेता अनुरा की जीत जितनी अप्रत्याशित है, उनकी चुनौतियां उतनी ही प्रत्याशित। असल में, उन्होंने चुनाव के दौरान ऐसे-ऐसे वायदे किए हैं, जिनको पूरा करना काफी मुश्किल हो सकता है। मिसाल के तौर पर, उन्होंने कहा था कि आईएमएफ की शर्तों से देश पर जो सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ रहा है, उसकी समीक्षा की जाएगी और लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए नए सिरे से शर्तों पर बात की जाएगी। आईएमएफ किसी देश की आर्थिक अस्थिरता को दूर करने के लिए सब्सिडी खत्म करने, वेतन-पेंशन आदि अचानक न बढ़ाने जैसी शर्तें लगाता है। जाहिर है, इस बाबत कोई कदम उठाना फिलहाल काफी कठिन है। जब श्रीलंका दिवालिया घोषित किया गया था, तब भारत, जापान जैसे बड़े निवेशक देश आईएमएफ में उसके गारंटर बने थे। इन्होंने आईएमएफ की इस शर्त को माना था कि ये अपने कर्ज का फिर से निर्धारण करेंगे और श्रीलंका को उसे चुकाने के लिए कुछ अतिरिक्त समय देंगे, ताकि वह आईएमएफ से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल देश के विकास में कर सके। बाद में चीन ने भी इसमें साथ दिया, क्योंकि वह श्रीलंका में सबसे बड़ा निवेशक है। नतीजतन, नकारात्मक विकास दर वाला श्रीलंका आज दो फीसदी से अधिक की दर पर तरक्की कर रहा है। लिहाजा, निवेशकों के लिए श्रीलंका को आकर्षक बनाने के लिए ही अनुरा काम करेंगे, न कि आईएमएफ की शर्तों पर पुनर्विचार का आग्रह करके विदेशी पूंजी के प्रवाह को बाधित करने की दिशा में। श्रीलंका को एक स्थिर मुल्क के तौर पर आगे बढ़ाने की मंशा अनुरा ने फरवरी में भी दिखाई थी, जब वह भारत आए थे। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के तहत जब वह दिल्ली में बड़े नेताओं से मिल रहे थे, तब उन्होंने यही भरोसा देने की कोशिश की थी कि मुश्किल दिनों में भारत ने श्रीलंका की जो मदद की है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। साल 2022 में जिस राजनीतिक-आर्थिक मंझधार में श्रीलंका फंस गया था, उससे उबरने में भारत ने तत्काल तकरीबन 40 लाख डॉलर की आर्थिक मदद की थी और चिकित्सकीय टीम, जरूरी दवाएं आदि भेजने के साथ बिजली की व्यवस्था भी करवाई थी। कुछ आलोचक भले ही भारत से जुड़ी एकाध परियोजना की समीक्षा संबंधी उनके बयान को तवज्जो दें, लेकिन आज भी सच यही हैकि श्रीलंका आर्थिक स्थिरता की ओर ही बढ़ना पसंद करेगा, जिसका एलान नए राष्ट्रपति बार-बार करते रहे हैं। इसी तरह, वामपंथी रुझान की वजह से उनकी चीन से निकटता का इस्तेमाल भी उनके खिलाफ किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने हंबनटोटा बंदरगाह की शर्तों की भी पुनर्समीक्षा की बात कही है, जिसका चीन उपयोग कर रहा है। साफ है, श्रीलंका के हितों को आगे बढ़ाने का ही प्रयास अनुरा करेंगे। वहां आर्थिक सुधार के काम यूं ही चलते रहेंगे। अच्छी बात यह भी है कि वह साफगोई से अपनी बात रखते हैं, फिर चाहे आईएमएफ की नीतियों की मुखालफत हो या विक्रमसिंघे की आलोचना, उन्होंने कभी कुछ नहीं छिपाया। 1987-89 में जब जेवीपी विद्रोह हुआ था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5506

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5505

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 5506

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | | |
| ■ | 9 | 10 | | ■ | | ■ | ■ |
| 11 | ■ | | ■ | 12 | | ■ | 13 |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 | | |
| ■ | | ■ | 20 | | | ■ | ■ |
| 21 | | | ■ | | ■ | 22 | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. सन् 2000 में यह भारत का 28 वां राज्य बना (4)
4. तुल्यता, बराबरी, संतुलन (3)
7. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)
8. जिससे काम निकल जाए (5)
9. प्रथा, रिवाज, रस्म (3)
12. संगीत का एक अंग जिसमें कलात्मक ढंग से अंगों का संचालन करना, नृत्य (2)
14. जंगल, अरण्य, वन (3)
15. उतनी वस्तु जितनी एक बार में तली य सेकी जाए (2)
16. अंतत, अवश्वमेव, अंत (3)
18. कुटिलता, धोखा या छल करने का भाव (4)
20. अंगहीन, अशक्त (3)
21. महाशय, श्रीमान, महोदय (3)
22. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)

**(ऊपर से नीचे**

1. चटटा टोकरा, पिटारा (2)
2. आंख आना, ओशाबे चश्म, आई हुई आंख (3)
3. पश्चिमी अफ्रीका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की राजधानी, उर्ध्ववायु (3)
4. यथार्थत, ठीक-ठीक (4)
5. मुझे (मराठी)(2)
6. जो रिश्तें में पिता के बड़े भाई हो (2)
10. स्तूप के आकार का (4)
11. इस वृक्ष के छोटे फलों से मदिरा का निर्माण होता है (3)
12. सिख धर्वावलंबी, खालसा (5)
13. अवाम, पब्लिक (3)
15. ढलवां तट, पर्वत ढाल (2)
17. क्रीड़नक, इस फिल्म में संजीव कुमार ने एक पागल की यादगार भूमिका की थी (1970) (3)
19. पैर, पांव, डग, कदम (2)

### वर्ग पहेली 5505 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | ■ | क | ला | ध | र |
| ज | ल | ज | ■ | ल | ■ | र्म | ■ |
| ■ | र | फ | बु | क | ■ | वी | र |
| पा | ■ | ■ | डा | क | दा | र | ■ |
| ■ | ता | इ | पे | ■ | ना | ■ | सा |
| बो | ल | ■ | स्ट | डी | ■ | घ | र |
| ■ | के | ला | ■ | न | ज | रा | ना |
| च | तु | र | ता | ■ | ■ | ना | थ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन अनुकूल नहीं है। आपका दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा और आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचने की सलाह है। आपको किसी को पैसे उधार देने से बचना चाहिए। आपको कारोबार में किसी प्रकार का रिस्क लेने से बचने की सलाह है। आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके सुख में वृद्धि होगी।

### वृष
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको मेहनत करने से लाभ होगा। ऑफिस में आपके विरोधी आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। आप धीरे धीरे सफलता की ओर बढ़ेंगे। कोई नया कार्य शुरू करने का अच्छा वक्त है। दिन का काम जल्दी खत्म करके आप शाम को अपने परिवार को समय दे पाएंगे। आपका मन प्रसन्न होगा।

### मिथुन
आज भाग्य साथ देगा और आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होने के योग हैं। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे और आपको व्यर्थ की भागदौड़ करनी पड़ सकती है। पारिवारिक अशांति की वजह से आपका काम में मन नहीं लगेगा।

### तुला
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको हर कार्य में सफलता मिलने से प्रसन्नता होगी। हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा और रुके कार्य पूर्ण होंगे। विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे और आपके सांसारिक सुख भोग में वृद्धि होगी। मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही परेशानियों का अंत होगा। आपके लिए दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा।

### वृश्चिक
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके लिए भौतिक सुख सुविधाएं बढ़ेंगी। वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी और धन में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। परिवार के लोगों के साथ शाम को कहीं जाने का प्लान बन सकता है।

### धनु
आज लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आपका दिन सफलता से भरा होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार मिलेगा। भाग्योदय का दिन है, आपको लाभ होगा और सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। कारोबार में आपको लाभ होगा। आपका दिन आनंद से भरा होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होगी।

### कर्क
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और कारोबार में आपकी तरक्की के योग बन रहे हैं। आपको रुपये-पैसे के मामले में लाभ होगा और हर मामले में सफलता प्राप्त होगी। परिवार के लोगों के साथ आपका शानदार वक्त बीतेगा और किस्मत आपका साथ देगी। आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी स्थिति पहले से बेहतर होगी।

### सिंह
आज करियर में सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपके सुख में वृद्धि होगी। अच्छे लोगों से मिलने के योग हैं। मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। शाम का समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। ध्यान रखें तो आपको सफलता प्राप्त होगी।

### कन्या
आज सुख में वृद्धि होगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। किस्मत के मामले में आप धनी हैं। राज्य कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आपके घर में धन धान्य की वृद्धि होगी और मित्रों से धन का लाभ होगा। आपका मन काफी प्रसन्न होगा। हर कार्य में विजय और मनोरथ सिद्धि होगी।

### मकर
आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी। अपने घर में आपकी कद्र बढ़ेगी और आपके लिए लाभ व तरक्की के संयोग बनेंगे। कहीं से कमा कमाया धन मिलने के योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से भाई बन्धुओं से चल रहा विवाद दूर होगा और आपकी तरक्की होगी।

### कुंभ
आज करियर में लाभ के योग हैं और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन खुश होगा। पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे और करियर में तरक्की होने से आपका मन खुश होगा। विरोधी पक्ष के लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाने से लाभ होगा।

### मीन
आज राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। आपके द्वारा लिया गया फैसला आपको लाभ देगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। संतान पक्ष के विवाह में आ रही हर बाधा दूर होगी और आपको लाभ होगा। जन संपर्क में वृद्धि होगी और आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी। कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है और आपको बिना सोचे कोई काम नहीं करना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# संजौली मस्जिद विवाद के बीच अमन की अपील, शिमला में शांति मार्च; एकता बनाए रखने की शपथ



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के उपनगर संजौली स्थित मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को शिमला की सड़कों पर शांति मार्च निकाला गया। साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए शिमला फॉर पीस एंड हारमनी के बैनर तले सद्भावना मार्च निकाला गया। सद्भावना मार्च में सेवानिवृत्त आईएएस व प्रोफेसर, मुस्लिम समुदाय, कॉलेज व विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। अलग-अलग संगठनों से जुड़े लोग सुबह 11 बजे उपायुक्त दफ्तर के बाहर जुटे और शेरे पंजाब से लोअर बाजार व नाज होते हुए मार्च निकला। इस दौरान शांति व अमन चैन का संदेश दिया गया। मार्च में जुटे लोगों ने अपने हाथों में कई बैनर लिए हुए थे। अलग-अलग तरह के बैनरों में लिखा था अनेकता में एकता, स्नेह और ज्ञान समरसता का प्रतीक, सभी समुदायों को स्वतंत्रता से जीने का अधिकार, सम्प्रदायिकता मानवता की दुश्मन, प्रदेश व शिमला में शांति व आपसी सौहार्द कायम रखें। सद्भावना रैली में शामिल लोग रिज मैदान पर स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास पहुंचे और यहां सांप्रदायिक सौहार्द, अमन-शांति व भाईचारे, राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने की शपथ ली गई। सद्भावना मार्च में सीटू के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, पूर्व महापौर संजय चौहान, माकपा के पूर्व में विधायक रहे राकेश सिंघा, आप नेता राकेश अजटा, सेवानिवृत्त आईएएस दीपक शानन, अजय शर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। शिमला नगर निगम के पूर्व महापौर संजय चौहान ने सद्भावना मार्च के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि शिमला में लंबे समय से सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। अब विवाद को लेकर माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। शिमला में ऐसे हालात पैदा करने की कोशिश की गई, जिसे यहां का आम शहरी कभी समर्थन नहीं करता है। उन्होंने कहा कि 175 साल पुराने शिमला नगर निगम में कभी भी साम्प्रदायिक, जातीय तौर पर ऐसा उपद्रव नहीं हुआ है। शिमला में ये भाईचारा कायम रखने के लिए आज सद्भावना मार्च निकाला गया है। इसमें हर वर्ग ने अपनी भागीदारी दी है। उन्होंने इस मार्च के माध्यम से जनता से अपील की है कि आपसी सौहार्द व भाईचारे को बनाए रखें। शिमला एक ऐतिहासिक और शांत शहर है। विश्व में पर्यटन की दृष्टि से इसका महत्व है। यहां हर साल लाखों की तादाद में पर्यटक आते हैं और वो हमारे कारोबार का एक हिस्सा भी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। कुतुब मस्जिद के अध्यक्ष मोहम्मद पीरू ने कहा कि वह पिछले 25 वर्षों से यहां शिमला में रह रहे हैं। यहां पर आज तक कभी इस तरह का माहौल पैदा नहीं हुआ। सरकार और प्रशासन बाहर से आने वाले सभी लोगों की वेरिफिकेशन करे ताकि यहां पर माहौल खराब ना हो। देवभूमि संघर्ष समिति ने शिमला में निकाले गए शांति व सद्भावना मार्च पर सवाल उठाए हैं। संघर्ष समिति ने एक पोस्ट जारी कर कहा है कि जब ऊना में नाबालिग प्राची राणा का गला रेतकर उसकी हत्या की गई थी, तब ये सद्भावना कहां थी? इसी तरह मनोहर हत्याकांड, राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल हत्याकांड व दलित स्कूली छात्र की चाकू मार कर हत्या कर देने वाले मामलों के समय सद्भावना रैली क्यों नहीं की गई?

## संक्षिप्त समाचार

### 300 करोड़ का गबन कर वृंदावन में बाबा बन गया नटवरलाल, पुलिस ने यूं दबोचा

**मुंबई/मथुरा , एजेंसी।** महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम ने मथुरा जिले के कृष्ण बलराम मंदिर के समीप वृंदावन पुलिस की मदद से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसपर वहां (महाराष्ट्र में) करीब 300 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस व्यक्ति की पहचान महाराष्ट्र के बीड जिले के निवासी बबन विश्वनाथ शिंदे के रूप में हुई है। कृष्ण बलराम मंदिर को अंग्रेजों के मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र के बीड जिले के उपनिरीक्षक एसएस मोरकुटे एवं सहायक उपनिरीक्षक तुलसीराम बबन शिंदे (63) की गिरफ्तारी के लिए यहां आये थे और काफी खोजबीन के बाद वह अंग्रेजों के मंदिर के निकट साधु वेश में घूमता मिला। कुमार ने बताया कि छानबीन में जानकारी मिली कि शिंदे यहां करीब एक साल से साधु वेशभूषा में रह रहा था, जबकि महाराष्ट्र पुलिस की टीम उसे यहां मंदिरों, आश्रमों, होटल, गेस्ट हाउस आदि में तलाश रही थी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार शिंदे भेष बदल कर रह रहा था। उन्होंने बताया कि उन्होंने मथुरा पुलिस की अपराध शाखा एवं वृन्दावन पुलिस का सहयोग लिया तो वह जल्द ही मिल गया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार महाराष्ट्र पुलिस ने नियमानुसार उसे बृहस्पतिवार को अदालत में पेश कर उसका 'ट्रांजिट रिमांड' हासिल किया और फिर उसे वापस महाराष्ट्र ले गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिंदे पर आरोप है कि उसने महाराष्ट्र के बीड जिले की 'जिजाऊ मां साहेब मल्टी स्टेट बैंक' में जमाकर्ताओं के तीन सौ करोड़ रुपये का गबन किया और वहां से फरार हो गया। उसके बाद वह साल भर से वृन्दावन आकर साधु के वेश में रह रहा था।

### पंजाब सरकार ने पांच पूर्व मंत्रियों को जारी किया नोटिस, सरकारी कोठी खाली करने के दिए आदेश



**चंडीगढ़ , एजेंसी।** पंजाब सरकार ने पांच पूर्व मंत्रियों को सरकारी कोठी खाली करने के लिए नोटिस जारी किया है। इसमें बलकार सिंह, अनमोल गगन मान और जिम्पा सहित उन मंत्रियों के नाम शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दिया था। इन मंत्रियों को निर्देश किया गया है कि वह 15 दिनों के भीतर अपनी सरकारी कोठी खाली कर दें। सरकार की ओर से जारी नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इन कोठियों को तत्काल प्रभाव से खाली किया जाए, ताकि नए मंत्रियों को आवास प्रदान किया जा सके। पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर, चेतन सिंह जौड़ामाजरा, बलकार सिंह, ब्रह्म शंकर जिम्पा और अनमोल गगन मान को सरकारी कोठी खाली करने के लिए कहा गया है। नियमों का हवाला दे लिखा गया है- नियमों के मुताबिक, किसी भी कैबिनेट मंत्री द्वारा पद से हटने के बाद सरकारी रिहायश में अधिक से अधिक 15 दिनों तक रिटेन किया जा सकता है इसलिए आप आवास खाली कर लोक निर्माण विभाग को सौंप दें, ताकि नवनियुक्त मंत्रियों को आवास आवंटित किए जा सकें। बता दें कि पंजाब सरकार के मंत्रिमंडल में 5 नए चेहरों को शामिल किया गया है। पंजाब सरकार में तरुण प्रीत सिंह, बरिंदर गोयल, हरदीप मुंडिया, डॉ. रवजोत सिंह और मोहिंदर भगत मंत्री बने हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को सभी नए मंत्रियों से मुलाकात की थी। इस दौरान उनसे उनके विभागों की कार्यशैली पर भी चर्चा की गई थी। सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन को देखते हुए कैबिनेट में बदलाव किया गया था। बता दें कि लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी पंजाब की 13 में से सिर्फ 3 सीट पर जीत दर्ज कर पाई थी। अफवाह है कि इस कारण से ही मान सरकार के कैबिनेट में यह बदलाव किया गया।

## गैर मर्द से अवैध संबंध के शक में बुजुर्ग ने की पत्नी की हत्या

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के खेड़ा चौगानपुर गांव में किराये के मकान में रहने वाले बुजुर्ग ने शुक्रवार शाम अवैध संबंध के शक में लोहे की रॉड से हमला कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। उसने महिला के सिर पर वार किया था। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

सेक्टर ईकोटेक-3 पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से लखीमपुर खीरी के मैगलगंज का रहने वाला पुतान सिंह खेड़ा चौगानपुर गांव में एक मकान में किराये पर परिवार के साथ रह रहा था। पुतान सिंह का शुक्रवार की शाम अपनी पत्नी रजनी से झगड़ा हुआ। रखी लोहे की रॉड से पत्नी के सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। मकान मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में ले लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## गाजियाबाद में मिला एक और धर्मांतरण गिरोह, लालच देकर 100 को बनाया ईसाई; चार गिरफ्तार

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद में नंदग्राम के बाद अब मोदीनगर पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक दोनों गिरोहों का धर्मांतरण कराने का तरीका एक जैसा है। पकड़े गए आरोपी इलाज का झांसा और रोजगार-शादी का लालच देकर लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करते थे। प्रारंभिक जांच में सौ से अधिक लोगों का धर्मांतरण कराने की बात सामने आई है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि 22 सितंबर को मोदीनगर की विजयनगर कॉलोनी निवासी संगीता ने मोदीनगर थाने में एक प्रार्थना-पत्र दिया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि जेठ का लड़का आशु, सास अशरफी और ससुर किशनपाल उन पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने आरोपियों से मना किया तो जान से मारने की धमकी देने लगे। डीसीपी ग्रामीण के मुताबिक शिकायत पर केस दर्ज कर मोदीनगर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इसी क्रम में पुलिस ने आशु को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया तो उसकी पैरवी करने के लिए मोदीनगर की मोदीपोन कॉलोनी निवासी पोलू मसीह अपने दो साथियों नोएडा सेक्टर-101 के गांव सलारपुर खादर निवासी पास्टर रासी बलियार और दादरी रोड गौतमबुद्धनगर स्थित सलारपुर निवासी छुद्दू कुमार शाह के साथ थाने पहुंचा। पास्टर रासी बलियार मूलरूप से जिला गजापति, ओडिशा के गांव सहरंगा और छुद्दू कुमार शाह बिहार के जिला रोहतास, गांव रमरोठा का रहने वाला है। डीसीपी ग्रामीण के मुताबिक पोलूस मसीह और उसके दोनों साथी पुलिस कार्रवाई को गलत बताते हुए आशू को छोड़ने का अनावश्यक दबाव बनाने लगे। शक होने पर तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उनके मोबाइल में धर्मांतरण संबंधी साक्ष्य मिले। इसके बाद शुक्रवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## स्किल उत्तराखण्डः युवाओं को मिले साढ़े तीन लाख रुपए मासिक वेतन के ऑफर

**विशेष संवाददाता | देहरादून**

कोटद्वार निवासी प्रशांत रावत, जीएनएम का कोर्स करने के बाद वर्तमान में देहरादून के निजी अस्पताल में नौकरी कर रहे हैं। प्रशांत अब जर्मन भाषा में बी– 2 का प्रशिक्षण पूरा करने का इंतजार कर रहे हैं, इसके बाद वो जर्मनी में ढाई से साढ़े तीन लाख रुपए मासिक वेतन वाली नौकरी शुरू कर सकेंगे, जिसका ऑफर लेटर उन्हें पहले ही मिल चुका है। उत्तराखण्ड सरकार की ओर से चलाई जा रही 'मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना' ने प्रशांत के इन सपनों को रंग भरने का काम किया है। इसके लिए चयनित सभी युवाओं ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन से सेवायोजन विभाग की ओर से चलाई जा रही 'मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना', राज्य के युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। योजना के तहत जर्मनी में नर्सिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक 15 युवाओं को देहरादून में जर्मन भाषा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त सभी युवा बीएससी नर्सिंग, जीएनएम जैसे कोर्स करने के बाद वर्तमान में देहरादून में प्राइवेट जॉब कर रहे हैं। अब वो विदेशी भाषा का प्रशिक्षण हासिल करने के बाद, जर्मनी में रोजगार हासिल कर, उत्तराखण्ड ही नहीं देश का भी नाम रोशन करने जा रहे हैं। उत्तराखण्ड सरकार के प्रयासों से इन युवाओं का चयन पहले ही जर्मनी के विभिन्न अस्पतालों में ढाई से साढ़े तीन लाख रुपए प्रति माह के वेतन पर हो चुका है, बस उन्हें इसके लिए जर्मन भाषा में बी – 2 परीक्षा पास करनी है। योजना के तहत प्रशिक्षण ले रही देहरादून त्यागी रोड निवासी अवंतिका बताती हैं कि यदि वो बाहर से जर्मन भाषा का प्रशिक्षण लेती तो, इसमें चार लाख रुपए तक का खर्च आता। लेकिन उत्तराखंड सरकार के अधीन आधे से कम खर्च में प्रशिक्षण मिल रहा है। उस पर सरकार के जरिए चयन होने से किसी तरह की ठगी की भी संभावना नहीं है। वो इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त कर रही हैं।



देहरादून रानीपोखरी निवासी आस्था शर्मा भी चयनित युवाओं में शामिल है। आस्था बताती हैं कि करीब एक साल के प्रशिक्षण पर औसत डेढ़ लाख का व्यय आ रहा है। इसमें 20 प्रतिशत व्यय उत्तराखण्ड सरकार उठा रही है, इसमें वीजा खर्च भी शामिल है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उन्हें जर्मनी मे दो साल का वर्क वीजा भी मिलेगा।

## ओडिशा का सीएम बनने से कुछ दिन पहले इंस्पेक्टर ने मुझे थाने से बाहर निकाल दिया था: मोहन माझी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करने के बाद जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ओडिशा के मुख्यमंत्री के लिए मोहन चरण माझी के नाम का ऐलान किया तो लोग चौंक गए। सीएम बनने से महज कुछ दिन पहले माझी को एक पुलिस स्टेशन से बाहर जाने के लिए कह दिया गया था। सीएम ने खुद इसका खुलासा करते हुए कहा है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र की कुछ समस्याओं पर चर्चा करने के लिए पुलिस स्टेशन गए थे।



भुवनेश्वर में लोक सेवा भवन के कन्वेंशन सेंटर में जिला कलेक्टरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए माझी ने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान देने के लिए कहा। उन्होंने 2024 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले अपने निर्वाचन क्षेत्र क्योंझर में एनएच20 पर आयोजित कुछ विरोध प्रदर्शनों और सड़क अवरोधों की कुछ घटनाओं का उदाहरण दिया।

क्योंझर से चार बार विधायक रह चुके माझी ने कहा, जब मैं समस्या को सुलझाने और सड़क अवरोध हटाने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंचा तो इंस्पेक्टर मुझ पर भड़क गया और मुझे बाहर जाने के लिए कहा। किसने अधिकारियों पर एक मौजूदा विधायक को बाहर जाने के लिए कहने का दबाव बनाया। उन्होंने दावा किया कि अपमान के कारण उन्होंने पुलिस स्टेशन के बाहर धरना दिया। सीएम ने कहा, भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से मैं एक महीने बाद सीएम बन गया। आप इंस्पेक्टर की स्थिति की कल्पना कर सकते हैं। लेकिन मैंने उसे माफ कर दिया, क्योंकि मुझे लगा कि उसने दबाव में काम किया है। उन्होंने कहा कि जब भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा की बीजू जनता दल-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन सरकार में मंत्री थीं तब एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के साथ क्योंझर आई थीं। ओडिशा के मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा गांव की आदिवासी नेता मुर्मू 2000 से 2004 तक नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद-भाजपा सरकार में मंत्री रही थीं। उन्होंने सबसे पहले 6 मार्च 2000 से 6 अगस्त 2002 तक वाणिज्य और परिवहन के लिए स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया और 6 अगस्त 2002 से 16 मई 2004 तक मत्स्य पालन और पशु संसाधन विकास मंत्री रहीं। माझी ने कहा, जब तत्कालीन जिला कलेक्टर वहां पहुंचे तो उन्होंने केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल का अभिवादन किया।

## मंदिरों के लिए कानून लाएंगे चंद्रबाबू नायडू; जगन मोहन रेड्डी के धर्म पर उठाए सवाल

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने तिरुमाला की उनकी यात्रा में बाधा नहीं डाली। नायडू ने कहा, वे झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जगन को मंदिर की यात्रा रोकने के लिए कोई नोटिस नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, क्या किसी ने आपको जाने से रोका? अगर आपके पास कोई नोटिस है तो उसे मीडिया को दिखाएं। आप झूठ क्यों फैला रहे हैं। इसके अलावा, नायडू ने जगन से उनके धर्म को लेकर भी सवाल पूछा। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह से मस्जिदों के प्रमुख उसी धर्म के होते हैं वैसे ही हिंदू मंदिरों के प्रमुख भी हिंदू धर्म से होंगे और इसको लेकर कानून लाने की तैयारी है।

दरअसल आंध्र प्रदेश के विपक्षी दल युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति भगवान वेंकेटेश्वर मंदिर का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है। चर्चा का विषय बन चुके उनके इस दौरे की घोषणा उनकी पार्टी द्वारा आहूत राज्यव्यापी मंदिर प्रार्थना अनुष्ठान के तहत की गयी थी ताकि तिरुपति लड्डुओं के संबंध में आरोप लगाकर मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू



नायडू ने कथित रूप से जो ''पाप'' किया, उसका प्रायश्चित किया जा सके।

इस विवाद की जड़ में वह आरोप है जिसमें कहा गया है कि प्रसादम के तौर पर दिए जाने वाले लड्डुओं की तैयारी में कथित रूप से पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, रेड्डी ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर आरोप लगाया कि वह और उनकी तेलुगू देशम पार्टी हिंदू धर्म का राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा नायडू का समर्थन कर रही है, बजाय इसके कि उसे गंदी राजनीति करने से रोके।

दूसरी ओर, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने जगन मोहन रेड्डी पर हमला बोलते हुए उन पर अपने धर्म का खुलासा न करने का आरोप लगाया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि जो भी व्यक्ति मंदिर जाना चाहता है, उसे वहां की परंपराओं और रीति-रिवाजों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी तिरुमला जाने से क्यों बच रहे हैं, मैं इसकी वजह नहीं जानता।

अमरावती में नायडू ने कहा, वह (जगन मोहन रेड्डी) तिरुमला जाकर भगवान बालाजी की पूजा करने से बचते हैं क्योंकि वह अपने धर्म-संबंधी घोषणा पत्र देने में रुचि नहीं रखते। मैंने कहा है कि हम एक ऐसा कानून लाएंगे जिसमें मंदिरों के प्रमुख उसी धर्म के होने चाहिए, जैसे चर्च और मस्जिदों के होते हैं। हमने कभी किसी दलित को मंदिरों में प्रवेश करने से नहीं रोका और न ही ऐसे बयान दिए। मुझे बहुत दुख है कि प्रसादम की तैयारी में 4 टैंकर मिलावटी घी का इस्तेमाल हुआ। टीटीडी में पहले कभी मिलावट परीक्षण नहीं हुए थे, लेकिन हमने विश्वस्तरीय परीक्षण उपकरण प्रयोगशालाओं की शुरुआत की है और देशभर के विशेषज्ञों से सलाह करेंगे। टीटीडी की पवित्रता हमारी प्राथमिकता है। मैं किसी को भी बख्शूंगा नहीं जो मंदिरों की परंपराओं और भावनाओं को ठेस पहुंचाएगा।

जगन मोहन रेड्डी का यह दौरा आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों की इस मांग के बीच रद्द किया गया है।

## एल्विश यादव पर कसेगा चौतरफा शिकंजा, ईडी के एक्शन के बाद मोबाइल डेटा जुटाने की तैयारी तेज

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा पुलिस ने यूट्यूबर एल्विश यादव और उसके साथियों के मोबाइल फोन से डिलीट किए गए डेटा को जुटाने की तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए गाजियाबाद स्थित फॉरेंसिक लैब को रिमाइंडर भेजा गया है। माना जा रहा है कि डिलीट किए गए डेटा में केस से संबंधित अहम साक्ष्य हैं।

नोएडा पुलिस ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एल्विश के खिलाफ, जो साक्ष्य और दस्तावेज उपलब्ध कराए, वहीं अब कार्रवाई का आधार बन रहे हैं। नोएडा पुलिस ने ईडी को एल्विश की चल और अचल संपत्ति की जानकारी भी दी थी। पुलिस ने हरियाणवी गायक और रैपर राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया को भले ही आरोपी नहीं बनाया था, लेकिन नोएडा पुलिस ने उसके ऊपर पूरा होमवर्क कर लिया था। पुलिस के पास दोनों की कमाई के हर स्रोत की जानकारी थी। जल्द ही फाजिलपुरिया और एल्विश की अन्य संपत्तियां भी जब्त हो सकती हैं।

प्रवर्तन निदेशालय में पांच साल तक अपनी सेवाएं दे चुके नोएडा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस की तरफ से, जो जानकारी मुहैया कराई गई, ईडी ने उस पर दो तरीके से जांच की। काले धन की जांच हो रही है, उसमें यह जानकारी जुटाई जा रही है कि दोनों की कमाई का कितना हिस्सा ऐसा है जिस पर उनके द्वारा आयकर समेत अन्य प्रकार का कर नहीं दिया गया। दोनों द्वारा अर्जित किए गए अवैध धन की भी जांच जारी है। इसमें उन संपत्तियों की जांच शामिल है, जो आपराधिक तरीके से कमाई गई। एल्विश और उसके साथियों की मुश्किलें डेटा रिकवरी के बाद और बढ़ेंगी। गाजियाबाद स्थित फॉरेंसिक लैब में एल्विश और उसके साथियों के, जो तीन मोबाइल भेजे गए हैं, उसके लिए नोएडा पुलिस ने रिमाइंडर भेजा है। अक्टूबर मध्य तक डेटा रिकवरी की रिपोर्ट नोएडा पुलिस को मिल जाएगी। मोबाइल से, जो भी डेटा रिकवर होगा, नोएडा पुलिस उसे प्रवर्तन निदेशालय के साथ साझा करेगी। आशंका जताई जा रही है कि रेव पार्टी और संपत्ति के बारे में एल्विश और उसके साथियों के मोबाइल में अहम जानकारी हैं, जिसे सुनियोजित तरीके से डिलीट किया गया है। जांच में कई अहम चीजें तीनों के मोबाइल फोन से डिलीट मिली थीं। एल्विश के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद सपेरे राहुल को लेकर नोएडा पुलिस जब फरीदाबाद और फाजिलपुर गांव गई, तो वहां एक अहम रजिस्टर मिला। रजिस्टर में 60 पार्टियों का ब्योरा था। रजिस्टर में नाम की जगह पुलिस को नंबर मिले थे। एल्विश यादव पर ईडी की कार्रवाई के पीछे सांपों के साथ एनसीआर में 60 से अधिक पार्टी के पुख्ता सबूत बताए जा रहे हैं। ये सबूत नोएडा पुलिस ने उस समय एकत्र किए थे, जब फरीदाबाद और फाजिलपुर गांव में एल्विश के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। बाद में इन्हीं सबूतों और जानकारी के साथ ईडी ने जांच की और अब एल्विश यादव और फाजिलपुरिया की संपत्ति को अटैच कर दिया। नोएडा पुलिस ने सपेरे राहुल की निशानदेही पर फरीदाबाद से दो सांपों को भी बरामद किया था। इन सांपों की भी विष ग्रंथि नहीं थी। जब ईडी ने इस जांच को आगे बढ़ाया तब पता चला कि कई पार्टियों



में सांपों के जहर का इस्तेमाल हुआ। यहां सांपों के साथ वीडियो बनाए गए। इनसे एल्विश यादव की अवैध कमाई हुई थी। इसके बाद ईडी ने अब एल्विश यादव की अवैध संपत्ति को अटैच कर लिया। सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज होने के 135 दिन बाद एल्विश यादव को 17 मार्च को एल्विश यादव को गिरफ्तार किया गया था। एल्विश के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के अलावा एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में बढ़ोत्तरी की गई थी। सांपों के खेल में नोएडा पुलिस फाजिलपुरिया से जब पूछताछ की तैयारी कर रही थी, उसी दौरान एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया था। नोएडा पुलिस के लिए एल्विश नामजद था, ऐसे में उसकी गिरफ्तारी होते ही पुलिस ने जांच की रफ्तार धीमी कर दी और फाजिलपुरिया को नोटिस देकर नहीं बुलाया। चर्चित नाम होने के कारण ईडी ने एल्विश, फाजिलपुरिया पर लखनऊ में केस दर्ज कराया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## सार समाचार

### भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट

# बारिश की भेंट चढ़ा दूसरे दिन का खेल



**कानपुर, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट में वर्षा का कहर जारी है और शनिवार को दूसरे दिन का खेल पूरी तरह बारिश की भेंट चढ़ गया। बांग्लादेश ने पहले दिन 3 विकेट खोकर 107 रन बनाये थे लेकिन वह उसके बाद अपनी पारी आगे शुरू नहीं कर पाया है।

तीनों अंपायर क्यूरेटर से बात करने आए थे और फिर दिन के खेल को रद्द घोषित कर दिया गया। तीसरे दिन भी बारिश का पूर्वानुमान है, हालांकि दिन के दूसरे हिस्से में मौसम के साफ़ रहने की उम्मीद है।

लगातार बारिश और नमी वाले आउटफील्ड के कारण कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन कोई भी क्रिकेट गतिविधि संभव नहीं थी। खराब मौसम और आउटफील्ड की स्थिति इतनी खराब थी कि स्थानीय समयानुसार दोपहर 14ः00 बजे ही खेल को रद्द कर दिया गया। 2015 में बेंगलुरु में हुए टेस्ट के बाद से भारत में एक दिन का खेल पहली बार बारिश की भेंट चढ़ गया। पहले तीन दिनों के लिए खेल से पहले के पूर्वानुमान को देखते हुए कानपुर में आज की घटनाएं आश्चर्यजनक नहीं थीं। मौसम ने पहले दिन केवल 35 ओवर की अनुमति दी, जिसमें बांग्लादेश ने अप्रत्याशित पिच पर मुश्किल परिस्थितियों में संघर्ष किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बादल छाए रहने और सतह में संभावित नमी के कारण गेंदबाजी करने का विकल्प चुना था, जो शुरुआती मूवमेंट से सही साबित हुआ। हालांकि, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे, और मेजबान टीम को राहत देने के लिए आकाश दीप के दोहरे स्ट्राइक की जरूरत पड़ी। बांग्लादेश के लिए मोमिनुल हक और नजमुल शांतो ने मजबूत पारी खेली, लेकिन शांतो को रविचंद्रन अश्विन ने आउट कर दिया।

अगर पहले दिन खेले गए 35 ओवरों को कोई संकेत माना जाए, तो दूसरे दिन एक रोमांचक मुकाबला होने की संभावना थी। दुर्भाग्य से, खराब मौसम ने पहले दिन ओवरों को लूटना शुरू कर दिया, और दूसरे दिन का पूरा खेल ही बरबाद कर दिया। शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए। बारिश के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब मोमिनुल हक 81 गेंदों में 7 चौके के सहारे 40 रन और मुशफिकुर रहीम 13 गेंदों में 6 रन बनाकर क्रीज पर थे।

# अंडर-20 एएफसी क्वालिफायर में हारा, ईरान ने 1-0 से दी मात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत एक मैच जीत चुका है और 4-2 के गोल अंतर के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। उसे अब मेजबान लाओस से खेलना है, जिसे ईरान के हाथों 0-8 से हार मिल चुकी है। भारत को अंडर-20 एएफसी क्वालिफायर फुटबाल टूर्नामेंट में चार बार के विजेता ईरान से कड़े संघर्ष में 1-0 से हार मिली। ग्रुप सी में भारत ने खेल के 88वें मिनट तक ईरान को बराबरी पर रोके रखा, लेकिन युसुफ माजरेह ने गोलकीपर प्रियांश दुबे को छकाते हुए गोल कर ईरान को जीत दिला दी।

भारत एक मैच जीत चुका है और 4-2 के गोल अंतर के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर है।

### बबीता फोगाट का दो टूक जवाब...

# विनेश, बजरंग, साक्षी को कब जंतर-मंतर पर खत्म कर देनी चाहिए थी प्रोटेस्ट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं और वो कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वहीं दूसरी तरफ उनकी बहन बबीता फोगाट बीजेपी के साथ जुड़ी हुई हैं, लेकिन इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला और वो चुनाव नहीं लड़ रही हैं।

बबीता फोगाट ने साल 2019 में चुनाव लड़ा था, लेकिन वो जीत हासिल नहीं कर पाई थीं। शुक्रवार को एक टीवी कार्यक्रम के दौरान बबीता फोगाट ने बताया कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया जब रेसलर्स के खिलाफ हुए यौन-शोषण को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे, तब उन्हें इसे कब खत्म कर देना चाहिए था ना कि इसे लंबा खिंचना चाहिए था।

**एफआईआर होते ही खत्म कर देना चाहिए था प्रोटेस्ट:** बबीता फोगाट से पूछा गया कि जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों के साथ जिस तरह का बर्ताव किया गया क्या वो ठीक रवैया था। इसका जवाब देते हुए बबीता फोगाट ने कहा कि मेरा ये मानना है कि जिस दिन स्नढ्ढक्र हो गई थी उसी दिन जंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट कर पहलवानों (विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया,साक्षी मलिक) को अपना प्रोटेस्ट खत्म कर देना चाहिए था। सभी को इसके बाद घर चले जाना चाहिए था क्योंकि उसके बाद जो इतनी सारी चीजें हुईं वो सारी चीजें अपने-आप में भी बयां करती है कि बात क्या हो रही थी और वो कहां तक जा पहुंची।

**अपने खेल को ध्यान में रखते हुए लेना चाहिए था फैसला:** बबीता ने आगे कहा कि आपकी लड़ाई उस वक्त के मौजूदा भारतीय कुश्ती संघ के अक्ष्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ थी और आप उसे प्रधानमंत्री तक लेकर उसे चले गए तो मतलब आपका रास्ता क्या है। आप क्या चाहते हैं वो साफ दिख रहा था।

एफआईआर होते ही आप उसी दिन अपने घर आ जाते क्योंकि ये लड़ाई कोर्ट में चली गई थी। जब एफआईआर हो गई थी तो फिर आगे कोर्ट में लड़ाई चलनी चाहिए। मेरा ऐसा मानना है कि अन्य खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, अपने खेल को ध्यान में रखते हुए कि जिस खेल ने हमें इतनी पहचान दी है उसको ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिए था।

**अपने बारे में फैसला करने के लिए हर कोई स्वतंत्र:** बबीता से पूछा गया कि क्या विनेश ने राजनीति में आने से पहले आपसे कोई सलाह नहीं ली क्योंकि आप उनकी बहन हैं साथ ही आपके पिता उनके कोच भी हैं। इसका जवाब देते हुए बबीता फोगाट ने कहा कि देखिए मैं एक बात कहना चाहूंगी कि उनके राजनीति में आने से, देखिए हर कोई अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है। कोई भी किसी भी पार्टी को ज्वाइन कर सकता है।

ये उनके खुद को विचार हैं और खुद की अपनी सोच है। हो सकता है कि विनेश का कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने का निर्णय पहले से हो। उनका एक और परिवार है और हमारे यहां कहते हैं कि शादी के बाद माता-पिता की ज्यादा दखलअंदाजी किसी के परिवार में नहीं होता है। आपको अपने ससुराल वालों के हिसाब से ही चलना पड़ता है उसमें माता-पिता का कुछ नहीं होता।

### साऊथ अफ्रिका वर्सेस ऑयरलेंड टी-20:

# रयान रिकेल्टन की ताबड़तोड़ पारी, 18वें ओवर में जीती दक्षिण अफ्रीका



**अबुधाबी, एजेंसी।** अबुधाबी के शेख जायद स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी20 में आयरलैंड को 8 विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका की जीत में सबसे बड़ा योगदान रयान रिकेल्टन का रहा जिन्होंने 48 गेंदों पर ताबड़तोड़ 76 रन बनाए। इससे पहले आयरलैंड की टीम ने कर्टिस कैम्फर के 49 रनों की बदौलत 171 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी अफ्रीकी टीम की ओर से पहले विकेट के लिए रिकेल्टन और रीजा ने 13 ओवर में 136 रन बनाए। इसके बाद रीजा ने 51, ब्रीट्जके ने 19 तो मार्कराम ने 17 रन बनाए और 18वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी।

#### आयरलैंड: 171-8 (20 ओवर)

आयरलैंड की शुरूआत खराब रही। कप्तान पॉल स्टर्लिंग 2 ही रन बनाकर आऊट हो गए। रोस एडेयर 18 और हैरी टेक्टर 16 रन बनाकर आऊट हो गए। मध्यक्रम में कर्टिस कैम्फर और नील रॉक ने पारी को संभाला। कैम्फर ने 36 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 49 रन बनाए जबकि नील ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 37 रन बनाए। इसके अलावा डाकरेल ने 16 गेंदों पर 21 रन बनाए। आयरलैंड के पुछल्ले बल्लेबाज स्कोर नहीं बना पाए जिससे टीम 8 विकेट पर 171 रन बना पाए। अफ्रीका के पैट्रिक ने 27 रन देकर 4 विकेट लिए।

#### दक्षिण अफ्रीका: 174-2 (17.4 ओवर)

अफ्रीका की शुरूआत शानदार रही। रयान ने शुरूआत से ही आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उनका रीजा ने बाखूबी साथ भी दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 136 रन जोड़े। रीजा के रूप में अफ्रीका ने पहला विकेट गंवाया। उन्होंने 33 गेंदों पर 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। वहीं, रयान ने 48 गेंदों पर 3 चौके और 6 छक्कों की मदद से 76 रन बनाए। मैथ्यूज ने 19 तो कप्तान ऐडन मार्कराम ने 17 रन बनाकर अपनी टीम को 18वें ओवर में जीत दिला दी।

# चाइना ओपन: अल्काराज़ दूसरे दौर में

**बीजिंग, एजेंसी।** चार बार के प्रमुख चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने साथी 21 वर्षीय जियोवानी एमपेटशी पेरीकार्ड को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को यहां चाइना ओपन के पुरुष वर्ग के पहले दौर में अनुभवी गाएल मोंफिल्स को 6-3, 6-4 से हराया। इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीतने वाले अल्काराज़ के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण मैच था, क्योंकि उन्हें एटीपी टूर पर सबसे बड़ी सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक एमपेटशी पेरीकार्ड का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके पास अपने नवीनतम अभियान से अभ्यस्त होने के लिए बहुत कम समय था।

हालांकि, शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने एमपेटशी पेरीकार्ड की मारक क्षमता के साथ जल्दी से तालमेल बिठाया और पहले दौर की जीत में शानदार प्रदर्शन किया। अल्काराज़ ने प्रत्येक सेट के शुरुआती गेम में फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस को तोड़कर 81 मिनट में अपने 21 वर्षीय साथी खिलाड़ी को हराया।

अल्काराज़ को शिन्हुआ ने यह कहते हुए उद्धृत किया, ईमानदारी से कहूं तो यह आसान



नहीं था। वह वास्तव में एक शक्तिशाली खिलाड़ी है। बड़ी सर्विस, बेसलाइन से बड़े शॉट। इसलिए मुझे वास्तव में ध्यान केंद्रित करना था। यही योजना थी। बहुत अधिक गलतियाँ न करने और बेसलाइन से आक्रामक तरीके से खेलने की कोशिश करें।

अल्काराज़ ने ल्योन चैंपियन एमपेटशी पेरीकार्ड के साथ अपने पहले लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबले में अर्जित दोनों ब्रेक पॉइंट को भुनाया। हालांकि , इन्फोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने अपनी पहली डिलीवरी के पीछे 83 प्रतिशत (20/24) अंक जीतकर मैच समाप्त किया, लेकिन प्रत्येक सेट की शुरुआत में चूक के कारण उनकी जीत की उम्मीद कमज़ोर पड़ गई। एक युवा प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ़ अपने तीसरे टूर-लेवल मैच में जीत हासिल करने के बाद, अल्काराज़ ने इस सीज़न में अपना रिकॉर्ड 44-9 पहुंचा दिया । इस सप्ताह की शुरुआत में निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले स्पेन के इस खिलाड़ी का दूसरे दौर में टैलोन ग्रीक्सपूर से मुकाबला होगा।

# यूपी भारोत्तोलन चैंपियनशिप में घटी अनोखी घटना, डोप टेस्ट के डर से आधे लिफ्टर टूर्नामेंट छोड़कर भागे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** डोप टेस्ट के डर से टूर्नामेंट छोड़कर भागने की घटनाएं पहले भी हुई हैं, लेकिन यूपी वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जैसा हुआ वैसा उदाहरण अब तक सामने नहीं आया है। चैंपियनशिप में नाडा की टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही आधे से भी ज्यादा वेटलिफ्टर टूर्नामेंट छोड़कर भाग गए।

नतीजा यह निकला कि चैंपियनशिप में कई भार वर्गों में कोई लिफ्टर नहीं होने के चलते मुकाबला ही नहीं हुआ, कई भार वर्गों में सिर्फ एक या दो लिफ्टर ही उतरे। कुछ दिन पूर्व मोदीनगर में अशिमता खेलो इंडिया जोनल लीग और यूपी वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इन खेलों के लिए 519 वेटलिफ्टरों की एंट्री आई। खेलो इंडिया जोनल लीग में भारतीय भारोत्तोलन संघ की ओर से डोप टेस्ट के लिए नाडा को बुलाया गया। इस दौरान लीग से भी कुछ लड़कियां भागीं।

भारोत्तोलन संघ ने जब यह देखा कि लिफ्टर प्रतियोगिता छोड़कर भाग रहे हैं तो उन्होंने नाडा से गुजारिश की कि लीग के खत्म होते ही यूपी वेटलिफ्टिंग होनी है। उन्हें इस चैंपियनशिप में भी टेस्ट करने चाहिए। अमूमन राज्य चैंपियनशिप में टेस्ट नहीं किए जाते हैं। नाडा टेस्ट के लिए तैयार हो गया, लेकिन इसकी सूचना तत्काल वेटलिफ्टर को नहीं दी गई। चैंपियनशिप शुरू होने से पहले लिफ्टरों के वजन के दौरान उन्हें पता लगा कि नाडा डोप सैंपल भी लेगी। यहीं से भगदड़ मच गई। चैंपियनशिप के लिए 252 पुरुष लिफ्टरों की एंट्री आई थी, जिसमें 126 लिफ्टर प्रतियोगिता छोड़कर भाग गए।

# हैरी ब्रुक ने उतारा ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का भूत

**लॉर्ड्स, एजेंसी।** हैरी ब्रूक, बेन डकेट और लियाम लिविंगस्टोन की तूफानी फिफ्टी के बाद गेंदबाजों के कमाल से इंग्लैंड ने चौथे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह से रौंद दिया।

बारिश के कारण 39 ओवर के हुए खेल में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 312 रन का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 24.4 ओवर में ही 126 रन बनाकर सिमट गई, जिससे मेजबान इंग्लैंड ने मैच को 186 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। इस तरह सीरीज अब 2-2 से बराबर हो गया है। लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में




ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलिया का यह फैसला उनके गेंदबाजों के लिए काल बन गया। इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज कंगारू गेंदबाजों पर ऐसी तबाही मचाई कि उनकी हालत खराब हो गई। खास तौर से मिचेल स्टार्क, सीन एबट और एडम जम्पा की जमकर पिटाई।

इंग्लैंड की तरफ से बल्लेबाजी में कप्तान हैरी ब्रूक ने तबाही मचा कर रख दी। ब्रूक ने अपनी टीम के लिए 58 गेंद में 87 रनों की पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। हैरी ब्रूक के साथ-साथ बेन डकेट और लिविंगस्टोन भी खूब बरसे। डकेट ने 62 गेंद में 62 रन बनाकर आउट हुए। वहीं लिविंगस्टोन ने सिर्फ 27 गेंद में 7 सिक्स और 2 फोर के साथ नाबाद 63 रन कूट दिए। गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे ज्यादा पिटाई मिचेल स्टार्क को पड़ी। स्टार्क ने 8 ओवर में 70 लुटाए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। इसके अलावा सीन एबट ने भी 7 ओवर में 62 रन खर्च किए और उन्हें भी खाली हाथ रहना पड़ा। वहीं एडम जम्पा ने 8 ओवर में 66 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा मिचेल मार्श और जोश हेजलवुड ने भी एक-एक विकेट हासिल किए।

### ताश के पत्तों की ढेर हो गई ऑस्ट्रेलियाई बैटिंग

इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया की बैटिंग ताश के पत्तों की ढेर हो गई। ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने जरूर एक तेज तर्रार शुरुआत की थी, लेकिन इन दोनों के आउट होते ही पूरी टीम बिखर गई। वहीं बॉलिंग में इंग्लैंड की तरफ से मैथ्यू पॉट ने अपना कहर बरपाया। मैथ्यू पॉट ने 8 ओवर में 38 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा ब्रायडन कारसे ने भी 6 ओवर में 36 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। वहीं तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दो और आदिल राशिद के खाते में एक-एक विकेट आया। इस तरह अब सीरीज का निर्णायक और अंतिम मुकाबला रविवार, 29 सितंबर को खेला जाएगा।



# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 88 पर ही समेटा

**गाले, एजेंसी।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गाले में खेला जा रहा है। मैच की पहली पारी में श्रीलंका ने कमाल की बैटिंग की। उनके तीन बल्लेबाज दिनेश चांडीमल, कमिंदु मेंडिस और कुसल मेंडिस ने शतक लगाया। इसकी मदद की टीम ने अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 602 रन बनाकर घोषित की। श्रीलंका की बैटिंग के समय पिच पूरी तरह पाटा नजर आ रही थी लेकिन जैसे ही न्यूजीलैंड की बारी आई, पिच मुश्किल दिखने लगी।

**88 रनों पर सिमटी न्यूजीलैंड:** गाले टेस्ट में न्यूजीलैंड की पहली पारी सिर्फ 88 रनों पर सिमट गई है। 10 में से 9 विकेट श्रीलंका के स्पिन गेंदबाजों ने लिया। 9वें नंबर पर उतरे मिचेल सेंटनर ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी 29 रनों की पारी खेली। टीम के लिए सबसे बड़ी 20 रनों की पार्टनरशिप आखिरी विकेट के लिए हुई। श्रीलंका के लिए प्रभात जससूर्या ने 18 ओवर में 42 रन देकर 6 विकेट लिए। वहीं ऑफ स्पिनर निशान पेरिस ने 17.5 ओवर में 33 रन देकर 3 शिकार किए।

**श्रीलंका के पास 514 रन की लीड:** श्रीलंका को पहली पारी में 514 रनों को लीड मिली है। यह टेस्ट इतिहास की पहली पारी में मिली 5वीं सबसे बड़ी लीड है। इंग्लैंड को 1938 में ऑस्ट्रेलिया पर 702 रनों की लीड मिली थी। हालांकि वह टाइमलेस टेस्ट था, यानी जब तक चाहो खेल सकते थे। श्रीलंका ने 2006 में साउथ अफ्रीका पर ही 587 रनों की लीड हासिल की थी। न्यूजीलैंड की टीम ने 2002 में पाकिस्तान के खिलाफ 570 रनों की लीड दे दी थी।

**न्यूजीलैंड को मिला फॉलोऑन:** 514 रनों की बढ़त लेने के बाद श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को फॉलोऑन देने का फैसला किया। न्यूजीलैंड को पारी से अपनी सबसे बड़ी हार से बचने के लिए कम से कम 190 रन बनाने होंगे। पारी से न्यूजीलैंड को सबसे बड़ी हार पाकिस्तान के खिलाफ मिली थी।

## न्यूज बाइट्स

### युवक ने दुकान में घुसकर की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के अहियापुर पंचायत के परनपुरा गांव में शुक्रवार को अहले सुबह एक युवक ने किराने की दुकान में घुस कर चोरी कर ली। हसपुरा थाना में दिए आवेदन के अनुसार परनपुरा गांव निवासी रामप्रसाद साव अपनी पत्नी के साथ दुकान में हीं सोए थें। सुबह उनकी पत्नी नित्यक्रिया करने के लिए दरवाजा खोल बाहर निकल गई। इसके बाद गांव के हीं सरोज साव के पुत्र मनु दुकान में घुस गल्ले में रखा 50 हजार एवं सोना का जितिया लेकर फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार उन्होंने युवक को भागते देखा व शोर मचाया, जिससे गांव के लोग इकठ्ठा हुए। पीड़ित रामप्रसाद साव ने थाने में नामजद आवेदन देते हुये प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

### हत्या के नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को ले सड़क जाम

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** शनिवार को हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव निवासी लालदेव यादव को पीरु-रघुनाथपुर मुख्य सड़क पर दुर्घटना के बाद उसके साथ मार पीटकर हत्या करने के नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर शनिवार की सुबह 8:00 बजे से हीं सलेमपुर गांव के ग्रामीणों ने मुख्य पथ को जाम कर दिया। लगभग 6 घंटे तक सड़क जाम रहा। यातायात पुरी तरह से बाधित रही। आम जनता एवं छात्र-छात्राएं परेशान दिखें।ग्रामीणों ने कहा कि अब तक घटना में प्राथमिकी के अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है और न हीं पुलिस अभियुक्त के यहां से मृतक की बाइक बरामद कर सकी है। पुलिस मामले में कोई दिलचस्पी नहीं ले रही है।परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस मामला को रफा दफा करने में लगी हुई है। आक्रोशित ग्रामीण मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने व आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थें। कहा कि जबतक मांगे पूरी नहीं होगी, जाम नहीं हटाया जाएगा।

### दाउदनगर में मनी शहीद भगत सिंह की जयंती

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** दाउदनगर के एक निजी विद्यालय में शहीद-ए-आजम भगत सिंह सामाजिक विकास संस्थान के तत्वावधान में शनिवार भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस मौके शहीद भगत सिंह की स्मृतियों को याद करने के लिए 'स्मृति-सभा' का भी आयोजन किया गया। सभा में संस्थान के सचिव सत्येंद्र कुमार ने कहा कि शहीद भगत सिंह 'शहीद-ए-आजम' इसलिए कहे गए क्योंकि उन्होंने सुनियोजित ढंग से अपनी कुर्बानी देकर न सिर्फ ब्रिटिश साम्राज्यवाद के न्याय व्यवस्था के पाखंड को नंगा कर दिया था बल्कि उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद से अपनी शहादत की भारी कीमत वसूल करते हुए वर्ष-1931 में ही यह सुनिश्चित कर दिया था कि अब अंग्रेज लंबे समय तक इस देश को गुलाम बनाकर नहीं रख सकते। संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि आज देश के अंदर सांप्रदायिक, जातीय, भाषाई एवं क्षेत्रवादी अस्मिताओं के खिलाफ संघर्ष करना ही शहीद-ए-आजम भगत सिंह एवं उनके साथियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, क्योंकि इन्हीं अस्मिताओं की लड़ाई में आज हमारा देश बर्बाद हो रहा है। कहा कि इन्हीं अस्मिता-जनित बुराइयों के खिलाफ संघर्ष करते हुए शहीद-ए-आज़म ने अपनी कुर्बानी दी थी।

कैदियों के अधिकारों और सुविधाओं की पड़ताल

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार ने शनिवार को औरंगाबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया, जिसमें जेल की बुनियादी व्यवस्थाओं से लेकर कैदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। यह निरीक्षण कैदियों के जीवन-स्तर, उनके स्वास्थ्य और कानूनी अधिकारों की जांच-पड़ताल करने के उद्देश्य से किया गया था। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने कैदियों से सीधे बातचीत की, ताकि जेल के भीतर उनकी समस्याओं और हालात की सही तस्वीर मिल सके। इस संवाद के जरिए उन्होंने यह समझने का प्रयास किया कि कैदियों को न्यायिक प्रणाली और विधिक सहायता सेवाओं तक सही समय पर पहुंच मिल पा रही है या नहीं। जेल में मौजूद कानूनी सहायता क्लिनिक के कामकाज का निरीक्षण करते हुए जिला जज ने कैदियों के कानूनी प्रतिनिधित्व की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया। जिला जज ने जेल के आहार और स्वच्छता के इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया। कैदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता मानकों की जांच की गई। इसके साथ ही उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि महीने में एक बार जेल परिसर में डीडीटी का छिड़काव अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि बीमारियों से बचाव हो सके। इसके अतिरिक्त, कैदियों के लिए महीने में दो बार विशेष स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाने का निर्देश दिया गया, जिससे उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच हो सके।

निरीक्षण के दौरान जिला जज ने जेल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कैदियों तक विधिक सहायता सेवाओं की समुचित व्यवस्था हो। इसके अलावा, उन्होंने बंदियों के स्वास्थ्य, भोजन और स्वच्छता के मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए। इस निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम भी मौजूद थे। उन्होंने सभी कैदियों से उनकी विधिक प्रतिनिधित्व स्थिति की जानकारी ली और उन्हें बताया कि किस प्रकार से वे अपनी कानूनी मदद प्राप्त कर सकते हैं। सचिव ने कैदियों के मामलों की समीक्षा करते हुए उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में जेलों में प्रदान की जा रही आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार का औचक निरीक्षण इस प्रक्रिया का हिस्सा था, जो आगे भी जारी रहेगा। इस प्रकार के निरीक्षण से जेलों में कैदियों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने के प्रयासों को बल मिलेगा और उनके कानूनी अधिकारों की भी रक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। जिला प्रशासन द्वारा जेलों में सुधार के प्रयासों को लेकर यह कदम सराहनीय है, और यह सुनिश्चित करता है कि कैदियों के मौलिक अधिकारों की अनदेखी न हो। भविष्य में ऐसे औचक निरीक्षणों से जेल की व्यवस्थाओं में और सुधार होने की उम्मीद की जा रही है।

# अवैध बालू खनन पर पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर किए जब्त

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




औरंगाबाद पुलिस अवैध बालू खनन और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए सख्त रुख अपनाए हुए है। पुलिस प्रशासन की सख्ती के बीच हाल ही में एक बड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें उपहारा थाना क्षेत्र के ग्राम महेश पराशी से अवैध बालू से लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाई को पुलिस ने स्थानीय सूचना के आधार पर अंजाम दिया, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि प्रशासन अवैध खनन गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। औरंगाबाद जिले में अवैध बालू खनन एक बड़ी समस्या बनता जा रहा था, लेकिन अब प्रशासन इस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। जिले के विभिन्न थानों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां भी अवैध खनन या परिवहन की सूचना मिले, त्वरित कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में उपहारा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की, जिसमें अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अवैध बालू खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में चल रहे अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान तेज किया जा चुका है। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिससे इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह से रोक लग सके। अवैध बालू खनन न केवल प्राकृतिक संसाधनों का ह्रास करता है, बल्कि स्थानीय पर्यावरण और किसानों को भी नुकसान पहुंचाता है। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि इस अवैध कारोबार पर पूर्णतः

# अवैध क्लिनिक पर छापा : बच्चेदानी ऑपरेशन के बाद भर्ती महिला मिली, डॉक्टर फरार

**निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)**



दाउदनगर में चल रहे एक अवैध क्लीनिक पर प्रशासन ने छापा मारते हुए उसे सील कर दिया। यह कार्रवाई दाउदनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. जफर इमाम और चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनमोल कुमार की टीम ने पुलिस की सहायता से की। अवैध क्लीनिक पुरानी शहर रोड पर चर्च के सामने एक मकान में चलाया जा रहा था, जहां डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी फरार मिले। छापेमारी के दौरान एक महिला मरीज भी वहां भर्ती मिली। महिला, जो तरार की निवासी है, ने अधिकारियों को बताया कि उसकी बच्चेदानी का ऑपरेशन यहां किया गया था। लेकिन अस्पताल में न तो कोई डॉक्टर था और न ही कोई नर्सिंग स्टाफ उसकी देखभाल के लिए मौजूद था। डॉ. अनमोल कुमार ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मरीज को बिना उचित देखभाल के छोड़ दिया गया था, जो बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। बीडीओ मो. जफर इमाम ने कहा कि ऐसे अवैध क्लिनिकों के खिलाफ प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है। दाउदनगर के इस अवैध क्लीनिक को सील करने के साथ-साथ इसके ऑपरेशन थिएटर, दवाखाना और अन्य सभी सुविधाओं को बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे लोगों की जान से खिलवाड़ न हो सके। इस घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और अवैध रूप से चल रहे क्लिनिकों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की आवश्यकता को एक बार फिर से उजागर किया है।

### अवैध तरीके से चल रहा था ऑपरेशन और दवाखाना

अवैध क्लीनिक में ऑपरेशन थिएटर और दवाखाना भी चलाया जा रहा था। मरीज ने बताया कि ऑपरेशन के लिए उससे 20,000 रुपये मांगे गए थे, जिसमें उसने 8,000 रुपये पहले ही दे दिए थे और बाकी 12,000 रुपये बकाया थे। इस अवैध क्लीनिक में न तो कोई उचित सुविधा थी और न ही चिकित्सा मानकों का पालन किया जा रहा था। मरीज को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे अनुमंडल अस्पताल में रेफर कर इलाज किया जाएगा।

# भाजपा रहेगी तभी बचेगा सनातन धर्म : सतीश चंद्र दुबे

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



शहर के क्लब रोड स्थित एक निजी सभागार में शनिवार को भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे के स्वागत में अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चाणक्य परिषद के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे समेत, एमएलसी दिलीप कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह, जयशंकर दुबे, दुर्गा चरण मिश्र, बलराम मिश्रा, शैलु दुबे, सीएस पांडेय, सुनील चौबे, नारायण ओझा आदि को अंगवस्त्र और मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने कहा कि भगवान परशुराम, राम और विष्णु के अनुयायी हैं। ब्राह्मण हमेशा दिशा देने और मुख्य धारा में लोगों को जोड़ने का काम किया है। अक्षय तृतीया के दिन हमें भगवान परशुराम की पूजा करनी चाहिए क्योंकि सभी लोग हर देवी–देवता की पूजा करते हैं। ब्राह्मण कभी धर्म परिवर्तन नहीं करता है या कराता है। आज भाजपा देश को मजबूत करने में लगी हुई है। अगर भाजपा नहीं रहेगी तो कोई भी सनातन धर्म को बचा नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या श्री राम की नगरी, काशी विश्वनाथ और उज्जैन महाकाल की नगरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही बना है। केंद्रीय बजट में प्रधानमंत्री ने जब बिहार को विशेष पैकेज दिया तो विपक्षियों को काफी दिक्कत हुई। बिहार के हिस्सा का पैसा घोटाला करके विपक्षी नेताओं ने ढकार लिया। बिना गांधी परिवार के कांग्रेस और बिना लालू परिवार के राजद और बिना मुलायम परिवार के सपा नहीं चल सकती है। ये लोग केवल परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व का सबसे मजबूत देश बनाने में लगे हैं। चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पांडेय ने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए बिहार से राज्य मंत्री के रुप में सतीश चन्द्र दुबे प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं। ब्राह्मण रावण का पुतला जलाकर अत्याचार का अंत करते हैं और भगवान राम की पूजा कर धर्म की स्थापना करते हैं। भारत के गौरवशाली अतीत को जब–जब याद किया जाएगा तब–तब चाणक्य को याद किया जाएगा। कहा कि मंत्री सतीश चन्द्र दुबे मात्र 30 वर्ष की उम्र से सदन में शामिल होकर बिहार और देश को विकसित करने का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम का संचालन अश्विनी तिवारी ने किया। इस मौके पर विभांशु मिश्रा, गौतम मिश्रा, रणधीर सिंह, ब्रजेश दुबे, दीपक उपाध्याय, सत्येंद्र दुबे, बालमुकुंद पाठक, सौरभ मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी के राज्य मंत्री का भव्य स्वागत

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




औरंगाबाद की धरती पर कोयला एवं खान के राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे का आगमन हुआ। उनके स्वागत में औरंगाबाद के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम के बाद, पंचदेव मंदिर के सभा कक्ष में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर बूथ पर जाकर 200 नए सदस्यों को जोड़ना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार प्रगति कर रहा है, और इसी प्रगति के साथ युवा भी भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। मंत्री जी ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं तक पहुँचें और उन्हें भारतीय जनता पार्टी के विचारों से जोड़ने का कार्य करें। यह संगठन का महापर्व है, जिसमें हर कार्यकर्ता की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन को मजबूत करना आवश्यक है, और यह न केवल पार्टी के लिए, बल्कि व्यक्तिगत विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि बूथ स्तर पर पहले से बनाई गई 10 सदस्यीय टीमों के माध्यम से हर गांव के हर व्यक्ति को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जाना चाहिए। मंत्री जी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने समय का सदुपयोग करें और इस महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, औरंगाबाद मंडल के अध्यक्ष पिंटू सिंह, पंकज वर्मा, छोटू चौधरी, वार्ड पार्षद अमित अखौरी, महामंत्री मुकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। मंच का संचालन जिला समिति सदस्य दीपक कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण सिंह, लालदेव सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मेहता, विकास कुमार, अभिषेक बसु, सतीश कुमार, मोनू समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे यह कार्यक्रम ऐतिहासिक बन गया।

# रफीगंज प्रखंड में अर्धवार्षिक मूल्यांकन कार्य का शुभारंभ



**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**

रफीगंज प्रखंड के संकूल संसाधन केंद्र यशोदा +2 उच्च गाजीकरमा सहित सभी केंद्रों पर अर्धवार्षिक मूल्यांकन कार्य सुचारू ढंग से प्रारंभ हो गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी गाजीकरमा केंद्र पर 16 विद्यालयों के मूल्यांकन का प्रभार प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार और समन्वयक देवकुमार चौधरी ने संभाला है। इस मूल्यांकन का कार्य 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें कक्षा 3 से 8 तक के छात्र-छात्राओं की कापियों का परीक्षण किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार ने बताया कि यह प्रक्रिया विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है और इस दौरान उन्हें उनके सीखने की क्षमता के अनुसार उचित मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में कई शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें अजीत मिश्र, कपिल कुमार, दीपक वशिष्ठ, रविशंकर, संजय कुमार, विनोद चौधरी, सुरेश प्रसाद, अभय सिंह, कल्याण सिंह, धनंजय यादव, विनय वर्मा, प्रतीक नारायण, पवन कुमार, असलम, जावेद अख्तर, नूर आलम, रानी, सुप्रिया, प्रियंका, बेबी कुमारी, सविता नाज, पूजा कुमारी, सोनी, रिया चौबे, मेघा राठौर, तारा कुमारी, सानू प्रिया, किरण भारती, अंकिता रानी, संगीता भारती, वनिता यादव, नितू तिवारी, सुष्मिता कुमारी, प्रांजली सिंह आदि शामिल थे। शिक्षा विभाग के इस प्रयास से बच्चों की शैक्षणिक स्थिति में सुधार की उम्मीद है और सभी शिक्षकों ने इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी मेहनत लगाने का आश्वासन दिया है।

# अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद के मध्य विद्यालय बसडीहा कला में आयोजित प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के घरों में विज्ञान और गणित शिक्षण के लिए अनुकूल माहौल बनाना और अभिभावकों को इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल करना था। संगोष्ठी का आयोजन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को केंद्रित किया गया था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर के नेतृत्व में इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने संगोष्ठी के निहित उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अभिभावकों को इस बात के लिए प्रेरित किया कि वे अपने बच्चों के दैनिक जीवन में विज्ञान और गणित के महत्व को समझें और उन्हें इन विषयों के व्यावहारिक उपयोग के प्रति प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि 'शिक्षा चौपाल का उद्देश्य केवल छात्रों की शैक्षिक प्रगति नहीं, बल्कि उनके परिवारों में भी विज्ञान और गणित के प्रति जागरूकता फैलाना है।' इस संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विज्ञान और गणित प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी रही, जहां बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और अवधारणाओं को मॉडल और प्रयोगों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शनी में प्रधानाध्यापक सहित अन्य गणमान्य शिक्षकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें और अधिक नवीन तरीकों से इन विषयों में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित किया।


बिहार सरकार
कृषि विभाग

## मक्का फसल में फॉल आर्मीवर्म कीट की पहचान एवं प्रबंधन

बिहार राज्य के कुछ जिलों में इस कीट का आक्रमण मक्का फसल पर देखा जा रहा है। फॉल आर्मीवर्म कीट के लिए मक्का सबसे रूचिकर फसल है। मक्का की अनुपलब्धता में यह कीट अन्य फसलों को भी नुकसान पहुँचा सकता है।

फॉल आर्मीवर्म कीट के लार्वा हरे, जैतून, हल्के गुलाबी या भूरे रंगों में दिखाई देते हैं तथा प्रत्येक उदर खंड में चार काले धब्बों और पीठ के नीचे तीन पैटर्न और उदर खंड नौ पर समलम्बाकार (ट्रेपेजाइड) आकार में व्यवस्थित होते हैं। सिर पर आँखों के बीच में अंग्रेजी भाषा के उल्टा Y आकार की एक सफेद रंग की संरचना बनी होती है। फॉल आर्मीवर्म कीट के वयस्क पतंगे एक दिन में लगभग 100 किलोमीटर से भी अधिक उड़ सकते हैं। फॉल आर्मी वर्म कीट नियंत्रण हेतु प्रति हेक्टेयर 10 फेरोमोन फंदा का प्रयोग करें।





फॉल आर्मीवर्म कीट की पहचान एवं लार्वा की तीसरी और चौथी इंस्टार के द्वारा नुकसान होने पर नियंत्रण हेतु निम्नलिखित रासायनिक कीटनाशकों के छिड़काव की आवश्यकता होती है :–

1. स्पिनेटोरम 11.7% एस०सी० @ 0.5 मिली०/लीटर पानी ।
2. क्लोरेंट्रोनिलिप्रोएल 18.5 एस०सी० @ 0.4 मिली०/लीटर पानी ।
3. थियामेथोक्साम 12.6%+लैम्बडा साइहैलोथ्रीन 9.5% जेड सी @ 0.25 मिली०/लीटर पानी ।
4. इमामेक्टिन बेंजोएट 5% एस०जी० @ 0.4 ग्राम/लीटर पानी।

पाँचवें एवं छठे इंस्टार लार्वा बड़े पैमाने पर पत्तियों को खाकर नष्ट करते हैं और बड़ी मात्रा में मल पदार्थ का उत्सर्जन करते हैं। इस स्तर पर केवल विशेष चारा (फँसाने हेतु जहरीला पदार्थ चुग्गा) ही एक प्रभावी उपाय है। इसके लिए 2–3 लीटर पानी में 10 किलोग्राम चावल की भूसी और 2 किलोग्राम गुड़ मिलायें और मिश्रण को 24 घंटे तक (किण्वन) के लिए रखें। खेतों में प्रयोग करने से ठीक आधे घंटे पहले 100 ग्राम थार्योडिकार्ब 75% WP मिलाएँ और 0.5–1 से०मी० व्यास के आकार की गोलियाँ तैयार करें। इस तरह तैयार किए गए विशेष जहरीले पदार्थ चुग्गा को शाम के समय पौधे की गम्भा (Whorl) में डालना चाहिए। यह मिश्रण एक एकड़ क्षेत्र के लिए पर्याप्त होता है।

संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण
बिहार, पटना।

PR No.- 009368 (Agriculture)D. 2024-25